


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों जरूरी हो जाती है इच्छामृत्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -253, पृष्ठ -18+4, मूल्य-6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अयोध्या, रविवार, 21 अप्रैल 2024



सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज...-17

**आज का मौसम**

38.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 39 | सूर्यास्त 18 : 36







## यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का दबदबा, हाईस्कूल के 89.55%, इंटरमीडिएट के 82.60% विद्यार्थी उत्तीर्ण

# 10वीं में प्राची, 12वीं में शुभम टॉपर

- **हाईस्कूल में प्राची को मिले 98.5%, फतेहपुर की दीपिका दूसरे व सीतापुर की नव्या को तीसरा स्थान**
- **इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा को मिले 97.8% बागपत के विशु दूसरे व अमरोहा की काजल को तीसरा स्थान**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए। शनिवार को घोषित परिणामों के अनुसार, दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जहां छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 7.35 ज्यादा रहा वहीं इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 10.64 अधिक रहा। हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी जबकि इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए। 10वीं के परीक्षाफल में जहां टॉप 3 में छात्राओं ने बाजी मारी वहीं 12वीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 अंक के साथ टॉप किया।



यूपी बोर्ड का परिणाम आने के बाद अयोध्या के कनौसा इंटर कॉलेज में छात्राओं का जमावड़ा लग गया। सफलता मिलने के बाद कुछ छात्राओं ने खुशी से छलांग लगाई तो कुछ ने विजयी निशान के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त की। ● अमृत विचार

**हाईस्कूल टॉपर**



प्राची निगम | दीपिका | नव्या

**इंटरमीडिएट टॉपर**



शुभम वर्मा | विशु | काजल

दरअसल, इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के ही परीक्षार्थियों ने उप्र. में टॉप किया है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी (97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं।

हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक और 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। इस परीक्षा में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 जबकि, बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इंटरमीडिएट में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक और 9,82,778 बालिकाएं हैं। इसमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है।

हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 29,36,353 संस्थागत एवं 11,982 व्यक्तिगत समेत कुल 29,47,335 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें 27,38,999 संस्थागत और 10,365 व्यक्तिगत यानी कुल 27,49,384 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में से 14,39,243 बालक जबकि 13,10,121 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें 24,55,041 संस्थागत और 6.985 व्यक्तिगत समेत कुल 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.63 और व्यक्तिगत का उत्तीर्ण प्रतिशत 67.39 है। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 22.24 अधिक है। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 94802 परीक्षकों द्वारा संपन्न किया गया। वर्ष 2023 की तुलना में इस बार बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.59 की कमी जबकि, बालिकाओं के उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.06 की वृद्धि हुई है। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.23 प्रतिशत की कमी आयी है।

### इंटरमीडिएट में फर्स्ट डिवीजन छात्र बढ़े

**लखनऊ।** इंटरमीडिएट में 24,25,426 संस्थागत और 15,25,581 व्यक्तिगत समेत कुल 25,78,007 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। 23,16,910 संस्थागत और 1,35,920 व्यक्तिगत समेत कुल 24,52,830 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में 13,41,356 बालक और 11,11 .474 बालिकाएं रहीं। वहीं 19,08,647 संस्थागत तथा 1,17,420 व्यक्तिगत समेत कुल 20,26,067 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82 .38 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86 .39 रहा। वर्ष 2023 की तुलना में इण्टरमीडिएट के कुल परीक्षार्थियों की संख्या में 1,90,173 की कमी हुई है। ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के प्रतिशत में 2 .54 की वृद्धि तथा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के प्रतिशत में 2 .83 की वृद्धि हुई है।

### 12 कार्य दिवस में जारी किया परिणाम

**प्रयागराज।** शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉ. महेन्द्र देव और माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकान्त शुक्ल ने बताया कि इस साल यूपी बोर्ड ने पहली बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में परीक्षा संपन्न कराई है और साथ ही रिकार्ड 12 कार्य दिवसों में ही परिणाम जारी किया। परीक्षाएं 22 फरवरी से 09 मार्च के मध्य 8,265 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई थीं। मूल्यांकन 16 मार्च, से 30 मार्च के बीच 259 मूल्यांकन केंद्रों पर मात्र 12 कार्य दिवसों में संपन्न हुआ।

## एक नजर

### जोमैटो को 11.82 करोड़ का कर नोटिस

**नई दिल्ली।** जोमैटो को जीएसटी प्राधिकरण से 11.82 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माना देने का आदेश मिला है। कंपनी के जुलाई 2017 से मार्च 2021 के बीच भारत के बाहर स्थित उसकी सहायक कंपनियों को दी गई निर्यात सेवाओं के संबंध में यह नोटिस मिला। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, गुरुग्राम ने जारी किया। इसमें 5,90,94,889 रुपये की जीएसटी मांग के अलावा 5,90,94,889 रुपये का ब्याज और जुर्माना शामिल है। जोमैटो ने शुक्रवार देर शाम शेयर बाजार को बताया कि कंपनी उचित प्राधिकारी के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी।

### भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी को सजा

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी एक व्यवसायी को रिश्वतखोरी और कर चोरी के जुर्म में 18 महीने की परीवीक्षा और 200 घंटे की सामुदायिक सेवा की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अरमान आमिरशाही (46) कई रिश्वतखोरी संबंधी कई योजनाओं में शामिल था। इनको मैरीलैंड स्थित कैपिटल हाइट्स के एंथनी मेरिट और डीसी ऑफिस ऑफ टैक्स एंड रेवेन्यू (ओटीआर) के पूर्व प्रबंधक विंसेंट स्लेटर ने बनाया था।

### नोएडा में स्थित सोसाइटी में पालतू कुत्ते ने एक बच्चे पर हमला किया

**नोएडा :** गौतमबुद्ध नगर जिले के एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में पालतू कुत्ते द्वारा एक बच्चे पर कथित तौर पर हमला कर उसे घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना एक्सप्रेसवे की प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि अन्नपूर्णा सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह सेक्टर 168 स्थित एक सोसाइटी में रहती हैं और शुक्रवार की शाम को उनका बेटा अर्थव सिंह लिफ्ट से जा रहा था कि इसी दौरान सोसाइटी में रहने अनुज वाही का बेटे अपने पालतू कुत्ते के साथ लिफ्ट में आया और तभी कुत्ते ने अर्थव पर हमला कर दिया।

## मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का निधन

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का शनिवार को दिल्ली में निधन हो गया। उनका कैंसर का इलाज चल रहा था।



लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मुरादाबाद सीट से उन्हें चौथी बार प्रत्याशी बनाया था। वह 2009 से लगातार लोकसभा चुनाव में भाजपा से प्रत्याशी रहे। जिसमें 2014 में वह इस सीट से चुनाव जीत कर सांसद बने। जबकि 2019 में वह सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन से हार गए। 2024 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें फिर से प्रत्याशी बनाया। वह 12 अप्रैल को मुरादाबाद में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा में मंच पर आए थे। उनके निधन की सूचना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शोक जताया और कहा कि कुंवर सर्वेश का निधन भारतीय जनता पार्टी और उनके लिए व्यक्तिगत आघात है। वह पार्टी के स्तंभ थे। एक बार सांसद व पांच बार पार्टी के विधायक रहे।

## भाजपा ने अमीरों को पैसा बांटा, हम गरीबों को देंगे




अमरोहा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली और विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार

- **कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मिनी स्टेडियम में जनसभा को किया संबोधित**
- **सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले- युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है भाजपा**

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने जितना पैसा अमीरों को दिया, हम गरीबों को देंगे। केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो उद्योगपतियों को दिया गया पैसा किसानों और गरीबों को दिया जाएगा।

युवाओं के लिए पहली नौकरी पक्की नाम से योजना लागू होगी। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएट युवाओं को अप्रेंटिस का हक दिया जाएगा। अग्निवीर योजना को रद कर दिया जाएगा। युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा ने ठगा है। पहले युवाओं को सेना में रोजगार और पेंशन मिलती थी। शहीद होने का दर्जा मिलता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह सब बंद कर दिया। अग्निवीर को शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। इसके बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है। जितनी भी परीक्षाएं हुईं, सबका पेपर लीक हुआ है। भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है।

## स्वामी प्रसाद को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**लखनऊ।** कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी कराने व मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या को राहत देने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि स्वामी प्रसाद के विरुद्ध प्रथम दृष्टया आरोप हैं, जिन पर ट्रायल कोर्ट में ही विचार हो सकता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने परिवाद की कार्यवाही व गैर जमानती वारंट को निरस्त किए जाने की मांग वाली स्वामी की याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया कि संघमित्रा का तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से शादी कर ली, हालांकि बाद में जब उसे पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

## केजरीवाल ने गिरफ्तारी से महीनों पहले इंसुलिन लेना बंद कर दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी

**तिहाड़ प्रशासन की रिपोर्ट**



**अमृत विचार:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी से महीनों पहले इंसुलिन का इंजेक्शन लगवाना बंद कर दिया था। वह साधारण मधुमेह रोधी दवा ले रहे थे। अधिकारियों ने तिहाड़ जेल प्रशासन की ओर से उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेजी गई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने इसके जवाब में कहा कि रिपोर्ट ने भाजपा की 'साजिश' का 'पर्दाफाश' कर दिया है। उन्होंने पूछा, "भाजपा के इशारे पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है। मुख्यमंत्री 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं, तिहाड़ प्रशासन को उन्हें इंसुलिन देने में क्या दिक्कत है?" दिल्ली की मंत्री ने यह भी दावा किया कि जेल जाने से पहले केजरीवाल रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन लेते थे। अधिकारियों ने तिहाड़ प्रशासन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केजरीवाल ने कुछ महीने पहले इंसुलिन का इंजेक्शन लगवाना बंद कर दिया था और अपनी गिरफ्तारी के समय, वह 'मेटफॉर्मिन' नामक एक साधारण मधुमेह रोधी गोली का सेवन कर रहे थे। केजरीवाल तेलंगाना के एक निजी चिकित्सक से मधुमेह का उपचार करा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तिहाड़ जेल में अपनी स्वास्थ्य जांच के दौरान केजरीवाल ने चिकित्सकों को बताया कि वह "पिछले कुछ वर्षों से इंसुलिन ले रहे थे और कुछ महीने पहले इसे लेना बंद कर दिया था।" केजरीवाल को दिल्ली सरकार की रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड के अनुसार, केजरीवाल को "न तो किसी इंसुलिन की सलाह दी गई थी और न ही इंसुलिन की कोई आवश्यकता बताई गई थी।"

## माध्यमिक संस्कृत शिक्षा बोर्ड का परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊः** माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया। राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय परिषद के सचिव शिवलाल ने परिणाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल(पूर्व मध्यमा) में इस बार 87.42 फ़ीसदी छात्र पास हुए है। जबकि उत्तर मध्यमा 11वीं और 12वीं को जोड़कर कुल 86.83 परीक्षार्थी पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व मध्यमा परीक्षा में कुल 19232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें 16816 छात्रों ने परीक्षा दिया।

14701 छात्र इस परीक्षा में पास हुए है। पास होने वालों में बालकों की संख्या 10703 और बालिकाओं की संख्या 3998 है। उत्तर मध्यमा में कुल 13784 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें 11873 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। पास होने वालों में लड़कों की संख्या 8523 और लड़कियों की संख्या 3350 है। इस बार संस्कृत बोर्ड की परीक्षा 23 फरवरी से 20 मार्च तक चली थी।

**रहस्य-रोमांच** | बैंगनी बैक्टीरिया में कई प्रकार की परिस्थितियों में पनप सकता है जीवन

## बैगनी रंग के ग्रहों में छिपा हो सकता एलियंस का जीवन

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** एलियंस की तलाश पृथ्वी के हरे रंग के विपरित बैगनी रंग के ग्रहों में करनी होगी। बैंगनी वह रंग है, जिसमें बैक्टीरिया कई प्रकार की परिस्थितियों में जीवन पनपाने में सक्षम है। एलियंस की तलाश में जुटे वैज्ञानिकों को यह सुझाव कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दिया है।

दरअसल कई दशक बीत जाने के बावजूद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश अभी भी अधूरी है। एलियंस की खोज की दिशा में दुनिया के कई संस्थाओं के वैज्ञानिक जुटे हुए हैं। मगर कोई सुराग आजतक हाथ नही लग सका है। अब एक नया सुझाव सामने आया है। जिसमें पृथ्वी के हरे रंग की विशेषता बताई गई है और किस प्रकार से अन्य ग्रहों पर बैगनी मे जीवन हो सकता है, इस संदर्भ में बताया गया है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार जब हम अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखते हैं तो पृथ्वी हरे रंग में रंगी नजर आती है। हरे रंग का अर्थ जीवन होता है। यह पेड़, घास, फसलों और क्लोरोफिल की मदद से उगने वाली हर चीज़ का प्रतिनिधित्व करता है। क्लोरोफिल एक वर्णक है, जो लगभग सभी पौधों में पाया जाता है जो सूर्य से ऊर्जा को अवशोषित करने और प्रकाश को ईंधन में बदलने के लिए प्रकाश संश्लेषण का उपयोग करता हैं। क्लोरोफिल पौधों को हरा रंग भी देता है, लेकिन सूर्य के प्रकाश या ऑक्सीजन के बिना पृथ्वी के वातावरणों में जीवन ऊर्जा के लिए अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है। इनके अलावा कई बैक्टीरिया बैंगनी रंग के होते हैं। अब सोचने वाली बात है कि क्या किसी अन्य ग्रह की दुनिया में जीवन सूर्य के प्रकाश के बजाय अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है। इस सोच की वजह से हमें बैंगनी ग्रहों की तलाश करनी होगी।

### रासायनिक तकनीक आधारित दूरबीनों का निर्माण हो

**नैनीताल :** तकनीकी रूप से बैंगनी बैक्टीरिया के कई रंग होते हैं , जिनमें पीला, नारंगी, भूरा और लाल रंग शामिल हैं। ये सभी बैक्टीरिया ऐसी स्थितियों में रहते हैं जो जीवित रहने के लिए अवरक्त प्रकाश या गर्मी का उपयोग करते हैं। वर्तमान में एलियंस की तलाश में एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप और हैबिटेबल वल्ड्र्स वेधशाला जुटी हुई हैं।



## कन्नौज में हुए हादसे में 4 की मौत , 24 लोग घायल

**छिबरामऊ-कन्नौज।** मैनपुरी क्षेत्र में भोगांव के एनएच 34 कट पर शनिवार सुबह खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर मार दी। चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि करीब 24 लोग घायल हो गए। कोतवाली छिबरामऊ क्षेत्र की चौकी करनौली के गांव कुंवरपुर लोधपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री मैनपुरी के थाना बिछवां के गांव बेलधारा में ब्याही है। पुत्री ने 10 दिन पहले बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार होना था। वीरेंद्र परिजनों के साथ ट्रैक्टर ट्राली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर ट्राली से ही घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुरी के पास पहुंचने पर ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट ठीक करने लगा। बताते हैं कि तभी पीछे से आए ट्रक ने ट्राली में टक्कर मार दी। ट्राली में सवार फूलमती (48) पत्नी अवधेश, रमाकांति (45) पत्नी दफेदार, संजय देवी (42) पत्नी राजेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि 25 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां द्रोपदी देवी (56) पत्नी विशुन दयाल ने भी दम तोड़ दिया। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर लोधपुर छिबरामऊ के निवासी हैं। गंभीर रूप से 11 घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

## झूला झूलते समय सिर पर गिरे पिलर से छात्रा की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कक्षा 2 की छात्रा का शनिवार को ही था जन्मदिन, खुशी बदली मातम में**
- **चिनहट क्षेत्र का मामला, परिजन ने बिना पोस्टमार्टम शव दफनाया**

**अमृत विचार:** झूले पर झूलना कक्षा दो की छात्रा के लिए काल बन गया। वह अपने जन्मदिन पर झूला झूल रही थी। उसी दौरान उसके सिर पर पिलर गिरा और उसकी मौत हो गई। खुशी का माहौल क्षण भर में मातम में बदल गया।

चिनटह थाना क्षेत्र के हारूनी मस्जिद स्थित पासी टोला निवासी अनिल रावत की आठ वर्षीय बेटी श्रुति कक्षा दो की छात्रा थी। अनिल चालक हैं। शनिवार को श्रुति का जन्मदिन था। शाम को केक आदि काटने की तैयारी चल रही थी। इसके चलते घर में परिवार के लोग व रिश्तेदार आये थे। सुबह करीब 10:30 बजे श्रुति बच्चों के संग छत पर झूला झूल रही थी। झूला छत पर पुराने पिलर में पड़ा था। श्रुति झूले पर बैठी थी, इसी दौरान रस्सी टूटने के साथ ही पिलर उखड़ कर उसके सिर पर आ गिरा। अन्य बच्चों की चीख व पिलर गिरने की आवाज सुन अनिल व अन्य परिजन छत पर पहुंचे। श्रुति को आनन-फानन लोहिया ले गये, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जो परिजन बच्ची के जन्मदिन की तैयारियों में जुटे थे। मां गीता का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। परिजन ने पुलिस को सूचना दिये बिना ही, शव दफन कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट ने बताया मामला संज्ञान में है। इस संबंध में परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

### एक नजर

## रामलला के दर्शन से अभिभूत महिला ने दान किया दो किलो सोने के जेवर



सोना दान करती महिला श्रद्धालु।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामजन्म भूमि पर भव्य निर्माण में देश-विदेश के तमाम भक्त आस्था और श्रद्धा भाव में कुछ न कुछ समर्पित कर रहे हैं। इसी क्रम में रामनवमी पर भव्य राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने पहुंची दिल्ली की एक महिला भावुक हो गई और अपने सोने के सभी आभूषणों को उतार कर प्रभु को समर्पित कर दिया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रामलला के पुजारी प्रेम चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। राम नवमी पर दर्शन करने के दौरान महिला रामलला को देख कर रोने लगी और फिर श्रृंगार में पहनी सभी जेवर को उतार कर एक थाली में रख दिया जो लगभग दो किलो थे, और से चली गई।

# मालगाड़ी के चार डिब्बे हुए डिरेल, रुका ट्रेनों का संचालन

## दर्शननगर में साबरमती, अयोध्या में इंटरसिटी और कैंट पर किसान रोकी गई, एआरटी समेत पूरा अमला मौके पर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वाराणसी-लखनऊ रेल प्रखंड पर शनिवार शाम पौने सात बजे मनकापुर से बाराबंकी की ओर जा रही एक मालगाड़ी के चार डिब्बे अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन के पूर्व बरेहटा यार्ड के पास पटरी से उतर गए। इस घटना के बाद ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया। मौके पर एआरटी समेत रेलवे तथा जीआरपी व आरपीएफ का अमला पहुंच गया। देर रात तक मशक्कत में जुट रहा। ट्रैक बाधित होने के चलते रूट पर कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया है।

40 डिब्बों की एक मालगाड़ी शनिवार शाम मनकापुर वाया रामघाट हाल्ट होते हुए बाराबंकी जा रही थी। 20 खाली डिब्बों को सलारपुर रेलवे स्टेशन और शेष में लदे कोयले को बाराबंकी जाना था। लगभग 6:45 बजे मालगाड़ी के चार डिब्बे बरेहटा यार्ड के पास पटरी



पटरी से उतरे मालगाड़ी के डिब्बे का जायजा लेते रेलवे कर्मचारी। अमृत विचार



पटरी से उतरे मालगाड़ी के डिब्बे। अमृत विचार

**देर रात तक ट्रैक को दुरूस्त करने में जुटी रही टीम**

से उतर गए तो ट्रेन के चालक और गार्ड ने सूचना अयोध्या धाम स्टेशन मास्टर को दी। इसके बाद कंट्रोल रूम से एक्सीडेंटल रिलीफ ट्रेन (एआरटी) और अन्य को सूचना दी गई। ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया। रेल स्टाफ समेत जीआरपी व आरपीएफ के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद 8:15 बजे एआरटी मौके पर पहुंच गई। दुर्घटना के चलते रेल पटरी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसके चलते साबरमती एक्सप्रेस दर्शननगर रेलवे स्टेशन, किसान एक्सप्रेस अयोध्या कैंट और बहराइच को जाने वाली इंटरसिटी अयोध्या धाम जंक्शन पर खड़ी हो गई। मौके पर पहुंचे इंजीनियरिंग शाखा के कर्मचारी ट्रैक को दुरुस्त करने की कवायद में जुटे हैं। साथ ही रेल प्रशासन ने एक ट्रैक से ट्रेनों को गुजारना शुरू किया है।

**दुरुस्त कराया जा रहा ट्रैक**

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के अधीक्षक का कहना है कि डिरेलमेंट को लेकर ट्रेनों का आवागमन रोकना पड़ा था। अब लूप लाइन के माध्यम से स्टेशनों पर खड़ी ट्रेनों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है। एक ट्रैक बाधित होने के चलते अभी इंटरसिटी को रवाना नहीं किया जा सका है। ट्रैक को दुरुस्त कराया जा रहा है।

## आज भी कई क्षेत्रों में लगी आग, जली फसल

**अयोध्या, अमृत विचार।** गर्मी और तपिश के इस मौसम में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोहावल, बीकापुर और सदर तहसील शनिवार को आग से खेत-खलिहान जला है। सोहावल तहसील क्षेत्र के मलिकपुर के मजरे पाठक का पुरवा में शाम साढ़े चार बजे गेंहू के खेत में आग लग गई। सूचना अग्निशमन विभाग को दिए जाने के साथ स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की मशक्कत शुरू की और फायर टेंडर पहुँचने से पूर्व आग पर काबू पा लिया। इस दौरान राममूरत यादव का दो बीघे और राम अवध की एक बीघे गेहूं की फसल जल गई।

इसी क्षेत्र में बनके गांव तिवारी का पुरवा में शाम लगभग छह बजे लगी आग में सूरज प्रजापति के खेत में खड़ी गेंहू की फसल, बीकापुर तहसील के तेंदुआ माफ़ी में ललित तिवारी की दो बीघा गेंहू की फसल और सदर तहसील के महराजगंज थाना क्षेत्र में खेत-खलिहान जला है। अग्निशमन विभाग के कंट्रोल रूप का कहना है कि कहीं से कोई बड़ी घटना प्रकाश में नहीं आई है।

# देशभक्ति का अभिवादन है मतदान : सीडीओ

भेलसर, अयोध्या

**अमृत विचार :** मतदान करना देशभक्ति का अभिवादन करना है। यह दिखाता है कि आप अपने देश के निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। यह बातें शनिवार को तहसील प्रशासन व लायंस क्लब द्वारा आयोजित गंगा राम मेमोरियल स्वीप क्रिकेट टूर्नामेंट में सीडीओ ऋषिराज ने कहीं।

स्वीप आइकॉन डॉ. निहाल रज़ा के निर्देशन में क्रिकेट की पिच से मतदान करने का संदेश लोगों को पहुँचाया गया। शुभारंभ में सीडीओ ऋषिराज व एसडीएम अंशिका दीक्षित ने किया। होप फ़ाउडेशन इलेवन व विश्वास वॉरियर्स की टीम के बीच मैच हुआ। जिसमें होप फाऊँडेशन जीता।




विजेता टीम को पुरस्कृत करते अधिकारी। अमृत विचार

**कुम्हार स्वीप का आधिकारिक मैस्कॉट घोषित**

डिस्ट्रिक्ट स्वीप आइकॉन डॉ. निहाल रज़ा द्वारा निर्मित कुम्हार मैस्कॉट को सीडीओ ऋषिराज ने जिले के स्वीप कार्यक्रम का आधिकारिक मैस्कॉट घोषित किया। अब स्वीप कार्यक्रमों के प्रचार में इस मैस्कॉट का आधिकारिक रूप से प्रयोग होगा।

**सीडीओ व एसडीएम ने खेला क्रिकेट**

क्रिकेट टूर्नामेंट में सीडीओ ऋषिराज व एसडीएम अंशिका दीक्षित ने भी क्रिकेट के गुर दिखाए। सीडीओ ने बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी की। बल्लेबाजी में उन्होंने कई आकर्षक शॉट खेला। एसडीएम अंशिका दीक्षित ने भी बल्लेबाजी की।

## रामलला के दर्शन को आएंगे 28 देशों के 88 प्रवासी भारतीय

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** देश के विभिन्न राज्यों से आकर एक करोड़ से अधिक भक्त राम मंदिर में प्रभु रामलला के दर्शन कर चुके हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से शुरू हुआ यह क्रम आज भी निरंतर जारी है। तो वहीं अब विदेशों में रहने वाले प्रवासी भारतीय भी पीछे नहीं रहने वाले हैं। रविवार को 28 देशों के 88 प्रवासी भारतीय अयोध्या पहुंचेंगे।

दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ विजय जौली ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को आनंद विहार रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन से 88 प्रवासी भारतीय और 400 से अधिक भक्त रामलला दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। शाम को 6 बजे सरयू घाट पर आरती और हनुमान गढ़ी पर दर्शन पूजन होगा और जानकी महल सभागार में प्रवासी भारतीयों और राम भक्तों के साथ परिचय बैठक किया जाएगा। जिसमें ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय सहित अन्य लोग भी शामिल होंगे। और दूसरे दिन सुबह 7:00 बजे श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट सचिव चम्पतराय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपर्क विभाग प्रमुख रामलाल, विहिप संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद के नेतृत्व में सभी 88 प्रवासी और राम भक्त रामलला का दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष राम मंदिर निर्माण में 7 महाद्वीपों के 156 देशों की नदियों व समुद्र के एकत्रित जल से जलाभिषेक किया था।

# विद्यार्थी 25 तक ऑनलाइन भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर की ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र-छात्राएं 25 अप्रैल तक परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई थी।

विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर बीए, बीएससी व बीकॉम के द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम सेमेस्टर और एमए, एमएससी, एमकॉम के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए अंतिम अवसर देते हुए तिथि बढ़ाई गई है। छात्र-छात्राओं को 26 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय में जमा करना होगा। आवासीय परिसर एवं समस्त महाविद्यालयों को 27 अप्रैल

**अवध विश्वविद्यालय : स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी**

तक परीक्षा फॉर्म को सत्यापित करना होगा।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि यदि किसी ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरते समय कोई त्रुटि हो जाती है तो ऐसी दशा में आवेदित परीक्षा फॉर्म को महाविद्यालय अपने स्तर से संशोधन के उपरांत ही सत्यापित करेगा। इसके अतिरिक्त छात्रों के परीक्षा फॉर्म की सूची महाविद्यालय द्वारा परीक्षा विभाग में नियत समय पर उपलब्ध करानी होगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि समयान्तर्गत परीक्षा फॉर्म भराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया जा चुका है। इस अधिसूचना को विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट एवं कालेज लॉगिन पर अपलोड कर दी गई है।

### सार-संक्षेप

## स्टार रितेश देशमुख ने परिवार के साथ किया रामलला का दर्शन



रामलला के दर्शन के बाद परिवार के साथ सिने स्टार रितेश देशमुख।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बॉलीवुड के स्टार रितेश देशमुख शनिवार को अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने पहुंचे। जहां पुजारी प्रेमचंद त्रिपाठी ने अंग वस्त्र और प्रसाद देकर स्वागत किया। आईपीएल मैच को देखने के लिए बॉलीवुड स्टार रितेश देशमुख अपनी पत्नी जेनेलिया डिसूज़ा और बच्चे के साथ लखनऊ पहुंचे थे। जहां से शनिवार को सुबह सड़क मार्ग से अयोध्या में राम मंदिर दर्शन करने पहुंचे और रामलला का आशीर्वाद लिया। वहीं मंदिर परिसर में रितेश देशमुख को देख जय श्री राम के नारे लगाने लगे। दर्शन के बाद वह परिवार के साथ काफी देर तक परिसर में मौजूद रहे। हालांकि उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की।

## कतीन ग्राम प्रधान व कई शामिल हुए भाजपा में



पंचायत प्रतिनिधियों को झंडा देकर पार्टी में शामिल कराते सांसद व जिलाध्यक्ष।

**अयोध्या, अमृत विचार।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के तीन ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्य सहित कई ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। लोकसभा चुनाव कार्यालय पर सांसद, लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने सभी को पार्टी का झंडा थमा तथा अंग वस्त्र पहना स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के दो कार्यकाल में सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी विकास के तहत वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका सशक्तिकरण किया। जिसके चलते अब जनता खुद 4 जून 400 पार का नारा लगा रही है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा और नागरिक इसके साक्षी रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पार्टी में शामिल होने वालों में प्रधान गडौली दीपक सिंह, प्रधान राम गोविन्द्र मौर्य, प्रधान मोहली सुधाकर सिंह, पूर्व बीडीसी रमेश रावत, मंजीतत रावत, विनोद रावत, कृष्ण राम रावत, राम बदल प्रजापति, मिट्ठू कोरी, संतराम कोरी, उमाशंकर मौर्या, नंद किशोर गुप्ता, शिवकरन पासी सहित अन्य शामिल रहे।

## हर्षोल्लास से मना स्थापना दिवस, ऑनेस्टी हाउस रहा सर्वश्रेष्ठ



ऑनेस्टी हाउस को ट्रॉफी प्रदान करती अतिथि।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** एचसीजे एकेडमी में 22वां स्थापना दिवस शनिवार को विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एकेडमी की चेयर परसन मंजुला जैन, मैनेजिंग डारेक्टर डॉ. शिक्षा जैन, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार गुप्त व प्रशासनिक अधिकारी अशोक तिवारी, इग्जेक्युटिव ऑफिसर उमेश जैन तथा मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मुस्कान सावलानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों सरस्वती वन्दना, सांस्कृतिक नृत्य, कव्वाली आदि प्रस्तुत कर समारोह में अनुपम छटा बिखेरी। स्कूल पार्लियामेंट का गठन किया गया। जिसमें स्कूल हेड गर्ल दिशा जायसवाल व हेड बॉय श्रेयांस सिंह सहित छात्राओं को भी चार सदनों आनेस्टी हाउस, हिम्यूनिटी हाउस, हम्बल हाउस व हारमोनिक हाउस में विभाजित किया गया। चेयर परसन व मैनेजिंग डारेक्टर ने बैज लगाकर शपथ दिलाई। ऑनेस्टी हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस के रुप में घोषित किया गया। हिन्दी प्रवक्ता अनीता सक्सेना ने हुकुम चन्द जैन स्मारक शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित एचसीजे के अतीत पर व्याख्यान दिया। चंद्र वरयानी, सुप्रिया, कंचन, सहित सभी शिक्षकों ने सराहनीय सहयोग दिया। प्रधानाचार्य गुप्त ने पार्लियामेन्ट की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी पूर्व इंचार्जो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## सपा नेता मार्ग दुर्घटना में घायल, ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर



घायल सपा नेता

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम आदिलपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय वीपत तिवारी के पौत्र वरिष्ठ सपा नेता पूर्व प्रधान घनश्याम त्रिपाठी मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बेहोशी हालत में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर बताते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है। उनके नाक और मुंह से काफी खून गिर गया है। उनके भतीजे राकेश त्रिपाठी ने बताया कि दोपहर करीब 11 बजे उनके चाचा घनश्याम त्रिपाठी बाइक से रेवतीगंज बाजार से आदिलपुर अपने घर जा रहे थे। गांव के पास पहुंचते ही भौनी के पुरवा मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई और वह मौके पर ही बेहोश हो गए। उनके नाक और मुंह से काफी खून गिर गया है। जानकारी होने पर आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें होश में लाने और मुंह में जमें खून के थक्के साफ करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर बताते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए उन्हें रेफर कर दिया है। बताया गया कि रात में उन्हें पतली दस्त भी हुई थी। लोग अंदेशा व्यक्त कर रहे हैं कि वीपी बढ़ने और कमजोरी की वजह से वह गश खाकर बाइक से मार्ग के किनारे गड्ढे में गिर गए। चोटिल सपा नेता को उनके बड़े भाई पूर्व राजस्व निरीक्षक राधेश्याम तिवारी लखनऊ इलाज के लिए लेकर रवाना हो गए हैं।

## लद्दाख के उपराज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन



एयरपोर्ट से राम मंदिर के लिए जाते उपराज्यपाल।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बीपी मिश्रा शनिवार को रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचे। महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एडीएम सिटी और एसपी सिटी ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने प्रोटोकॉल के साथ पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामलला का पूजन अर्चन किया। उन्होंने राम मंदिर की आभा देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। वह आज रात्रि डोगरा रेजीमेंट के विशिष्ट अतिथि गृह में विश्राम के बाद रविवार को लद्दाख के लिए वापस रवाना होंगे। बताते चलें कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से देश सभी राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का अयोध्या दौरा चल रहा है। इसी क्रम शनिवार लद्दाख के उपराज्यपाल भी अपने परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे हैं।

# चुनाव : मतदान कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण कल से

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगाए गए मतदान कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण सोमवार से साकेत महाविद्यालय में शुरू होगा। प्रशिक्षण के लिए प्रशासन ने कार्ययोजना तैयार कर ली है और शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) ने प्रशिक्षण स्थल का जायजा लिया है।

पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी समेत कुल 5150 मतदान कार्मिकों को तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण साकेत कॉलेज के राजा जगदंबिका प्रताप नारायण सभागार समेत 20 कमरों में दो पालियों में दिया जाना है। प्रथम पाली का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे एवं द्वितीय पाली का दोपहर दो बजे से शाम पांच



**मुख्य विकास अधिकारी ने लिया तैयारियों का जायजा**

बजे तक होगा। प्रशिक्षण के पहले दिन सोमवार 22 अप्रैल को प्रथम पाली में कोड संख्या 01 से 900 तक एवं द्वितीय पाली में कोड संख्या 901 से 1800 तक, 23 अप्रैल को प्रथम पाली में कोड संख्या 1801 से 2700 तक एवं द्वितीय पाली में कोड संख्या 2701 से 3600 तक और अंतिम दिन 24 अप्रैल को प्रथम पाली में कोड संख्या 3601 से 4500 एवं द्वितीय पाली में कोड संख्या 4501 से 5150 तक के कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक पाली में एक कमरे में 40 कार्मिकों एवं हाल में 100 कार्मिकों को प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है तथा इनकी हाजिरी संबंधित कक्ष के बाहर ही होगी। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी उपेन्द्र प्रसाद पाल, परियोजना निदेशक, डीआरडीए आरपी सिंह एवं साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य अभय सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्था तथा संसाधन सुनिश्चित कराने की हिदायत दी गई है। जिला स्तरीय कार्यालय अध्यक्ष अथवा नोडल अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर अपने विभाग के मतदान कार्मिकों की प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें और गैर हाजिर कार्मिकों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी तथा विभागीय कार्यवाही भी होगी।

# नई तकनीक से डाक विभाग रच रहा नए आयाम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं को गति देने, आधार आधारित सुविधाओं बढ़ाने तथा शाखा डाकघरों में आ रही तकनीकि समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को प्रवर डाक अधीक्षक एचक यादव की अध्यक्षता में ग्रामीण डाक सेवकों की बैठक हुई। मुख्य अतिथि उप महानिदेशक डाक (प्रौद्योगिकी) नई दिल्ली पवन कुमार सिंह ने कहा कि डाक सेवाएं नवीनतम टेक्नोलोजी अपनाते हुए नित्य नए आयाम रच रही हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के खाते में ऑनलाइन डीबीटी के तहत मनरेगा मजदूरी, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य सहायता राशि मिलने लगा है। उन्होंने सभी शाखा डाकघरों में प्रतिदिन कम से कम एक नया आईपीपीबी खाता खोलने हेतु निर्देशित किया। ग्राहकों को छोटी-छोटी बचत योजनाओं के साथ-साथ आधार आधारित खातों के बारे में भी बताएं। ग्रामीण डाक सेवकों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के निदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अब शाखा डाकघर भी पीपीएफ खाता भी खोल सकेंगे। बैठक में डिप्टी पोस्टमास्टर सुमन पाण्डेय, सहायक अधीक्षक पूर्वी ओमेश्वर, निरीक्षक डाकघर हरिमोहन सिंह, अभिनव गुप्त, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, आईपीपीबी मैनेजर चेतन जायसवाल, पंकज पाल सहित सैकड़ों ग्रामीण डाक सेवक मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर फुंका, 15 हजार की आबादी परेशान, सुनवाई नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चौक विद्युत उपकेंद्र से महज आधा किलोमीटर दूर धारा रोड पर लगा ट्रांसफार्मर शुक्रवार रात हीट होकर फुंक गया। रात एक बजे फुंका यह ट्रांसफार्मर अभी तक 15 घंटे बाद भी नहीं बदला जा सका है। नतीजा करीब 15 हजार की आबादी रात से लेकर दोपहर तक भीषण गर्मी में परेशान रही है। शिकायत के बाद भी अभी तक ट्रांसफार्मर बदलने और आपूर्ति सुचारू की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।



धारा रोड पर जला ट्रांसफार्मर।

खास बात यह है कि रात एक बजे से फुंके इस ट्रांसफार्मर के कारण धारा रोड पर स्थित एसपी सिटी और सीआईडी कार्यालय समेत अन्य सरकारी दफ्तर भी चपेट में आ गए हैं। दोपहर 12 बजे तक एसपी सिटी कार्यालय का इनवर्टर चला उसके बाद वह भी बोल गया। यह हाल तब है जब सुचारू आपूर्ति के दावों के साथ शहरी क्षेत्र में दो घंटे में ट्रांसफार्मर बदलने के दावे किए गए हैं। ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण दिलकुशा कालोनी, मोती महल, नगर पालिका कालोनी समेत कई आवासीय क्षेत्रों की 15 हजार की आबादी आधी रात के बाद से बिन बिजली भीषण गर्मी में बिलबिला रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक रात दो बजे एक लाइनमैन आया देख दाख कर वह भी चला गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के संस्थापक अधिवक्ता मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि चौक से कुछ दूर होने के बाद यह स्थिति है। उन्होंने कहा कोई ट्राली ट्रांसफार्मर भी लगाया जा सकता था लेकिन वह भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को आबाध आपूर्ति के दावे पूरी तरह से खोखले हैं। वहीं चौक उपकेन्द्र के अवर अभियंता नरेश जायसवाल ने बताया कि शीघ्र ही ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। मरम्मत के प्रयास के कारण थोड़ा विलम्ब हो गया था।



**रामपथ पर फिर धंसी सड़क**

अयोध्या- सहादतगंज से नया घाट तक बने रामपथ पर सड़क के धंसने का सिलसिला जारी है। शनिवार को साहबगंज चौकी के पास सड़क धंस गई। दिन में सड़क धंसने के बाद मार्ग पर जाम लग गया। इस दौरान बैरिकेडिंग लगाते हुए मार्ग को अवरुद्ध करना पड़ा। आनन-फानन में शाम को सड़क की मरम्मत की गई। अमृत विचार

# भक्ति पथ पर लगी रेलिंग हटाएं जाने की मांग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम नवमी मेले को लेकर भक्ति पथ पर श्रद्धालुओं के लिए लगाई गई स्थाई रेलिंग से जानकी जन्मोत्सव पर अयोध्या के शक्ति पीठ माँ छोटी देवकाली मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा में दिक्कत खड़ी हो रही है। मंदिर समिति ने 89 वर्ष पुरानी परंपरागत रूप से शोभायात्रा निकाले जाने में बाधा को लेकर चिंता व्यक्त की है। जिला प्रशासन से रेलिंग हटाये जाने की मांग की है। अयोध्या में श्रीराम जन्मोत्सव के बाद जानकी जन्मोत्सव को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। मठ मंदिरों में जानकी नवमी को भी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। नगरी में स्थित छोटी देवकाली मंदिर में 6 मई से नौ दिवसीय आयोजन प्रारम्भ होगा। और 15 मई को जानकी अष्टमी पर माता सीता की कुल देवी माता गौरी नगर भ्रमण पर निकलेंगीं जिनकी शोभायात्रा मंदिर से निकलकर श्रृंगारघाट, हनुमान गढ़ी, राम जन्मभूमि परिसर के बगल से होते हुए कटरा, अशर्फी भवन, गोलाघाट, तुलसी उद्यान और पुनः मंदिर पर समाप्त होगी। श्री छोटी देवकाली समाज के महासचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष माता जानकी के जन्मोत्सव को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है, 15 मई को माता की शोभायात्रा निकाली जाएगी। लेकिन इस बार हनुमानगढ़ी पर जो रेलिंग लगाया गया है। इससे दिक्कत खड़ी हो रही है। इस मार्ग से शोभायात्रा की पुरानी परंपरा रही है इसको लेकर जल्द ही जिलाधिकारी से मुलाकात कर कार्यक्रम से अवगत कराया जाएगा।


Video Recto Scope

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919







**झलकी खुशी**

सफलता पर कनौसा इंटर कॉलेज की छात्राएं खुशी से उछल पड़ीं।

**91.51** प्रतिशत रहा हाईस्कूल रिजल्ट | **84.14** प्रतिशत रहा इंटरमीडिएट रिजल्ट | **42** दिन पहले हुआ था बोर्ड परीक्षाओं का समापन | **02** बजे दोपहर में आउट हुआ परिणाम

▸▸ हाईस्कूल के सात व इंटर के चार मेधावियों को प्रदेश की सूची में स्थान प्राप्त करने का मिला गौरव

एसएसवी इंटर कॉलेज में खुशी से उछलते मेधावी छात्र। अमृत विचार

# पीयूष, आनंद, तरुण व अंशिका ने लहराया परचम

## यूपी बोर्ड के हाईस्कूल के नतीजों में तीनों छात्र व इंटर में छात्रा ने प्रदेश में हासिल किया सातवां स्थान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के शनिवार को आए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के नतीजों में जिले के होनहारों ने अपनी सफलता का परचम लहरा दिया। हाईस्कूल में सात मेधावियों और इंटरमीडिएट के चार विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान हासिल किया है। नतीजों के सार्वजनिक होने के बाद होनहारों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इन मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

हाईस्कूल में सेवरा के बलदेव इंटर कॉलेज के पीयूष, उसरू अमौना देवा इंटर कॉलेज के आनंद कुमार और सिलौनी मया के नंद किशोर स्मारक इंटर कॉलेज के तरुण तिवारी ने प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। जिले में तीनों को एक समान नंबर व प्रतिशत मिले हैं। इंटरमीडिएट की परीक्षा में ईश्वरदीन इंटर कॉलेज ददेरा की आशिका सिंह रावत ने सातवां, अमानीगंज के मोहम्मदपुर के विधार्थी बैजनाथ इंटर कॉलेज की अदिती दूबे, रामपुर सरधा के ग्रामोदय इंटर की सुहानी, थरिया कला के बिशुनबाबा इंटर कॉलेज के अखिलेश यादव ने दसवां स्थान हासिल किया है। इन मेधावियों को मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर ने बधाई देते हुए बेहतर भविष्य की कामना की है।

### नाम-पीयूष कुमार | स्थान- प्रदेश में 7वां, जिले में पहला


हाईस्कूल टॉपर पीयूष का मुंह मीठा कराते परिजन।

पिता-गांव में दुकानदार
कक्षा-10
पढ़ाई-आठ घंटे
प्रतिशत-97.33
कुल प्राप्तांक-600/584
सपना-आईआईटी से इंजीनियरिंग
सर्वाधिक अंक- आर्ट में
विद्यालय : बलदेव बीपी इंटर कॉलेज (सेवरा)

**टॉपर का सुझाव** पीयूष कुचेरा बाजार के निवासी हैं। उनके पिता रामबाबू कुचेरा गांव स्थित घर में ही दुकान है। पीयूष का कहना है कि कोई भी विद्यार्थी तनाव लेकर पढ़ाई न करें।

### नाम-आनंद कुमार यादव | स्थान-प्रदेश में 7वां, जिले में पहला


माता-पिता के साथ मेधावी आनंद कुमार यादव।

पिता-सेना में हवलदार
कक्षा-10
पढ़ाई-नौ घंटे
प्रतिशत-97.33
कुल प्राप्तांक-600/584
सपना-आईएएस बनना है
सर्वाधिक अंक- गणित में
विद्यालय : देवा इंटर कॉलेज उसरू अमौना

**टॉपर का सुझाव** देवा इंटर कॉलेज के छात्र आनंद कुमार यादव का कहना कि शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलते हुए मेहनत के साथ पढ़ाई शुरुआत से ही करें। परीक्षा के अंतिम दो माह में प्रमुख प्रश्नों पर ध्यान केंद्रित करें।

### नाम-अंशिका रावत | स्थान-प्रदेश में 7वां, जिले में पहला


इंटरमीडिएट टॉपर अंशिका रावत को मुंह मीठा कराते परिजन।

पिता-सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल
कक्षा-12
पढ़ाई-नौ घंटे
प्रतिशत-96.60
कुल प्राप्तांक-500/483
सपना-डॉक्टर बन समाज की सेवा करना
सर्वाधिक अंक- बॉयोलॉजी में
विद्यालय : ईश्वर दिन इंटर कॉलेज (ददेरा)

**टॉपर का सुझाव** पूरा ब्लॉक के ईश्वर दिन इंटर कॉलेज ददेरा की छात्रा अंशिका सिंह रावत ने बताया कि लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। माता एक कुशल गृहिणी है। पिता अशोक सरोज राम आसरे राजकीय इंटर कॉलेज बेनवा मया में प्रधानाचार्य है।

## कनौसा की सिद्धि और इशरीना ने भी कर दिखाया कमाल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** कनौसा गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज की हाईस्कूल की दो छात्राओं ने भी कमाल कर दिखाया है। दोनों पक्की सहेलियाँ भी हैं। दोनों ने पांच से छह घंटे पढ़ाई कर हाईस्कूल की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। कनौसा में अध्ययन सिद्धी श्रीवास्तव ने हाईस्कूल में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। बताया कि रोज पांच से छह घंटे पढ़ाई करतीं थी। उम्मीद थी कि 90 प्रतिशत आएंगे, लेकिन इतने आएंगे नहीं पता था। उनके पिता बीएसएनएल कर्मी विजय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि आज खुशी का दिन है, बिटिया ने मान बढ़ाया है। माता शर्मिला श्रीवास्तव ने घर पड़ोस में मिठाई बांटी। पूरे परिवार ने रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन भी किया। वहीं कनौसा की इशरीना अशरफ ने भी हाईस्कूल में 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। बताया कि वह भी पांच से छह घंटे पढ़ाई करतीं थीं। पिता सैयद शाहीद जमाल अशरफ फार्ब्स इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। माता तस्लीम कौसर खुशी से फूली नहीं समा रहीं हैं। कहती हैं कि ईद के बाद अल्लाह ने यह दूसरी खुशी दी है।


कनौसा की मेधावी इशरीना अपने परिवार के साथ।


कनौसा की सिद्धि श्रीवास्तव परिवार के साथ।

## इस बार जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर

**अयोध्या कार्यालय : अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में इस बार गत वर्ष की अपेक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा। गत वर्ष के मुकाबले इंटरमीडिएट की परीक्षा में 6.16 और हाईस्कूल में 0.20 फीसदी अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। बोर्ड की ओर से जारी सूचना के अनुसार अयोध्या में इंटरमीडिएट की परीक्षा में पंजीकृत 38,946 में से 38,158 ने परीक्षा दी। जिसमें 32,105 परीक्षार्थी पास हुए। जो गत वर्ष के 75.4 प्रतिशत के मुकाबले 6.16 फीसदी अधिक है। वहीं हाईस्कूल की परीक्षा में कुल पंजीकृत 43,131 में से 40,858 ने परीक्षा दी और 31,191 परीक्षार्थी पास हुए। इस वर्ष हाईस्कूल में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 91.51 रहा जबकि गत वर्ष यह 91.22 था। जिसमें 0.20 प्रतिशत की बढोत्तरी हुई है।

▸▸ **इंटरमीडिएट में 6.16 और हाईस्कूल में 0.20 फीसदी ज्यादा हुए पास**


कनौसा इंटर कॉलेज में सेल्फी लेतीं छात्राएं।

## अयोध्या में शिक्षा के सिकंदर

### हाईस्कूल के टॉप टेन

| | नाम | प्रतिशत | जिला रैंक | विद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पीयूष कुमार | 97.33 | 01 | बलदेव बीपी इंटर कॉलेज (सेवरा)। |
| 2 | आनंद कुमार | 97.33 | 01 | देवा इंटर कॉलेज, उसरू। |
| 3 | तरुण तिवारी | 97.33 | 01 | नंद किशोर सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, सिलौनी, मया। |
| 4 | सिद्धी श्रीवास्तव | 97.00 | 02 | कनौसा इंटर कॉलेज, अयोध्या |
| 5 | शालिनी यादव | 97.00 | 02 | वीनस इंटर कॉलेज, मीतमपुर, रामपुर भगन। |
| 6 | दीपांजलि | 96.83 | 03 | महादेव इंटर कॉलेज, गोयड़ी, मिल्कीपुर। |
| 7 | अवनीश प्रताप | 96.83 | 03 | डायमंड इंटर कॉलेज, रामपुर भगन। |
| 8 | नंदिता तिवारी | 96.50 | 04 | संत परमहंस गुरुप्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, मोहली। |
| 9 | सत्यम निषाद | 96.50 | 04 | शिव काली देवी एसआईसी, सुबताहा, रसूलाबाद। |
| 10 | ईशरीना अशरफ | 96.33 | 05 | कनौसा इंटर कॉलेज, अयोध्या। |

### इंटरमीडिएट के टॉप टेन

| | नाम | प्रतिशत | जिला रैंक | विद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंशिका सिंह रावत | 96.60 | 01 | ईश्वरदीन इंटर कॉलेज, ददेरा। |
| 2 | अदिति दूबे | 96.00 | 02 | विद्यार्थी वैजनाथ इंटर कॉलेज, मोहम्मदपुर, अमानीगंज। |
| 3 | सुहानी | 96.00 | 02 | ग्रामोदय इंटर कॉलेज, रामपुर सरधा। |
| 4 | अखिलेश यादव | 96.00 | 02 | बिशुन बाबा इंटर कॉलेज, थरैयाकला। |
| 5 | विवेक यादव | 95.80 | 03 | ग्रामोदय इंटर कॉलेज, रामपुर सरधा। |
| 6 | शुभम यादव | 95.60 | 04 | सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज, रामपुर भगन। |
| 7 | आरुष प्रकाश | 95.40 | 05 | बीएससी इंटर कॉलेज, मुरलीपुर। |
| 8 | उदय प्रताप यादव | 95.40 | 05 | गायत्री इंटर कॉलेज, दौलतपुर। |
| 9 | अनुपम जायसवाल | 95.00 | 06 | एसएसवी इंटर कॉलेज, अयोध्या। |
| 10 | उमेश वर्मा | 95.00 | 06 | एसएनएसए इंटर कॉलेज, रामपुर सरधा। |

## तेजी से बढ़ रही मेधावियों की संख्या


डॉ. राजेश कुमार आर्या

सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई। इस बार जिले का बेहतर परिणाम रहा। यह नतीजा बताता है अयोध्या में मेधावियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जो छात्र-छात्राएं किसी कारण से असफल रहे हैं। वह निराश न हों, अपनी कमजोरी पर मंथन कर मेहनत करें। भविष्य उनका भी उज्ज्वल है। परीक्षा और मूल्यांकन के साथ नतीजों में सहयोग के लिए मीडिया का भी आभार व्यक्त करते हैं। **- डॉ. राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक।**

## साइकोलॉजिस्ट का सुझाव: कुंठित न हों, करें और बेहतर प्रयास


डॉ. आकांक्षा

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का नतीजा आने के बाद कुछ विद्यार्थियों को निराशा हाथ लगी है। साथ ही कुछ ने मेहनत की अपेक्षा कम अंक प्राप्त किए हैं। इस संदर्भ में जिले की प्रतिष्ठित साइकोलॉजिस्ट डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को कुछ सुझाव दिए हैं। उन्होंने सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह भी कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षाफल से घबराना नहीं चाहिए। परीक्षाफल को सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। माता-पिता की नैतिक जिम्मेदारी है कि परीक्षाफल को सहज स्वीकार करें। यदि किन्हीं कारणों से अपेक्षित सफलता नहीं मिली है तो भी असंतुष्टि, निराशा और कुंठा के भाव से विचलित नहीं होना चाहिए। भविष्य में और बेहतर प्रयास करने चाहिए।

## छात्रा शुभि ने जिले में टॉप फाइव व प्रदेश में हासिल किया 12 वां स्थान

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** कस्बे के बलदेव प्रसाद मेमोरियल स्कूल की हाईस्कूल की छात्रा शुभी कसौधन ने जिले में टॉप फाइव व प्रदेश में 12वां स्थान हासिल किया है। शुभी कसौधन को 96.33 प्रतिशत 578अंक प्राप्त हुए हैं। इस सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। बताया कि कड़ी मेहनत व सच्ची लगन से कोई कार्य असम्भव नहीं रहता है। वह भविष्य में अफसर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। प्रतिभावान छात्रा ने आगामी बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों को कड़ी मेहनत व सच्ची लगन से पढ़ाई करने का संदेश दिया है। वह कस्बे के तेलियागढ़ मुहल्ले के होम्योपैथी दवा के विक्रेता अशोक कुमार गुप्ता की पुत्री है। उनकी माता कल्पना गुप्ता गृहिणी है। छोटी बहन श्रेया कसौधन आठवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है। शुभी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक रमेश जायसवाल व प्रधानाचार्य जेपी सिंह ने माला पहनाकर मुंह मीठा कराया।


मेधावी शुभि का मुंह मीठा कराते प्रधानाचार्य।

## मेधावियों की मेहनत का परिणाम


प्रदीप कुमार

अयोध्या। बोर्ड परीक्षा नतीजे इस बात का संकेत है कि सरकार द्वारा पारदर्शिता का संकल्प पूरा हुआ। एक भी नकलची न पकड़ा जाना और हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों में गत वर्ष से बेहतर नतीजा आना मेधावियों की मेहनत का परिणाम है। **-प्रदीप कुमार, बोर्ड परीक्षा प्रभारी, डीआईओएस कार्यालय।**

**मिसाल** छोटी दुकान से चलता गुजारा, परीक्षा से एक हफ्ते पहले दादा का हुआ स्वर्गवास

# एक ही स्कूल से पहले पिता, फिर भाई और अब पीयूष बना टॉपर

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** शिक्षा किसी के पैसों की मोहताज नहीं होती। बस कुछ कर गुजर जाने की क्षमता होनी चाहिए। हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में सातवीं व जिले में पहली रैंक प्राप्त करने वाले पीयूष ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया और परचम लहरा दिया। सबसे रोचक बात यह है कि पीयूष ने जिस सेवरा स्थित बलदेव बीपी इंटर कॉलेज से परीक्षा पास की है। वहां से उसके पिता और भाई ने भी टॉप किया था।

पीयूष ने अमृत विचार से शनिवार को बातचीत में बताया कि उनके पिता रामबाबू ने घर में ही दुकान खोल रखी है। वह स्कूल से आने के बाद दुकान पर भी बैठता था, लेकिन पढ़ाई नहीं छोड़ता था। बात करते हुए पीयूष की आंखें भर आईं, जब उन्होंने बताया कि परीक्षा के 10 दिन पहले ही उनके बाबा राम प्रहलाद का निधन हो गया था। कहा-सर आपको एक बात बताता हूं। जिस स्कूल से मैंने टॉप किया है। वहां से मेरे भाई आयुष कौशल ने 2019 में टॉप किया था। उनकी जिले में 11वीं रैंक आई थी। यही नहीं कल्याण सिंह की सरकार के समय पिता रामबाबू ने भी 1992 में स्कूल टॉप किया था। पिता बताते हैं कि उस समय बड़ी कड़ाई होती थी। पीयूष का कहना था कि उसने कभी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी रैंक प्राप्त करेंगा। हालांकि यह आकलन जरूर कर लिया था कि जिले में कोई न कोई स्थान जरूर मिल जाएगा। प्रिंसिपल संजीव कुमार ने बताया कि पीयूष का भाई भी पढ़ने में होनहार था। उनके पिता के बारे में भी मैंने सुना है।


हाईस्कूल टॉपर पीयूष

### पढ़ाई के वक्त नींद आने पर मां बनाकर देती थीं चाय

इंटरमीडिएट की परीक्षा में बुलंदियों को चूमने वाली छात्रा अंशिका सिंह ने बताया कि वह देर रात तक पढ़ाई करती थीं। अपनी सफलता के पीछे मां का भी योगदान बताया है। अंशिका ने बताया कि रात में पढ़ाई के दौरान जब नींद आ जाया करती थी तो रात में दो बजे भी मां चाय बनाकर दे देती थीं। साथ में ही बैठती थीं। अंशिका ने हाईस्कूल की पढ़ाई कनौसा से की थी। उस दौरान जिले में 93.16 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में 11वां स्थान हासिल किए थे। इसके बाद अंशिका ने पूरा ब्लॉक के ददेरा स्थित ईश्वर दिन इंटर कॉलेज से इंटर किया। पिता अशोक सरोज जीआईसी अयोध्या में बॉयो के लेक्चरर थे। इसलिए उसने भी बॉयोलॉजी को अपना फेवरेट सब्जेक्ट बना लिया। इस सफलता के पीछे माता-पिता व गुरुजनों को इसका श्रेय दिया है। पिता अशोक सरोज राम आसरे राजकीय इंटर कॉलेज बेनवा मया में प्रधानाचार्य हैं।

### एक बार फिर ऑनलाइन पढ़ाई ही छा गई

दोनों टॉपर्स पीयूष व अंशिका ने बातचीत के दौरान बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान किताबों से पढ़ाई जरूर की थी, लेकिन ऑनलाइन पढ़ाई का अलग महत्व दिखा। यू-ट्यूब के जरिए कई सवालों को सुलझाने में सफलता मिली।

### रोज सुबह पांच बजे उठकर करता था योगा, फिर पढ़ाई

**मसौधा (अयोध्या)। अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में 97.33 फीसदी अंक लाकर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल करने वाला गांव का लाल आनंद कुमार यादव ने बताया कि लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता गृहिणी कल्पना यादव, पिता सेना में हवलदार सीराज सादव और विद्यालय के छात्रावास प्रभारी सीतारमण मिश्र को दिया है। बताया कि छात्रावास प्रभारी सीतारमण मिश्र के मार्ग दर्शन में ही उसने मेहनत करना सीखा। नियमित सुबह पांच बजे उठकर योगा करना फिर स्कूल जाने से पहले दो घंटे अपनी पढ़ाई करता था। देवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय और प्रधानाचार्या नमिता ने आनंद कुमार यादव की इस कामयाबी खुशी का इजहार करते हुए उसक बेहतर भविष्य की कामना की है।


आनंद कुमार यादव

# टॉप टेन में हाईस्कूल के सात और इंटर के 17 बच्चे शामिल

## हाईस्कूल में नमिता वर्मा को प्रदेश में मिला चौथा स्थान, इंटर में सेजल ने किया जिला टॉप, इंटर 88.70 प्रतिशत और हाईस्कूल का 90.64 प्रतिशत रहा रिजल्ट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षक।


प्रदेश में हाईस्कूल में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली नमिता वर्मा को मिठाई खिलाती शिक्षक। अमृत विचार


इंटरमीडिएट में प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त करने पर सेजल श्रीवास्तव को मिठाई खिलाते उनके नाना और नानी।

**अमृत विचार।** शनिवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया।

प्रदेश की टॉप टेन सूची में हाईस्कूल के सात और इंटरमीडिएट के 17 बच्चों ने परचम लहराया है। जनपद में हाईस्कूल के 39178 बच्चे पंजीकृत थे। जिसमें से 37206 बच्चों ने परीक्षा दिया था। जिसमें से 1972 बच्चे अनुपस्थित थे। हाईस्कूल में 33725 बच्चों ने परीक्षा में अपना दबदबा कायम किया है। वहीं इंटरमीडिएट में 37174 छात्र-छात्राओं का पंजीकृत थे। जिसमें से 36262 बच्चों ने परीक्षा दी थी और 892 छात्र अनुपस्थित रहे थे। इंटरमीडिएट परीक्षा में 33183 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इंटर का परीक्षा परिणाम 88.70 प्रतिशत रहा, जबकि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 90.64 प्रतिशत रहा।

प्रदेश की हाईस्कूल की टॉप टेन सूची में चितबहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा नमिता वर्मा ने हाईस्कूल की परीक्षा में 600 में 587 अंक प्राप्त मिले हैं। नमिता ने 97.83 प्रतिशत के साथ प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। जय बजरंग आईसी रामनगर के छात्र हिमांशु उपाध्याय ने प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। हिमांशु को 600 में 583 अंक मिले हैं। पीटीआरएएसआईसी मसेना मिर्जापुर रामनगर की सुमन ने भी 600 में 583 अंक हासिल कर आठवीं रैंक प्राप्त की है। नन्हू यादव एसबीआईसी मछली गांव अंबेडकरनगर की अंशु यादव ने नौवीं रैंक हासिल की है। अंशु को 600 से 582 अंक मिले हैं। डॉ. एके एसआई सी अकबरपुर अंबेडकरनगर की अंशिका को 600 में 582 अंक मिले हैं। यह भी प्रदेश में नौवीं रैंक हासिल करने में सफल रहीं। गायत्री शक्ति विद्या पीठ यूएमवी बलईपुर अंबेडकरनगर के छात्र अरुन गौड़ ने 600 में 582 अंक हासिल कर प्रदेश में नौवीं रैंक हासिल की है। राम बाबा विद्या मंदिर इंटरकॉलेज अंबेडकरनगर की छात्रा मुस्कान ने 600 में 581 अंक हासिल कर प्रदेश में दसवीं रैंक हासिल की है।

प्रदेश की इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में राम एआईसी खजुरी करौंदी की छात्रा सेजल श्रीवास्तव ने 500 में 484 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठवां स्थान और साथ में जिले को टॉप किया है। एमएल आर्य कन्या इंटर कॉलेज टांडा की संचिता ने 500 में 483 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवीं रैंक हासिल की है। एसपीएस इंटर कॉलेज लारपुर की छात्रा अंशिका यादव ने 500 में 483 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवीं रैंक हासिल की है। जेआईसी फत्तेपुर बड़ागांव जलालपुर की छात्रा रूनझुन पटेल ने 500 में 483 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवीं रैंक हासिल की है। चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा आकांक्षा यादव ने 500 में 483 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज की श्रेया वर्मा ने 500 में 483 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। एवीएमआईसीएस नगर खेवार अंबेडकरनगर के तरेंद्र प्रकाश शिवम ने 500 में 483 अंक हासिल कर सातवीं रैंक प्रदेश में हासिल किया है। एमवीडीआरएसआईसी तमसा मार्ग अकबरुपर की छात्रा अनुश्री यादव ने 500 में 483 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवीं रैंक हासिल किया है। राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन की रिया ने 500 में 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवीं रैंक हासिल की है।

नन्हू यादव एसवी इंटर कॉलेज मछली गांव की प्रिया यादव ने 500 में 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवीं रैंक हासिल की है। यशौदा देवी इंटर कॉलेज की अंशिका ने 500 में 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवीं रैंक हासिल की है। आदर्श जनता बालिका इंटर कॉलेज टांडा की मलाइका नूर ने 500 में 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवीं रैंक हासिल की है। सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर नेवतरिया के छात्र हिमांशु ने 500 में 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवीं रैंक हासिल की है। सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर नेवतरिया के छात्र सौरभ यादव ने 500 में 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवीं रैंक हासिल की है। डॉ. रामअजौर श्याम दुलारी साहू इंटर कॉलेज सैदापुर के छात्र गौरव प्रताप ने 500 में 481 अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौवीं रैंक हासिल की है। किसान इंटर कॉलेज भस्मा अंबेडकरनगर की हिमांशी ने 500 में 480 अंक हासिल कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज की छात्रा इकरा नाज ने 500 में 480 अंक हासिल कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

### 90 किसानों को सहायता राशि

**टांडा, अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री खेत खलियान अग्निकांड और कृषक दुर्घटना दुर्घटना सहायता योजना ई डिस्ट्रिक पोर्टल पर ऑनलाइन 90 किसानों को कुल 3 लाख 99 हजार 600 रुपए के जली फसलों का कृषि उत्पादन मंडी परिषद टांडा ने उनके खातों में भुगतान किया। उक्त जानकारी मंडी परिषद टांडा के सभापति उप जिलाधिकारी टांडा मोहन लाल गुप्ता ने दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना सं.: व.मं.वि.इ./ गति शक्ति/इज्जत./इलै./06/2024
दिनांक 18-04-2024

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-01,** कार्य का नाम: इज्जतनगर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर वर्तमान विद्युत आपूर्ति प्रणाली का सुधार एवं उन्नयन। **विवरण:** अनुमानित लागत रू. में ₹ 43,61,600/-, धरोहर राशि रू.में: ₹ 87,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 13-05-2024, 11:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: चार माह।

• इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

**वरि. मंडल विद्युत इंजी. (सा./गतिशक्ति)**
मुजाधि/विद्युत–14 **इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# ग्रामीणांचल से भी निकली प्रतिभाएं, माता-पिता का नाम किया रोशन

जलालपुर, अंबेडकरनगर।


यूपी बोर्ड का रिजल्ट आने के बाद खुशी का इजहार करती छात्राएं।


आरती


हिमांशी पान्डेय


प्रबंधक डॉ. अभिषेक सिंह ने छात्रा का माला पहनाकर किया स्वागत।


रुनझुन पटेल


सृष्टि पान्डेय


नैंसी यादव

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की इंटर मीडिएट की परीक्षा परिणाम में जनपद के होनहार बच्चों ने जनपद ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी अपना दबदबा कायम रखा है। जिसमें जलालपुर तहसील क्षेत्र के राम अवतार इंटर कॉलेज खजूरी की छात्रा सेजल श्रीवास्तव ने सिर्फ जिले में ही प्रथम स्थान नहीं प्राप्त किया बल्कि प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त करके अपनी मेहनत और लगन का लोहा मनवाया है। सेजल ने 500 में से 484 अंक प्राप्त किया है। वहीं जिले की टॉप टेन की सूची में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली जनता इंटर कॉलेज की रुनझुन पटेल को प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। इन्होंने 500 में 483 अंक प्राप्त किया है। इसी तरह से किसान इंटर कॉलेज भस्मा की दो सगी बहनो ने अपना दबदबा कायम किया है। बड़ी बहन हिमांशी ने जहां प्रदेश में दसवीं रैंक के साथ 500 में 480 अंक प्राप्त किया है। जबकि छोटी बहन सृष्टि ने जिले की सूची में दसवां स्थान प्राप्त करते हुए 500 में 475 अंक प्राप्त करने के साथ नाम रोशन किया है। नैंसी यादव ने 94.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी कड़ी में नरेंद्र देव इंटर कॉलेज जलालपुर की छात्रा आरती ने जिले में आठवां रैंक प्राप्त किया है। उन्होंने 500 में 477 प्राप्त किया है। खास बात यह है कि स्थान प्राप्त करने वाली सभी छात्राएं ग्रामीण अंचल व साधारण परिवार से संबंधित हैं। वहीं जनता इंटर कॉलेज फतेहपुर बड़ा गांव में यूपी बोर्ड हाई स्कूल की परीक्षा में आशू यादव 95.5 प्रतिशत, महक पटेल 93.8 प्रतिशत, निवेदिता भारती पे 94.16 प्रतिशत, आस्था ने 93.66 प्रतिशत, आंचल ने 93.66 प्रशित, अनामिका 93.5 प्रतिशत, रिमझिम पटेल 93 प्रशित, आर्यन साहू 92.3 प्रतिशत, पीयूष यादव 91.33 प्रतिशत, अर्चिता विश्वकर्मा 91.16 प्रशित अंक प्राप्त किया है। वहीं इसी कॉलेज की इंटरमीडिएट की परीक्षा में रुनझुन पटेल 96.6 प्रतिशत रिशू तिवारी 94.6 प्रतिशत शिखा 92.8 प्रतिश, दिशा पटेल 90 प्रतिशत, प्रवीण कुमार 92.4 प्रतिशत, शिवम पटेल 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस खुशी में विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार वर्मा के द्वारा छात्र-छात्राओं को माला पहनाते हुए मिठाई खिलाया और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अवनींद्र कुमार वर्मा, पुष्कर वर्मा, विवेक चैधरी, संजय गुप्ता, सुधांशु पटेल, धीरेंद्र वर्मा, बुद्धिराम वर्मा समेत विद्यालय के तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं अकबरपुर तहसील क्षेत्र के विहलोलपुर जाफरगंज महरानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज कक्षा दसवीं की छात्रा कृतिका राजभर ने जनपद की टॉप टेन सूची में सावतीं रैंक हासिल किया है। प्रबंधक डॉ. अभिषेक सिंह ने मलापहनाकर और मिठाई खिलाकर छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# डॉक्टर और आईएएस बनना चाहते हैं मेधावी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राम अवतार इंटर कालेज खजूरी करौंदी की इंटर की छात्रा सेजल श्रीवास्तव ने जनपद में टॉप किया है। विज्ञान वर्ग की छात्रा सेजल के पिता सदानन्द श्रीवास्तव प्राइवेट शिक्षक हैं। वहीं उनकी माता प्रियंका गृहणी है। इस समय सेजल अपने नाना और नानी के यहां हैं।

रिजल्ट जारी होते ही पूरे परिवार में खुशी का ठिकाना न रहा। नाना और नानी ने सेजल को मिठाई खिलाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया। सेजल ने बताया कि वह सात से आठ घन्टे पढ़ती थीं। इसके साथ कभी कभार यूट्यूब से पढ़ाई कर लेती थीं। अपने पापा को आदर्श बताते हुए सेजल ने कहा कि उन्होंने कोचिंग नहीं की। घर मे माता-पिता और स्कूल में टीचर का पूरा स्पोर्ट मिला, जिसके बदौलत उन्होंने टॉप किया। वहीं जनपद की नमिता वर्मा को प्रदेश में चैथा स्थान मिला है। नमिता को हाईस्कूल की परीक्षा में 97.83 प्रतिशत मिला है। नमिता वर्मा चितबहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा हैं। नमिता के पिता लक्ष्मीकांत ट्रक ड्राइवर हैं और माता सोनमती घर का काम काज करतीं हैं। नमिता के टॉप करने पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सुषमा सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। नमिता ने बताया कि मेरा सपना आईएएस बनने का है। आईएएस बनकर मैं देश की सेवा करना चाहती हूं।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES**

- **FACULTY OF MEDICAL SCIENCES** (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- **FACULTY OF DENTAL SCIENCES** All Specialties)
- **FACULTY OF PHARMACY**
- **FACULTY OF NURSING** M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- **HUMANITIES AND JOURNALISM** English

**Last Date of Receiving Application :** 20th May, 2024
**Application Submission Address :** To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
**For more details and application form & application fee**
**Visit University Website :** www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

**Accreditations, Affiliations & Approvals**

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053**
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या-एस एण्ड टी/ कान/ई-टेन्डर/06/2024**

मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण : एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/06/2024 कार्य का नाम :-** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बहराइच, रिसिआ, मटेरा एवं नानपारा स्टेशन पर बहराइच-नानपारा-नेपालगंज आमान परिवर्तन कार्य के सम्बन्ध में इलेक्ट्रानिक इन्टरलॉकिंग प्रणाली कार्य के परिप्रेक्ष्य में आर.डी.एस.ओ. स्पेसिफिकेशन सं. RDSO/SPN/192/2019 VER.2 अथवा नवीनतम (नवीनतम संशोधन के साथ) के SIP के अनुसार आंशिक सामग्री की आपूर्ति के साथ ही साथ इन्डोर एवं आउटडोर कार्य के साथ-साथ डिजाइन, प्रोग्रामिंग संस्थापन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का कार्य। **बयाना राशि (रु.):** 10,57,900.00, **अनुमानित लागत (रु.) :** 18,15,85,210.21, **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह, **निविदा बंद होने की तिथि :** दिनांक 10.05.2024 को 15:00 बजे।

**नोट -** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किए जाने चाहिएं।

**मु.सि.दू.इं./निर्माण,**
**मुजाधि/सिगनल-03 पू.उ. रेलवे/गोरखपुर**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

## सार-संक्षेप

### मतदान कर लोकतंत्र को बनाएं मजबूत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज से बाइक रैली टांडा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर आम मतदाताओं को जागरूक करना है, जिससे 25 मई को मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदाता करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करें, मतदान में विशेष रुचि लेकर खुद और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। राष्ट्रीय हित में मतदाताओं को इस बार बूथ पर पहुंचकर मतदान अवश्य करना चाहिए। रैली में आए हुए लोगों मे काफी उत्साह दिखाई दिया और सभी लोग मतदान में प्रतिभाग के लिए उत्साहित दिखे। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी टांडा, खंड विकास अधिकारी टांडा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### महिला से जेवरात और नकदी लेकर फरार

**जलालपुर्, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुत्री के घर से जा रही महिला को अज्ञात उचक्को ने बहला फुसलाकर जेवरात व नकदी समेत लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद की अहिरौला थाना अंतर्गत चांदपुर कुसमार गांव निवासी मेवाती जलालपुर कोतवाली क्षेत्र की मोहल्ला जौकाबाद में अपनी पुत्री ज्योति के यहां आई थी। मेवाती शनिवार दोपहर अपने घर जा रही थी तभी कोतवाली के समक्ष दो अज्ञात उचक्के मिल गए और महिला को झांसा देते हुए गले में पहनी सोने की चेन और कान की बाली तथा 1600 रुपए नकदी लेकर फरार हो गए। महिला ने जलालपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। थाना क्षेत्र में महिलाओं से टप्पेबाजी का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिससे महिलाओं में भय का माहौल व्याप्त है।

### मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया जागरूक

**टांडा, अंबेडकरगर। अमृत विचार।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्थानीय त्रिलोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें क्षेत्र के सभी इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। तहसील नगर पालिका स्वास्थ्य, शिक्षा ग्राम विकास, आंगनवाड़ी व सभी विकास विभाग के लोग भी शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने राजकीय महामाया ऐलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में पद मार्च कर बाइक रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जो विभिन क्षेत्रो में भ्रमण करती हुई टीएन पीजी कालेज टाण्डा पहुंची। यहां आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए प्रत्येक बूथ स्तर पर आम मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट काफी महत्वपूर्ण होता हैर, क्योंकि आपके एक-एक वोट से सरकार बनती और गिरती भी है। मतदाता अपनी ताकत को पहचाने और आगामी 25 मई को मतदान अवश्य करें। कालेज के प्रांगण में मेंहदी, रंगोली, चित्रकारी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी व बूथ लेबिल अफसर आदि मौजूद रहे।

## जलालपुर : सड़क हादसे में युवक की मौत, महिला और बच्ची घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बुआ और एक बच्ची को बाइक से ला रहे युवक को डीजे वाहन ने टक्कर मारते हुए फरार हो गया। टक्कर से जहां युवक की मौत हो गई वहीं बाइक पर सवार बुआ और बच्ची गंभीर रुप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि बीते शुक्रवार को जैतपुर थानाक्षेत्र के कुसुमखोर गांव निवासी निखिल उर्फ बंटू 25 वर्ष अपनी बुआ माधुरी व 12 वर्षीय लडकी लक्ष्मी थाना आलापुर निवासी जिन्नापुर को बाइक से लेकर अपने घर जा रहा था, जैसे ही गांव कुसुमखोर के पास पहुंचा सामने से आ रहा डीजे वाहन टक्कर मारते हुए भाग गया। टक्कर से घटना स्थल पर ही युवक निखिल की मौत हो गई और बाइक पर बैठी युवक की बुआ व लड़की गम्भीर रुप से घायल हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। जैतपुर थानाध्यक्ष वन्दना अग्रहरि ने बताया कि तहरीर नही मिली है और डीजे वाहन की तलाश जारी है, जल्द ही वाहन को पकड़ लिया जाएगा।

# प्रशिक्षण में 28 अधिकारी मिले अनुपस्थित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर में लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे पीठासीन अधिकारियों और अन्य मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया कि मतदान अधिकारी, पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण ले। जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो।

ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रों को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी अधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण लें, यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निरूसंकोच होकर मास्टर ट्रेनरों से पूछे। प्रशिक्षण के द्वितीय दिन 28 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पहली पाली में 15 कार्मिक और दूसरे पाली 13 कार्मिक कुल 28 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्मिक अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

विज्ञप्ति सूचना सं० 03/24 (हाल्ट)
**संख्या-सी/143/हाल्ट/फ्लैग/ नोटिफिकेशन/19 दिनांक 18.04.2024**

लखनऊ मण्डल के निम्नलिखित हाल्ट/ फ्लैग स्टेशनो को कमीशन के आधार पर टिकट बिक्री हेतु अभिकर्ता नियुक्त किया जाना हैं जिनका विवरण निम्नवत् है :- क्र.सं. 1. खण्ड मे स्थित : सीतापुर-मैलानी, स्टेशनों के मध्य : हरगॉव-लखीमपुर, हाल्ट स्टेशन का नाम : कादीपुर सानी, किस जिले में हाल्ट स्थित है : लखीमपुर, क्र.सं. 2. खण्ड मे स्थित : गोण्डा-बढ़नी, स्टेशनों के मध्य : पचपेडवा-बढ़नी, हाल्ट स्टेशन का नाम : त्रिलोकपुर हाल्ट, किस जिले में हाल्ट स्थित है : बलरामपुर, क्र.सं. 3. खण्ड मे स्थित : गोण्डा-बढ़नी, स्टेशनों के मध्य : तुलसीपुर - पचपेडवा, हाल्ट स्टेशन का नाम : लैबुडवा हाल्ट, किस जिले में हाल्ट स्थित है : बलरामपुर, क्र.सं. 4. खण्ड मे स्थित : नानपारा -मैलानी, स्टेशनों के मध्य : मिहिनपुरवा - रायबोझा, हाल्ट स्टेशन का नाम : गायघाट, किस जिले में हाल्ट स्थित है : बहराइच, क्र.सं. 5. खण्ड मे स्थित : गोरखपुर - गोण्डा, स्टेशनों के मध्य : मगहर - सहजनवा, हाल्ट स्टेशन का नाम : सीहापार, किस जिले में हाल्ट स्थित है : गोरखपुर, क्र.सं. 6. खण्ड मे स्थित : गोमतीनगर - बुढ़वल, स्टेशनों के मध्य : जहॉगीराबाद - बिन्दौरा, हाल्ट स्टेशन का नाम : रफीनगर, किस जिले में हाल्ट स्थित है : बाराबंकी, क्र.सं. 7. खण्ड मे स्थित : सिधौली - सीतापुर, स्टेशनों के मध्य : कमलापुर - खैराबाद, हाल्ट स्टेशन का नाम : बरई जलालपुर, किस जिले में हाल्ट स्थित है : सीतापुर, क्र.सं. 8. खण्ड मे स्थित : सीतापुर - लखीमपुर, स्टेशनों के मध्य : झरेखापुर - सीतापुर, हाल्ट स्टेशन का नाम : भुर्जिया बड़ागांव, किस जिले में हाल्ट स्थित है : सीतापुर, क्र.सं. 9. खण्ड मे स्थित : गोरखपुर - बढ़नी, स्टेशनों के मध्य : शोहरतगढ़ - परसा, हाल्ट स्टेशन का नाम : महथा बाजार, किस जिले में हाल्ट स्थित है : सिद्धार्थनगर, क्र.सं. 10. खण्ड मे स्थित: गोरखपुर - नौतनवा, स्टेशनों के मध्य : आनन्दनगर - लक्ष्मीपुर, हाल्ट स्टेशन का नाम : पुरन्दरपुर, किस जिले में हाल्ट स्थित है : महराजगंज, क्र.सं. 11. खण्ड मे स्थित : गोरखपुर - नौतनवा, स्टेशनों के मध्य : आनन्दनगर - लक्ष्मीपुर, हाल्ट स्टेशन का नाम : लोकविद्धापीठ नगर, किस जिले में हाल्ट स्थित है : महराजगंज, क्र.सं. 12. खण्ड मे स्थित : गोरखपुर - नौतनवा, स्टेशनों के मध्य : पीपीगंज - आनन्दनगर, हाल्ट स्टेशन का नाम : रावतगंज, किस जिले में हाल्ट स्थित है : गोरखपुर। क्रम सं. 1 से 12 के लिए : आवेदन पत्र जमा करने की तिथि एवं समय: 22.05.2024 को 10.00 से 14.00 बजे तक। आवेदन पत्र खोलने की तिथि एवं समय : 22.05.2024 को 15.00 बजे। उपरोक्त हाल्ट/फ्लैग स्टेशनों के लिये स्थानीय इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र सीलबन्द लिफाफे में (जिस पर आवेदन किये गये हाल्ट/ फ्लैग स्टेशन का नाम अंकित हो) आमंत्रित किया जाता है। जो कि मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) पूर्वोत्तर रेलवे, अशाकमार्ग, लखनऊ -226001 के कार्यालय मे निविदा कक्ष में रखे निविदा बाक्स में उपरोक्त तिथि एवं समय पर डाले जायेगे। इस सूचना संबंधी विस्तृत जानकारी रेल नेट के वेब साइट "http.www.ner. indianrailways.gov.in" पर कर सकते है।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य, लखनऊ**
**मुजाधि/वा० - 19**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

## एक नजर

### मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

रुपईडीह, अमृत विचार : मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के कस्बा आर्य नगर निवासी राजू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त व आरक्षी सत्येंद्र यादव द्वारा की गई है।

### जानमाल की धमकी देने का लगाया आरोप

रुपईडीह, अमृत विचार : खरगुपुर के डुड़वा गांव निवासी इंद्रकांत पांडेय ने कुएं के निर्माण को लेकर गांव के ही कुछ लोगों पर जान माल की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर 114 लोग किए गए पाबंद

रुपईडीह, अमृत विचार : खरगुपुर की पुलिस चौकी पिपरा बाजार क्षेत्र के गांव में आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए अब तक 114 लोगों को पाबंद किया गया है। चौकी प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर नियमित रूप से गांव-गांव का भ्रमण किया जा रहा है।

### युवक ने लगाई फांसी

इटियाथोक, अमृत विचार : आम के पेड़ से रस्सी के सहारे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने शनिवार को बताया कि ग्राम हिंदू नगर के अतुल कुमार पुत्र इंद्रभान मिश्र ने शुक्रवार को गांव में ही रामचंद्र मिश्र के बाग में आम के पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर बाद घटना की जानकारी हुई।

# प्रदेश के टॉप टेन में जिले में हाईस्कूल के तीन और इंटरमीडिएट के 11 बच्चे

## हाईस्कूल का 90.32 तथा इंटरमीडिएट का 87.25 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शनिवार को दोपहर में जारी यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में गोंडा जिले के बच्चों ने रिकार्ड कायम कर दिया। प्रदेश की टाप टेन सूची में हाईस्कूल के तीन तथा इंटरमीडिएट के 11 बच्चों ने अपना स्थान कायम किया। जिले में हाईस्कूल के 51460 बच्चे इनरोल्ड थे। इसमें सेस 47872 बच्चों ने परीक्षा दी थी। इसमें 43237 बच्चों ने परीक्षा पास की। इसी तरह इंटरमीडिएट में 41138 बच्चे पंजीकृत थे। इनमें 40647 बच्चों ने परीक्षा दी थी। इसमें 35466 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

इंटर का परीक्षा परिणाम 87.25 प्रतिशत रहा, जबकि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 90.32 प्रतिशत रहा। प्रदेश की सूची में हाईस्कूल-टाप टेन सरस्वती विद्यामंदिर मालवीय नगर की प्रज्ञा श्रीवास्तव ने छठवीं रैंक हासिल की है। उन्हें 600/585 नंबर प्राप्त हुए। प्रज्ञा ने 97.50 अंक बटोरे हैं। रामलखन शुक्ल स्मारक इंटर कालेज बखरौली छपिया के प्रिंस कुमार 9 वें रैंक पर रहे। उन्हें 600 में 582 अंक प्राप्त हुए। 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रिंस टाप टेन में स्थान पाने में सफल रहे। इसी तरह टाप टेन में इस्मित कौर डीबीएमएचएस गर्ल्स स्कूल करनैलगंज की छात्रा हैं और उन्होंने 600/581 प्राप्त किए। उन्हें 96.83 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसी तरह इंटरमीडिएट में टाप टेन में 11 बच्चों ने जगह बनाई है। इंटरमीडिएट के प्रदेश सूची में टाप सेवन पर सना खातून सरदार पटेल इंटर कालेज विनोहिनी अर्जुनपुर गोंडा ने 483/500 अंक प्राप्त किए। उन्हें 96.60 प्रतिशत अंक मिले हैं। शिवाकांत पांडेय को 483 अंक मिले हैं। वह सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज इटियाथोक में पढ़ते थे। बुसरा जाबी को भी 483 अंक मिला है। वह इंदिरा कुंवरि स्मारक इंटर कालेज रामतीरथ नगर इटियाथोक की छात्रा रही। आठवें नंबर पर स्मृति शुक्ला-श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज खरगूपुर को 482 अंक मिले। इसी तरह अनुकृति श्रीवास्तव श्री चित्रगुप्त इंटर कालेज करनैलगंज को 482, शशि वर्मा पदुमनाथ शुक्ला इंटर कालेज दुल्हापुर बनकट 482 पाकर टाप आठ में रहे। नवें नंबर पर शिवदर्शन तिवारी 481- सरस्वती विद्या मंदिर इं का इटियाथोक रहा। टाप टेन में चार बच्चे सफल रहे। अजीत कुमार कन्हैयालाल इंटर कालेज करनैलगंज 480/500 अंक मिले। इसी तरह टाप टेन में मानस पांडेय मार्डन सिटी मांटेसरी इंटर कालेज 480 नंबर, प्रमोद मौर्य पंडित अर्जुन त्रिपाठी पिरवरतारा 480, सुमन यादव, ज्ञान दीप एकेडमी सकदरपुर ने भी 480 अंक प्राप्त किए।



परिणाम घोषित होने के बाद खुशी जताते बच्चे। अमृत विचार

### प्रज्ञा श्रीवास्तव, प्रिंस और इस्मित कौर ने लगाई छलांग



प्रज्ञा श्रीवास्तव प्रिंस कुमार इस्मित कौर

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा देने वाले बच्चों ने ऊंची छलांग लगाकर प्रदेश के टाप टेन सूची में अपना स्थान बनाया है। प्रदेश स्तर की मेरिट में टाप टेन में तीन बच्चों ने अपना नाम दर्ज कराया है। वैसे जिले की टाप टेन सूची में कई अन्य बच्चों ने 90 परसेंटाइल से अधिक नंबर प्राप्त किया है। जिले की टाप टेन सूची में 29 बच्चों ने अपना जलवा कायम किया है। इन सभी बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक नंबर प्राप्त हुए हैं। 29 बच्चों में 17 बेटियां हैं जिन्होंने लड़कों से आगे निकलकर अपने विवेक का लोहा मनवाया है। नगर के मालवीय नगर स्थित सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज में कक्षा 10 की छात्रा प्रज्ञा श्रीवास्तव पुत्री अविनाश श्रीवास्तव ने प्रदेश की सूची में छठवां स्थान प्राप्त किया है। प्रज्ञा को 600 में 585 अंक प्राप्त हुए। वह प्रदेश की सूची में छठवें तथा जिले की सूची में पहले स्थान पर है। वहीं राम लखन शुक्ल स्मारक इंटर कालेज बखरौली छपिया के प्रिंस कुमार 9 वें रैंक पर रहे। प्रिंस कुमार जिले की टाप टेन सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इसी तरह करनैलगंज इस्मित कौर ने भी टाप टेन में जगह बनाकर अपने मेधा का लोहा मनवाया है। इन सभी बच्चों का ध्येय आइएएस बनना है।

# इंटर के 42 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल

## उपलब्धि

- 11 बच्चे प्रदेश की सूची में स्थान पाने में रहे कामयाब
- शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में जिले का रिजल्ट 87 प्रतिशत से अधिक रहा। 42 बच्चे जिले की टाप टेन सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे, जबकि इनमें से 11 बच्चों ने प्रदेश की टाप टेन मेरिट में अपना स्थान बनाने में कामयाब रहे।

प्रदेश की सूची में जिन 11 बच्चों ने अपना स्थान हासिल किया है उनमें सरदार पटेल इंटर कालेज विनोहिनी अर्जुनपुर गोंडा की सना खातून ने 500 प्राप्तांक में 483 अंक प्राप्त किए। उन्हें 96.60 प्रतिशत अंक मिले।

इसी तरह सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज इटियाथोक के शिवाकांत पांडेय को 500 में 483 अंक मिले हैं। इंदिरा कुंवरि स्मारक इंटर कालेज रामतीरथ नगर इटियाथोक की बुसरा जबी को 483 अंक प्राप्त हुए हैं।

श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज खरगूपुर की स्मृति शुक्ला को 482 अंक मिले हैं वह प्रदेश की सूची में आठवें नंबर पर हैं। श्री चित्रगुप्त इंटर कालेज करनैलगंज की छात्रा अनुकृति श्रीवास्तव को भी 482 अंक प्राप्त हुए हैं। पदुमनाथ शुक्ला इंटर कालेज दुल्हापुर बनकट की छात्रा शशि वर्मा 482 पाकर टाप आठ में रहीं।

सरस्वती विद्या मंदिर इं का इटियाथोक के छात्र शिवदर्शन तिवारी ने 481 अंक प्राप्त किए। इसी तरह टाप टेन में चार बच्चे और शामिल हुए। सभी को बराबर अंक मिले हैं। इनमें अजीत कुमार कन्हैयालाल इंटर कालेज करनैलगंज को 480, मानस पांडेय मार्डन सिटी मांटेसरी इंटर कालेज गोंडा 480 नंबर, प्रमोद मौर्य पंडित अर्जुन प्रसाद त्रिपाठी पिरवरतारा 480, सुमन यादव ज्ञान दीप एकेडमी सकदरपुर बभनान ने भी 480 अंक प्राप्त किए।

इसी तरह जिले की टाप टेन सूची में 42 बच्चे शामिल हुए हैं इनमें संजय यादव 95.80, मनोज कुमार वर्मा 95.60, प्रीति गुप्ता 95.60, कुसुम मिश्रा 95.60, अनामिका द्विवेदी 95.40, नीलाक्षी सिंह 95.40, अजय गौतम 95.20, अदिति सिंह 95.20, मुबीन 95.20, रतनप्रिया त्रिपाठी 95, सूरज 95, संदीप वर्मा 95, सचिन कुमार पांडेय 94.80, मनीष यादव 94.80, मुस्कान वर्मा 94.80, अनिल चौहान 94.80, सालू तिवारी 94.80, अनिकेत पांडेय 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

अभिषेक गुप्ता 96.60, दीपक कुमार यादव 95.40, तन्वी द्विवेदी 94.80, विनय मौर्य 94.40, नवीन कुमार 93.80, कमल कुमार चौरसिया 93.20, सीमा मौर्या 93.20, शिव कुमार पांडेय 93. प्रज्ञा 92.60, वर्तिका पांडेय 92.60, सौम्या मिश्रा 92, अनुपम कुमार 92, दिवाकर दत्त गौर 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कहा गया कि जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए सभी को कड़ी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए ताकि आगे चलकर भविष्य में बच्चों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। मेहनत ही सफलता की कुंजी है।



अनुकृति श्रीवास्तव बुसरा जबी



स्मृति शुक्ला



अजीत कुमार



सना खातून



शिवाकांत पांडेय



शिवदर्शन तिवारी



मनोज वर्मा

## इन मेधावियों ने 90 परसेंटाइल से ऊपर नंबर लाकर किया नाम रोशन

### जिले के इंटर के मेधावियों के नाम व अंक प्रतिशत में

93.4



मोनिका यादव

95.20



अदिति सिंह

94.6



अंशिका

95.2



महेश यादव

-92.8



अंजू वर्मा

92



राधा वर्मा

95.2



अजय गौतम

92



शेखर बौद्ध

94



शिवांशु तिवारी

96.05



कृष्णा कसौधन

96



अभिषेक तिवारी

95.5



विमल चौहान

96.8



जान्हवी कौशल

### हाईस्कूल के मेधावियों के नाम व प्राप्तांक प्रतिशत

96



सौरभ शुक्ला

90.95



शिवम

92.5



अंशी शुक्ला

95.83



शिवांश गुप्ता

96.62



संजना मौर्या

95.50



रोली तिवारी

91



आस्था सिंह

92.33



आयुषी सिंह

92.2



अमित

96



दीपक वर्मा

96.17



आराध्या शुक्ला

94 प्रतिशत



खुशी मिश्रा

## हौसले की उड़ान



रोजवुड इंटर कॉलेज में परीक्षा परिणाम आने के बाद खुशी जताते बच्चे। अमृत विचार

# पार्वती देवी कॉलेज का 90% रिजल्ट

**रुपईडीह, अमृत विचार:** हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में पार्वती देवी इंटर कॉलेज आर्य नगर के छात्र आलोक यादव ने 90.33% प्रतिशत अंक तथा इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रियंका तिवारी ने 93.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। छात्र-छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमारी, विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार राव, प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी, सेवानिवृत्त जिला लेखाकार हरिशंकर राव, सतीश शुक्ल, प्रभु प्रकाश आदि लोगों ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की है।

# रोजवुड इंटर कॉलेज के बच्चों ने लहराया परचम

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शनिवार को आए परीक्षा परिणाम में नगर के रोजवुड इंटर कालेज का दबदबा कायम रहा। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रोजवुड इंटर कॉलेज की हाईस्कूल में संस्कृति सिंह ने 95.66 प्रतिशत तथा दिव्यांशी मौर्या ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले की मेरिट सूची में अपना नाम अंकित कराया है। हाईस्कूल में 20 बच्चों ने 95 प्रतिशत से 91 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करके विद्यालय में अपना स्थान बनाया है। विद्यालय के संस्थापक राकेश पाण्डेय, प्रबंधक अमित पाण्डेय तथा प्रधानाचार्या सरिता पाण्डेय ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अमित पांडेय ने बताया कि रोजवुड कालेज शिक्षा के साथ संस्कार भी देता है।

## खुशी से चहके

- 95.5 प्रतिशत बच्चों ने हासिल की सफलता
- स्कूल के संस्थापक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# रिजल्ट आते ही खुशी से झूमे 350 बच्चों को बांटे परीक्षा फल

संवाददाता, खरगूपुर

**अमृत विचार:** परीक्षा फल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी। शनिवार को सत्य सांई शिक्षा निलयम इंटर कालेज खरगूपुर में विभिन्न कक्षाओं के 350 छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने परीक्षा फल वितरित किया। जिसमें कक्षा छह से नौ व 11 की छात्र-छात्राएं शामिल रहीं।

एक वर्ष के कठिन परिश्रम के बाद परीक्षा फल मिलने से उनके चेहरों पर खुशी झलक रही थी। इस मौके पर राम जी तिवारी, शिव नारायण शुक्ल, अभिषेक, पुरुषोत्तम यादव, गुड़िया तिवारी, शिम्पी प्रजापति आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यदि जीवन में सफलता हासिल करनी है तो मेहनत ही एकमात्र ऐसी कुंजी है जिससे यह संभव है।



बच्चों में बांटा गया परीक्षा फल। अमृत विचार

## जज्बा

### हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं ने जताई मन की इच्छा, सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया

# डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं मेधावी



बुसरा को मिठाई खिलाते माता- पिता। अमृत विचार



प्रज्ञा का मुंह मीठा कराते शिक्षक साथ में परिजन। अमृत विचार



शिवाकांत को मिठाई खिलाते शिक्षक।



बाबा व दादी के हाथ से मिठाई खाती स्मृति। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं ने बताया कि वह लोग भविष्य में आईएएस, आईपीएस बनने के लिए तैयारी करेंगे। वहीं कुछ छात्रों ने बताया कि चिकित्सा व इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नाम रोशन करना चाहते हैं। छात्रों ने बताया गया है कि जो सफलता मिली है उसमें माता-पिता के साथ-साथ गुरुजनों का आशीर्वाद है। समय सारणी बनाकर पढ़ना व नोट्स तैयार करके प्रतिदिन अध्ययन करना ही सफलता का राज है। उन्होंने बताया कि पढ़ने के लिए एकाग्र होना व लक्ष्य प्राप्त होने तक मेहनत करना अति आवश्यक है। सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है।

**सिविल सेवा में जाकर करेंगी देश की सेवा:** इंद्र कुंवरि स्मारक इंटर कालेज रामतीरथ नगर इटियाथोक की बुसरा जबी इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता के लिए गुरुजनों व माता-पिता के आशीर्वाद बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें भविष्य में सिविल सेवा के क्षेत्र में जाने के लिए तैयारी करना है। सिविल क्षेत्र में कैरियर बनाना एकमात्र उद्देश्य है जिसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है। वह सिविल सेवा में जाकर ही देश की सेवा बेहतर तरीके से कर सकती हैं।

**अब इंटर की बारी, फिर आगे होगी तैयारी:** सरस्वती विद्यामंदिर मालवीय नगर की मेधावी छात्रा प्रज्ञा श्रीवास्तव ने कहा कि अभी तो हमने हाई स्कूल परीक्षा पास की है। कड़ी मेहनत व लगन का नतीजा रहा कि प्रणाम सकारात्मक आया है। आगे इंटरमीडिएट की परीक्षा भी बेहतर अंक से पास कर आगे की तैयारी का खाका तैयार करेंगे। सफलता में गुरुजन व माता-पिता का अहम योगदान है।

**इंजीनियर बनकर करेंगे देश की सेवा:** सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज इटियाथोक के शिवाकांत पांडेय को 500 में 483 अंक मिले हैं। शिवाकांत पांडेय ने बताया कि इंटरमीडिएट में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिल गई है। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने का प्रयास करना है। सफलता के लिए गुरुजन व माता-पिता का आशीर्वाद मिला।

**चिकित्सा क्षेत्र के जरिए लोगों की सेवा का है भाव:** श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज खरगूपुर की छात्रा स्मृति शुक्ला ने बताया कि अथक प्रयास से सफलता मिली है। इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक आए हैं। इसके लिए गुरुजन व माता-पिता तथा रिश्तेदारों का आभार है। भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने को लेकर तैयारी की जाएगी। प्रयास जारी रहेगा।

## एक नजर

### आज दो घंटे बाधित रहेगी मनकापुर की बिजली

**मनकापुर, अमृत विचार :** रविवार को मनकापुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न फीडरों की सप्लाई दो घंटे के लिए बंद रहेगी। सहायक अभियंता शत्रुघन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई समीप स्थित 132 केबी सब स्टेशन पर रविवार सुबह नौ बजे से दोपहर ग्यारह बजे तक मेंटेनेंस का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण मनकापुर टाउन, तहसील फीडर, मोतीगंज फीडर, मसकनवा फीडर, नवोदय फीडर, आईटीआई, रेहरा फीडर, नवोदय फीडर आदि जगहों की बिजली सप्लाई पूर्ण रूप से बंद रहेगी। हालांकि बिजली बाधित होने से उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई भी होगी। सप्लाई बंद होने से मनकापुर बाजार, मसकनवा बाजार सहित तमाम जगहों पर विद्युत सप्लाई दो घंटे के लिए बाधित रहेगी।

# अभिभावक खफा: कमीशन के चक्कर में हर बार बदल दी जाती हैं किताबें

## हजार रुपये की किताब चार हजार में खरीदने को अभिभावक विवश, प्राइवेट स्कूल निजी प्रकाशकों को लाभ पहुंचाने के लिए चला रहे महंगी किताबें

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचारः** प्राइवेट स्कूल प्रत्येक वर्ष निजी प्रकाशकों से मिलकर कमीशन के लिए हर वर्ष स्कूल कोर्स की किताबें बदल देते हैं। स्कूल निजी प्रकाशकों को लाभ पहुंचाने और खुद के कमीशन के चक्कर में महंगी किताबें चला रहे हैं। सीबीएसई के अनुसार स्कूलों में सिर्फ एनसीईआरटी की किताबें चलाई जानी चाहिए, जबकि ऐसा कोई विद्यालय नहीं कर रहा है। अब तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस बात पर जोर दिया गया है।



इस तरह बंडल बनाकर कक्षावार बेची जाती हैं पुस्तकें। अमृत विचार



किताबें जो निजी स्कूलों में चलती हैं। अमृत विचार

इन सबके बाद भी निजी स्कूल और प्रकाशक अपने हितों की पूर्ति के लिए अभिभावकों को अच्छी खासी चपत लगा रहे हैं। स्कूल निजी प्रकाशकों को लाभ पहुंचाने और खुद के कमीशन के चक्कर में महंगी किताबें चला रहे हैं। स्कूल का अप्रैल से सत्र प्रारंभ होता है और इसी के साथ किताबें खरीदने की बारी आती है। कक्षा एक की किताबें तीन हजार तक मिलती हैं। यह निचली कक्षाओं में किताब खरीदने की राशि है। जैसे-जैसे ऊपरी कक्षा में बढ़ते जाएंगे किताब का दाम भी बढ़ता जाएगा। छठी-सातवीं में तो पूरी किताब का सेट पांच से छह हजार रुपये में मिल रहा है। यही अगर स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें चलतीं तो औसतन एक हजार से दो हजार तक में हो जाता है। अब आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि निजी प्रकाशक स्कूल प्रबंधन संग मिलकर किस तरह अभिभावकों की जेब पर चोट कर रहे हैं। सीबीएसई पैटर्न का पाठ्यक्रम एक समान होता है, लेकिन निजी स्कूलों में पब्लिशर्स राइटर्स की संख्या सैंकड़ों में है। यानी जितने स्कूल उतने प्रकाशक। एक ही कक्षा, लेकिन स्कूल अलग तो किताब भी अलग। केंद्रीय विद्यालयों में सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई होती है। यहां पूरी किताबें एनसीईआरटी की लगी हैं। सातवीं कक्षा के पूरे कोर्स की किताबों का मूल्य मात्र एक हजार रुपये के करीब होता है। जबकि निजी स्कूलों में यह चार हजार रुपये में है।

सूत्रों के अनुसार स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें इसलिए चलाते हैं क्योंकि उन्हें 30 से 40 प्रतिशत कमीशन मिलता है। सत्र शुरू होने से पहले ही डीलर के एजेंट विद्यालय प्रबंधन से मिलकर सब तय कर चुके होते हैं। प्राइवेट स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों ने बताया कि एक तो विद्यालय की मोटी फीस ऊपर से किताबों के लिए मनमानी दाम व मजबूरी रहती है कि उनके बताए स्थान के अलावा और कहीं किताबें नहीं मिलेंगी। इसलिए अभिभावकों को मजबूर होकर किताबों को खरीदना पड़ता है। एक अभिभावक ने बताया कि उनका बेटा कक्षा छह में पढ़ता था। इस वर्ष वह पास होकर सात में गया, जिसकी पुरानी किताबें इस वर्ष छह में गए किसी बच्चे को देने के लिए रख रखी थी, पर इस वर्ष उस कक्षा की किताबें बदल गयी हैं। जबकि आरटीआई ने नियम बनाये हैं कि स्कूल के एक किमी के दायरे में किताब की दुकान नहीं चला सकते। स्कूलों में किताबों की सूची ओपन टू आल होनी चाहिए। तीन वर्ष से पहले किसी कोर्स की पुस्तकों में परिवर्तन नहीं होना चाहिए। स्कूल किसी भी अभिभावक को किसी विशेष पुस्तक विक्रेता के यहां से पुस्तक खरीदने को बाध्य नहीं कर सकते हैं। कोर्स बदलने से पहले स्कूलों को शिक्षा विभाग को जानकारी देनी होती है। एक भी स्कूल ऐसा नहीं करते। न तो स्कूल ऐसा कर रहे हैं और न ही शिक्षा विभाग जांच करता है। नतीजा यह निकल रहा है कि हर वर्ष अभिभावकों की जेब कट रही है।

# एसपी के निर्देश पर परखी गई न्यायालय की सुरक्षा

## पुलिस ने चलाया अभियान, संदिग्ध लोगों की तलाशी ली

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** न्यायालय परिसर के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने सघन अभियान चलाकर चेकिंग की। नगर कोतवाली पुलिस ने व्यापक रूप से चेकिंग अभियान चला कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर न्यायालय परिसर में संदिग्ध व्यक्ति एवं वस्तुओं की चेकिंग के लिए अभियान चलाने को कहा।



दीवानी न्यायालय परिसर में सुरक्षा की जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

निर्देश के क्रम में नगर कोतवाल की अगुवाई में पुलिस बल, न्यायालय सुरक्षा प्रभारी, डॉग स्क्वायड टीम, स्थानीय अभिसूचना इकाई के साथ न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। न्यायालय परिसर में मेटल डिटेक्टर, स्कैनर मशीन, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया गया। ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने व सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने करने को लेकर निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस दौरान न्यायालय परिसर के बंदी हवालात व सुरक्षा-व्यवस्था में लगे पुलिस बल को चेक कर ब्रीफ किया गया तथा न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर विचार किया गया।

इस दौरान नगर कोतवाल राजेश सिंह उप निरीक्षक भानु सिंह सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों की सुरक्षा को लेकर हुई चेकिंग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पेट्रोलियम प्रतिष्ठानों के सुरक्षा के इंतजाम को परखने के लिए पूरे जिले में चेकिंग अभियान चलाया गया। संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष व पुलिसकर्मियों ने गैस एजेंसी व पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति देखकर संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाये रखने के लिए जनपद के समस्त पेट्रोल पम्पों, गैस एजेंसियो की नियमित तौर पर गशत कर चेकिंग करने के लिए जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया। निर्देश के क्रम में जनपदीय पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले पेट्रोल पम्पों, गैस एजेंसियों पर जाकर सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया तथा संचालकों से वार्ता कर सुरक्षा प्रबन्ध को लेकर 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने को कहा गया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी पेट्रोल पंप पर निर्धारित प्रारूप में निरीक्षण रजिस्टर रखने को निर्देशित किया गया। जिसमें समय समय पर निरीक्षण करने वाले पुलिस अधिकारी द्वारा अपना निरीक्षण नोट अंकित किया जाएगा। पूरे जनपद में प्रतिष्ठानों को जांच पड़ताल की गई है।

# जांच में पकड़ी नकदी व चांदी के बिस्कुट

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** सतर्कता टीम नें गोंडा-लखनऊ हाइवे पर एक कार से 5 लाख 90 हजार रुपये नकद व करीब दो किलो चांदी के बिस्कुट बरामद किया है। जांच के लिए जीएसटी व आयकर विभाग को लिखा पढ़ी की गई है।

शनिवार दोपहर सतर्कता टीम के प्रदीप कुमार मौर्य (सिचाई विभाग) के अगुवाई में उपनिरीक्षक हरिशचंद्र पांडेय, संजय सिंह के साथ आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे। लखनऊ की तरफ जा रही कार को जांच दल ने रोका उनकी तलाशी ली तो कौड़िया निवासी कृष्ण कुमार के पास 5 लाख रुपये नकद बरामद हुए वहीं उसी कार में बैठे महेंद्र कुमार सोनी निवासी कौड़िया के पास 90 हजार रुपये व दो किलो के करीब दो चांदी के बिस्कुट भी बरामद किये। जांच टीम ने कागज मांगे जिसे कोई दिखा नही सके। इन सबको कोतवाली लाया गया। जहाँ बरामद सभी माल को जब्त कर लिया गया। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि 5 लाख 90 हजार व दो किलो के करीब चांदी की जब्ती कर आयकर व जीएसटी विभाग को जांच के लिए भेजा गया है।

### बदमाशों ने सेल्समैन को किया लहूलुहान

**मनकापुर, अमृत विचार :** कस्बा स्थित पेट्रोल पम्प पर शुक्रवार की देर तीन बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मी से कैश लूटने की कोशिश की, जिसमें असफल होने पर कर्मी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ले पटेल नगर स्थित युगराज ऐनर्जी पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मी प्रमोद कुमार बरवार निवासी माथेपर थाना वजीरगंज ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि शुक्रवार देर रात लगभग सवा ग्यारह बजे भिटौरा निवासी प्रांजल गुप्ता अपने साथी किशन गुप्ता व अमर गुप्ता के साथ पंप पर तेल भरवाने आये। जैसे ही तेल डालने गया तुरंत ही लाठी डंडे से पीट कर घायल कर पीड़ित के पास रखा रुपयों के बैग को छीन कर भागने की कोशिश करने लगे। शोर होने से लोग इकट्ठा होने पर कैश ले जाने में असफल होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# आग से दो घर व गेहूं की फसल जली

**तरबगंज, अमृत विचारः** स्थानीय थाना क्षेत्र के धौरहरा घाट के मजरा बाबापुरवा में अज्ञात कारणों से दोपहर में लगी आग से कच्चे मिट्टी के बने दो घर जल कर राख हो गये। भीषण अग्निकांड के बाद भी मौके पर अग्निशमन विभाग के कमी नहीं पहुंच सके। तरबगंज नवाबगंज मार्ग स्थित धौरहरा घाट के बाबा पुरवा गांव में अज्ञात कारणों से दोपहर में लगी आग की लपटो ने दुर्गा पाल पुत्र रामदीन अनिल कुमार पाल पुत्र देवी दीन के घर को अपने आगोश में ले लिया। घर की सारी गृहस्थी के साथ तैयार गेहूं और भूसा भी जल कर राख हो गया और घर के दर्जनों परिवार व बच्चे चल रही लू और गर्मी के बीच खुले आसमान की साये में जीने पर विवश हो गए है। देर शाम तक मौके पर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा था। शुक्रवार को तैयार गेहूं की फसल जब धू धू कर जलने लगी तो ग्रामीण कुछ समझ पाते उसके पहले ही आग अपना पांव फैला चुकी थी। ग्रामीणों की कड़ी मेहनत से सैकड़ों एकड़ जलने से बच गया। परसपुर थाना क्षेत्र के त्यौरासी गांव में शुक्रवार की रात आठ बजे किशुन यादव का खेत जलने लगा गांव के लोग खेत की तरफ दौड़े लेकिन तब तक डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल एवं दो बीघा गन्ने की नर्सरी जल कर राख हो गयी। वहीं बगल में लगी रामप्रताप पासवान का दो बीघा गेहूं तथा रामानन्द का तीन बीघा गेहूं जल कर राख हो गया।



आग से जला घर और सामान। अमृत विचार

# विभिन्न दलों के नेता भाजपा में शामिल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर मोदी एवं योगी की नीतियों से प्रभावित होकर सपा व कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के 2022 चुनाव में विधानसभा के लिए आवेदक रहे जिला सचिव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बब्बू सिंह विसेन एवं पूर्व में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी रहे विष्णु दत्त सिंह बिसेन जिला अध्यक्ष प्रधान संघ गोंडा के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सपा एवं कांग्रेस के लोगों को भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। बब्बू सिंह बिसेन ने कहा कि समाजवादी पार्टी में माफिया राज एवं भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। जिले पर बिना किसी पदाधिकारी कार्यकर्ता से पूछे जबरदस्ती आयातित प्रत्याशी को थोप दिया है। विष्णु दत्त बिसेन ने कहा कि कांग्रेस में रहते समय उन्होंने बेनी प्रसाद वर्मा को चुनाव लड़ाया था। चुनाव जीतने के बाद वह कभी लौटकर नहीं आए। उन्होंने जो लोग लुभावना वादे गोंडा की जनता से किया था इसका एक परसेंट भी धरातल पर नहीं उतरा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन चौहान, प्रधान परसा सुहास अनिल वर्मा, प्रधान इमलिया मिश्र राजेंद्र मिश्रा, पूर्व प्रधान गौरवा कानूनगो, पवन जायसवाल, पूर्व प्रधान बनभूसराय विजय भान सिंह, पूर्व प्रधान सोनी हरलाल विनय शंकर तिवारी, प्रधान चोरी हर्षो पट्टी पिंटू तिवारी, प्रधान सराय जरगढ़ ताज मोहम्मद, प्रधान गढ़वा कानूनगो विवेक शुक्ला, पूर्व प्रधान राजेश शुक्ला, बीडीसी नगमा, अमित, नितिन सिंह, पवन सिंह, बीडीसी बलराई केडी त्रिपाठी, बीडीसी इमलिया मिश्रा अंगद मिश्र, समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, 11 बूथ अध्यक्ष, 12 प्रधान, 10 पूर्व प्रधान, 10 बीडीसी एवं एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा में शामिल हो गए।



भाजपा में आए लोगों का माल्यार्पण करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# प्रकृति के प्रति संवेदना इंसानियत की निशानी

## नेचर क्लब फाउंडेशन ने विभिन्न स्कूलों में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** विद्यार्थियों में पर्यावरण तथा पशु पक्षियों के प्रति संवेदना जगाने के उद्देश्य से नेचर क्लब फाउंडेशन के द्वारा गोण्डा शहर के वेदम स्कूल, लक्ष्मणपुर और माडर्न सिटी मांटेसरी स्कूल, विष्णुपुरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने, मानसून में पेड़ लगाने की तैयारी अभी शुरू करने, पशु पक्षियों के प्रति दयालु बनने तथा उसके लिए पशु उत्पादों के स्थान पर अधिकाधिक फल, सब्जी, दालें आदि खाने की आदत डालने, सर्प जागरूकता, अपने घर के पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर हमेशा के लिए उनकी रक्षा की सौगंध लेने, अपने घर के बाहर प्राणियों के लिए नादा रखने आदि के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को इन चीजों पर काम शुरू करके आगामी धरती दिवस पर इसके बारे में स्कूल में आकर बताने की जिम्मेदारी दिया गया जिसे सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ करने का वादा किया।



बच्चों को प्रकृति के प्रति जागरूक करते नेचर क्लब के अभिषेक दूबे। अमृत विचार

नेचर क्लब गोण्डा के अभिषेक दुबे ने बताया कि बच्चे पर्यावरण और जीवों की रक्षा के विषय में पढ़ते अवश्य हैं लेकिन उसके प्रति उनके भीतर संवेदना उत्पन्न नहीं होती अतः नेचर क्लब ऐसे कार्यक्रम करके बच्चों में प्रकृति व प्राणियों के प्रति संवेदना जगाने का प्रयास कर रहा है ताकि आने वाली पीढ़ी ज्यादा समझदार और संवेदना से भरी हो जिससे पर्यावरण और प्राणियों के साथ अच्छा व्यवहार सभी की आदत और संस्कार में शामिल हो सके। अभिषेक ने बताया कि वे ऐसे कार्यक्रम स्कूलों और गांवों में करते रहते हैं और इससे सभी लोगों को जुड़ना चाहिए ताकि हम अपना भविष्य बचा पाएं।

### मतदाता जागरूकता के संबंध में ट्रांसजेंडर्स से की गई बैठक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के संबंध में ट्रांसजेंडरों के साथ बैठक कर जनपद में आगामी 20 मई, 2024 को होने वाले मतदान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में बैठक की। ट्रांसजेंडर पूजा मिश्रा ने बताया कि हम लोग मतदाता जागरूकता के संबंध में बैनर, पोस्टर के साथ गांव- गांव जाकर ग्रामीण मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के संबंध में जागरूक करेंगे। कहा जागरूकता के संबंध में हम गांव में विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटक एवं कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। जिसके माध्यम से हमारे जनपद के सभी मतदाता जागरूक होंगे, और आने वाले 20 मई को काफी संख्या में निकाल कर मतदान करेंगे।

# महिला कर्मियों के बच्चों की देखभाल को बने पालनघर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** गोंडा व कैसरगंज लोकसभा चुनाव पांचवें चरण में है। यहां 20 मई को मतदान होना है। मतदान में लगी महिला कर्मियों के बच्चों की देखभाल करने के लिए प्रशासन की ओर से चारों तहसील मुख्यालयों पर पालनघर बनाए गए हैं। बच्चों की देखभाल, खानपान व बच्चों को खिलाने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से किया गया है।

डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि यह व्यवस्था 19 और 20 मई के लिए की गई है। इन क्रेश में बच्चों के लिए रात में रुकने की भी व्यवस्था की गई है। पहली बार जनपद में इस तरह की पहल की गई है। डीएम ने बताया कि पोलिंग पार्टी में कई ऐसी महिला कर्मचारी भी सम्मिलित हैं जिनके बच्चे छोटे हैं। निर्वाचन ड्यूटी के दौरान उनके बच्चों की देखरेख के लिए जनपद मुख्यालय तथा तहसील मुख्यालय पर 19 और 20 मई के लिए पालन घर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि क्रेश को ऐसी जगह पर स्थापित कराया गया है जहां पेयजल, विद्युत, प्रसाधन आदि संबंधित सभी मूलभूत सुविधाएं अच्छी स्थिति में हों। इसके लिए प्राइवेट स्कूल को इसमें शामिल किया गया है।

### यहां बनाया गया है पालन घर

फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल सरकुलर रोड गोंडा-मुख्यालय स्तर पर
एम्स इंटर कॉलेज आवास विकास गोंडा-तहसील सदर के लिए
मार्डन पब्लिक स्कूल मनकापुर-तहसील मनकापुर के लिए
ओम सांई इंटरनेशनल स्कूल तरबगंज-तहसील तरबगंज के लिए
पीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल करनैलगंज-तहसील करनैलगंज

अनदेखी

सरकारी सिस्टम और जनप्रतिनिधियों के वादों पर उठने लगे हैं सवालिया निशान, ग्रामीणों ने कहा-चुनाव के दौरान यहां आने वाले नेता कई वादों को पूरा करने का देते हैं आशवासन

# माझा के कई गांवों में अब भी जुगाड़ का पुल और नाव ही हजारों ग्रामीणों का सहारा

संवाददाता, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचारः** जनपद के ऐली परसौली स्थित घाघरा नदी में करीब तीन वर्ष पहले हुई नाव दुर्घटना सरकारी सिस्टम और जनप्रतिनिधियों के वादों और इरादों पर सवालिया निशान उठने लगी है।

माझा इलाके में कई गांवों में आज भी लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को विवश हैं। चुनाव में लोकलुभावन वादे करने वाले राजनीतिक दलों के नेता जनता की समस्याओं और अपने वादों को लेकर कितने फिक्रमंद हैं इसकी जमीनी हकीकत पर रखने के लिए अमृत विचार प्रतिनिधि ने ऐली परसौली में जमीनी हकीकत का जायजा लिया और आम जनमानस से मिलकर इन पुलों को लेकर प्रतिक्रिया जानी। **पेश है भास्कर सिंह की रिपोर्ट**-ऐली परसौली में जनवरी 2020 में अधूरे पीपे के पुल से टकराकर एक नाव नदी में पलट गई थी, जिसमें एक अध्यापक सहित चार लोगों की डूबकर मौत हो गई थी। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने कैथी घाट पर पक्का पुल निर्माण का वादा किया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद जनता किन मुश्किलों से जूझ रही है इसकी फिक्र करना वह भूल जाते हैं। यहां पीपे के पुल निर्माण से जनता को 4 महीने तो आवागमन में सहूलियत मिल जाती है। लेकिन बरसात के शुरू होते ही पुल को खोल दिया जाता है जिसके बाद ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नाव का सहारा लेकर नदी पार करनी पड़ती है। थोड़ा आगे बढ़ने पर इसी गांव में केवटाही मजरे के सामने नाले पर एक पुलिया की दरकार थी। प्रधान को निर्देशित कर उन्होंने तो अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली, लेकिन इस गांव के लोगों को आज भी बरसात में जुगाड़ का पुल बांधना पड़ता है या फिर नाव का सहारा लेना पड़ता है। सोनौली मोहम्मदपुर में भी लोग नाव से ही नदी पार कर अपने खेतों तक पहुंचते हैं। मूर्तिहन घाट पर पक्का पुल निर्माण की मांग उठ रही है। क्षेत्रीय लोगों के साथ ही 84 कोसी परिक्रमा यात्री भी हर साल नदी पार कर गोंडा में दाखिल होते हैं।



इसी जुगाड़ के पुल से ग्रामीणों का हो रहा है आवागमन। अमृत विचार



आज भी आने-जाने के लिए नाव ही है ग्रामीणों का सहारा। (फाइल फोटो)

> कैथी घाट पर पक्का पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रयास जारी है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू होगा।
> -**प्रेम नरायन पांडे**, विधायक तरबगंज

> मामले की जानकारी की जाएगी। लोगों की सहूलियत के हिसाब से पुलिया का निर्माण करवाया जाएगा।
> -**विजयकांत मिश्र**, बीडीओ, बेलसर

# हाईस्कूल में तबस्सुम बानो, इंटर में शिवम ने किया जिला टॉप

## मेरिट में एचआरए, स्कॉलर एकेडमी तथा सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज का रहा दबदबा

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड वर्ष 2024 के परीक्षा परिणाम 10वीं की परीक्षा मे एच आर ए इंटर कॉलेज उतरौला की तबस्सुम बानो ने 96.17% अंको के साथ जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। 12वीं की परीक्षा में हाजी स्माइल इंटर कॉलेज सादुल्लाह नगर के छात्र शिवम जायसवाल ने 95.60% अंको के साथ जिले मे बाजी मारी है।

दसवीं की परीक्षा में दूसरे नंबर पर न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक इंटर कॉलेज परसा पलईडीह के छात्र शिवम 95.83% अंक के साथ रहे हैं। इसी परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला के छात्र मोहम्मद असद ने 95.67% अंको के साथ प्राप्त किया है। 12वीं की परीक्षा में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 95.40% अंको के साथ कुबेरमती पांडेय मेमोरियल इंटर कॉलेज श्रीदत्त गंज की छात्रा अन्विता पांडेय तथा इनामुल चर्च इंटर कॉलेज उतरौला के छात्र अन्वेष वर्मा रहे हैं ।12वीं की परीक्षा में तीसरे स्थान पर भी संयुक्त रूप से 95.20% अंको के साथ के एल वर्मा इंटर कॉलेज नया नगर के की छात्रा रोली वर्मा तथा श्री सद्गुरु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज रमनगरा लालपुर की छात्रा निलाक्षी देवी रही है। प्रदेश के टापरों की सूची में जिले के किसी भी परीक्षार्थी को कोई स्थान नहीं मिला है। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके स्कूलों के शिक्षकों तथा परिजनों ने बधाई दी है। मेरिट सूची में एच आर ए इंटर कॉलेज उतरौला बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज तथा स्कॉलर एकेडमी उतरौला का दबदबा रहा जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंदराम ने भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।


बलरामपुर में 12वीं की परीक्षा में जिला टॉप करने के बाद परिवार के साथ खुशी मनाते शिवम जायसवाल। अमृत विचार


हाईस्कूल परीक्षा में तबस्सुम बानो की शानदार सफलता पर मिठाई खिलाकर हौसला बढ़ाते माता-पिता। अमृत विचार

### हाईस्कूल के टॉप टेन परीक्षार्थी

| क्रमांक | नाम | प्रतिशत | विद्यालय |
|---|---|---|---|
| 1. | तबस्सुम बानो | 96.17 | एचआरए इंटर कालेज उतरौला |
| 2. | शिवम | 95.83 | न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक इंटर कॉलेज पलईडीह |
| 3. | मो. असद | 95.67 | स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला |
| 4. | इन्द्रेश कुमार | 95.50 | बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज |
| 5. | भावना यादव | 95.17 | बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज |
| 6. | सृष्टि सिंह | 95.00 | डॉ. बीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज गुमड़ी |
| 6. | माही वर्मा | 95.00 | स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला |
| 6. | नैन्सी त्रिपाठी | 95.00 | स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला |
| 7. | कमल संत | 94.67 | बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज |
| 7. | लवकुश वर्मा | 94.67 | स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला |
| 7. | तबस्सुम बानो | 94.67 | एचआरए इंटर कॉलेज उतरौला |
| 8. | रवींद्र मौर्या | 94.33 | किसान इंटर कॉलेज सिंह मुहानी |
| 8. | सोनी मौर्या | 94.33 | केएल वर्मा इंटर कॉलेज नया नगर |
| 9. | चित्रा | 94.17 | स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला |
| 9. | मो. असीम खान | 94.17 | इमानुएल चर्च इंटर कॉलेज उतरौला |
| 10. | खुशी पाठक | 94.00 | एसबी इंटर कॉलेज बिशुनपुर टनटनवा |
| 10. | अदिति सिंह | 94.00 | सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज |
| 10. | रवि कुमार | 94.00 | न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक इंटर कॉलेज पलईडीह |

### इंटरमीडिएट के टॉप टेन परीक्षार्थी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | शिवम जायसवाल | 95.60 | हाजी इस्माइल इंटर कॉलेज |
| 2. | अन्विता पांडेय | 95.40 | कुबेरमती पांडेय मेमोरियल इंटर कॉलेज |
| 2. | अन्वेशा वर्मा | 95.40 | इमानुएल चर्च इंटर कॉलेज उतरौला |
| 3. | रोली वर्मा | 95.20 | केएल वर्मा इंटर कॉलेज नयानगर |
| 3. | नीलाक्षी देवी | 95.20 | श्री सदगुरू शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज |
| 4. | सुमित तिवारी | 94.80 | कन्या इंटर कॉलेज हरैया |
| 5. | शिवानी मिश्रा | 94.20 | एच आर ए इंटर कॉलेज उतरौला |
| 6. | अनुज कुमार | 93.80 | एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर |
| 6. | रेशमी देवी | 93.80 | राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उतरौला |
| 6. | अन्वेष कुमार वर्मा | 93.80 | एसवीबीपी गर्ल्स इंटर कॉलेज गालिबपुर |
| 6. | सरिता वर्मा | 93.80 | डॉ बीआर अम्बेडकर इंटर कॉलेज गुमड़ी |
| 6. | अब्दुल रज्जाक | 93.80 | स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला |
| 6. | अनामिका वर्मा | 93.80 | श्री सदगुरू शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज |
| 6. | मोहिनी कैराती | 93.80 | श्री सदगुरू शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज |
| 6. | राघवेंद्र मणि त्रिपाठी | 93.80 | ईशावास्यम एजुकेशनल इकोपोडियम तुलसीपुर |
| 7. | दुर्गेश कुमार | 93.60 | एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर |
| 7. | आदिल हलीम | 93.60 | नूर पब्लिक इंटर कॉलेज गैसड़ी |
| 8. | नसरुद्दीन | 93.00 | एचआरए इंटर कॉलेज उतरौला |
| 8. | राकेश यादव | 93.00 | नूर पब्लिक इंटर कॉलेज गैसड़ी |
| 9. | अजय कुमार मौर्य | 92.80 | एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर |
| 10. | आयुष वर्मा | 92.60 | लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज पचपेड़वा |
| 10. | दुष्यन्त कुमार वर्मा | 92.60 | केएल वर्मा इंटर कॉलेज नयानगर |
| 10. | मोहम्मद सुहैल | 92.60 | रूदल प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज |

## एक नजर

### प्रशिक्षण से दूसरे दिन भी गायब रहे कई कर्मी

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण एमपीपी इंटर कॉलेज में आयोजित हो रहा हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने 4460 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिक प्रथम को मतदान कराने की बारीकियां दी। प्रशिक्षण के प्रथम एवं दूसरे दिन 1720 पीठासीन एवं मतदान कार्मिक प्रथम को 2 पालियों 10:30 से 1:00 एवं 2:00 बजे से 4:30 बजे प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें मतदान कार्मिकों ने मॉक पोल, विभिन्न रजिस्टर एवं प्रारूप को भरे जाने, ईवीएम एवं वीवीपैट से वोट कराए जाने की बारीकियां प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन कुल 17 मतदान कार्मिक एवं दूसरे दिन 21 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में बिना किसी वैध कारण एवं जानबूझकर प्रशिक्षण से अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरुद्ध कारवाई कार्रवाई की जाएगी।

### गायब डॉक्टर समेत 5 कर्मियों का सीएमओ ने रोका वेतन

**बलरामपुर।** शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंसड़ी में हीट वेव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल पांच कर्मी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों के वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने का निर्देश दिया।


मॉडर्न इंटर कॉलेज में सफल परीक्षार्थियों के साथ खुशी मनाते शिक्षक। अमृत विचार

### प्रदेश में जिले को हाईस्कूल में 52वां तथा इंटर में मिला 14वां स्थान

**बलरामपुर।** जिले में हाईस्कूल के 87.82 फीसद व इंटरमीडिएट में 87.36 फीसद परीक्षार्थियों ने यूपी बोर्ड परीक्षा पास किया है। प्रदेश के 75 जिलों में बलरामपुर को परिणाम में हाईस्कूल में 52वीं तथा इंटरमीडिएट में 14 वीं रैंक मिली है। यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में हाईस्कूल में 20989 बच्चे पंजीकृत थे, जिसके सापेक्ष 19856 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 87.82 फीसद के साथ 17 हजार 438 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं इंटरमीडिएट में 13406 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 13185 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 87.36 फीसद के साथ 11518 परीक्षार्थियों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है।


सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद देते प्राचार्य केपी यादव। अमृत विचार

# बढ़ई की बेटी ने 10वीं तो सफाईकर्मी के बेटे ने 12वीं में किया कमाल

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार।** कहते हैं की प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती यह बात चरितार्थ की है जिले के यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में दसवीं में एवं 12वीं में टॉप करने वाले परीक्षार्थियों ने। दसवीं की परीक्षा में जिला टॉप करने वाली छात्रा तबस्सुम बानो के पिता बढ़ई हैं तो 12वीं में जिले में अव्वल आने वाले शिवम जायसवाल के पिता एक सफाई कर्मी है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा में बेहतर अंक मिलने से मेधावियों के सपनों को पंख लग गए हैं। टॉपर छात्र-छात्राओं में से कोई डॉक्टर बनकर तो कोई प्रशासनिक अफसर बनकर देश सेवा करना चाहता है। अमृत विचार की टीम ने इन मेधावियों से बातचीत की तो उन्होंने अपने भविष्य की योजनाओं को कुछ इस तरह बताया पेश है एक रिपोर्ट-

**बेहतर सफलता मिलने पर मेधावियों के सपनों ने भरी उड़ान**

### डॉक्टर बनकर करूंगी गरीबों की सेवा : तबस्सुम

चांदपुर आलिया मधपुर उतरौला निवासी रिजवान की बेटी तबस्सुम बानो एच आर ए इंटर कॉलेज उतरौला से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिला टॉप किया है ।उनके पिता फर्नीचर का काम करते हैं। माता आबिदा खातून हाउसवाइफ है। तबस्सुम ने बताया कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती है। डॉक्टर बन कर वह गरीबों की सेवा करेंगी। यही नहीं मौका मिला तो वह सफलता के नए आयाम भी खड़ा करेंगी। उनकी सफलता पर परिजनों और अन्य लोगों ने बधाई संदेश दिया। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार व गुरुजनों को दिया है।

### डॉक्टर बनकर सेवा जनसेवा करेंगी अन्विता पांडेय

यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कुबेरमती पांडेय मेमोरियल इंटर कॉलेज श्रीदत्तगंज की छात्रा अन्विता पांडेय आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि यह प्रेरणा उनको अपने पिता एमएलके पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर जेपी पांडेय से मिली है। सफलता हासिल करने में उन्होंने अपनी शिक्षिका माता रंजना पांडेय को भी श्रेय दिया है। अन्विता का कहना है कि यदि अनुशासन में रहकर सही ढंग से तैयारी की जाए तो कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है।


अन्विता पांडेय की सफलता पर मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाते माता-पिता व परिजन। अमृत विचार

### डॉक्टर बनने के बाद बनूंगा प्रशासनिक अफसर : शिवम

यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा में जिला टॉप करने वाले शिवम जायसवाल की कहानी भी बड़ी रोचक है। गोंडा जनपद के कुतुबगंज बाजार निवासी उनके पिता दयाशंकर जायसवाल सफाई कर्मी है। उनकी माता पूनम जायसवाल घर में रहकर ही सिलाई कढ़ाई का काम करती हैं। शिवम ने बलरामपुर जिले के अचलपुर चौधरी गांव में रिश्तेदार के घर रहकर हाजी इस्माइल इंटर कॉलेज सादुल्लाहनगर में 12वीं की पढ़ाई किया। बोर्ड परीक्षा देने के बाद वह नीट की तैयारी करने कोटा चला गया है। वह डॉक्टर बनकर प्रशासनिक अफसर बनना चाहता है। उसने सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों के साथ पड़ोसी व मित्र शुभम कसौधन को दिया है।

# आग का कहर जारी, तीन दर्जन घर जले, गाय झुलसी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले में आग का कहर शुक्रवार को भी जारी रहि। तीन थाना क्षेत्रों में अग्निकांड ने कोहराम मचाया। तीन दर्जन घर जलकर राख हो गए, एक गाय झुलस गई है। आग में बेटी की शादी के अरमान भी जल गए हैं। 55 बीघा गेहूं भी जलकर राख हो गया ।

ललिया थाना क्षेत्र के अरनहवा गांव में जुगनू शर्मा के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने शेषराम, नानबाबू, किशोरी लाल, ब्रह्मा व करिया छह लोगों के घरों को अपने आगोश में ले लिया। जुगनू शर्मा के लड़की के तिलक का सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। जुगनू व उनकी पत्नी लीला देवी बिटिया सरिता के तिलक व विवाह का सामान जल जाने से दुःखी है। प्रधान प्रतिनिधि रिंकू मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हलका लेखपाल महेश मौर्य को सूचना दी गई। इसी थाना क्षेत्र के भगता गांव के मजरा सुकईडीह व संगीत पुर में अज्ञात कारणों से लगी आग में किसानों का कई बीघा गेहूं जलकर राख हो गया है। हरैया थाना क्षेत्र के नंदनगर गांव के पास जंगल से सटे गेहूं के खेत में आग लग गई। आनंदपुरवा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में 11 परिवारों को आशियाने खाक हो गए हैं। लेखपाल हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि क्षति का आकलन करके रिपोर्ट भेजी गई है। ललिया थाना क्षेत्र के टेढ़वा गांव में लगी आग में महादेव, सिपाही, पट्टे, विश्राम, तिलकराम मंगरे, मोहनलाल यादव, राधेश्याम यादव, साहबलाल व विश्राम यादव सहित 15 घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। हल्का लेखपाल महराज नरायन ने बताया कि क्षति का आकलन किया गया है। एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर ने बताया कि क्षति का आकलन कराया जा रहा है। शीघ्र ही पीड़ितों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। वहीं रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के लालता प्रसाद के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से लालता की गाय झुलस गई, जिसका उपचार चल रहा है। इसी गांव में बांस की कोठी में आग लग गई, जिसे ग्रामीणों ने पुलिस टीम के साथ मिलकर बुझा लिया। लेखपाल विनय यादव ने क्षति का आकलन किया है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग से एक घर जलकर राख

**बलरामपुर।** थाना गौरा चौराहा अन्तर्गत चौबेपुर परसा में अज्ञात कारणों से शनिवार दोपहर को आग लग गई।आग ने गोर्वधन के घर को चपेट में ले लिया और जलने लगा। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोर्वधन के घर में रखा गृहस्थी का हजारों का सामान जलकर राख हो गया। बता दे की शनिवार दोपहर करीब 3बजे गोर्वधन के घर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को आगोश में ले लिया। आग लगने के बाद बाद घर के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और बाहर आकर शोर मचाया। शोर सुनकर एकत्र हुए ग्रामीणों ने एक घंटा बाद आग पर काबू पाया। आग से हजारों रुपयों का सामान जलकर राख हो गया। मामले की सूचना राजस्व विभाग को दी गई है ।लेखपाल बृजेश कुमार सिंह व पुलिस चौकी इंचार्ज रमन वर्मा अपने मय फोर्स मौके पर पहुंचे। हल्का लेखपाल ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट भेज दी है।

# संदिग्ध हालत में मिला हेड कांस्टेबल का शव

**तुलसीपुर, अमृत विचार।** देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में चल रहे राजकीय मेले के दौरान ड्यूटी करने आए एलआईयू के हेड कांस्टेबल का शव कमरे में संदिग्ध हालत में पाया गया है ।मौके पर पहुंचकर एसपी केशव कुमार ने हालात का जायजा लिया।

बहराइच जनपद में तैनात हेड कांस्टेबल रणविजय विश्वकर्मा (38) जोकि वर्तमान समय में एल आई यू डिपार्टमेंट में तैनात थे। विभाग ने उनकी ड्यूटी देवीपाटन मेले में लगाई थी। शनिवार सुबह रणविजय का शव मेले के निकट परसपुर करौंदा निवासी छेदी चौहान के किराए के कमरे के बाहर संदिग्ध हालत में मिला है। रणविजय के साथ बहराइच के हेड कॉन्स्टेबल कौशल किशोर पांडे भी वहीं पर सो रहे थे ।सुबह रणविजय के मौत की सूचना कौशल किशोर ने देवीपाटन पुलिस चौकी पर दी। रण विजय मूल रूप से गोरखपुर जिले थाना क्षेत्र झंगहा के निवासी थे। उनकी मौत कैसे हुई इस बात की छानबीन करने में पुलिस जुट गई है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसपी केशव कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। मुख्य आरक्षी के मौत की सूचना उनके परिजनों को भेज दी गई है।


घटनास्थल पर मामले की जानकारी लेते एसपी केशव कुमार। अमृत विचार

**तैयारी** प्रदेश के सात जिलों की 594 किमी लंबाई को जोड़ेगी प्रस्तावित सड़क

# जल्द शुरू होगा भारत नेपाल सीमा पर लंबित 83 किमी सड़क निर्माण

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पिछले तीन साल से भारत-नेपाल सीमा पर रुका हुआ सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है और यह कार्य जल्द ही गति पकड़ेगा। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने पहले से प्रस्तावित 83 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य की सभी औपचारिकता पूरी कर ली हैं और जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने का अनुमान है। यह सड़क प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज सहित 07 जिलों की 594 किमी लम्बाई को जोड़ेगी जिसमें बलरामपुर में कंचनपुर-गंधेलका तक कुल 83 किमी लम्बी सड़क बनेगी।

बता दें कि सामरिक दृष्टि से भारत नेपाल सीमा अति महत्वपूर्ण है। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़े गांवों को 83 किमी अच्छी सड़क मिलने जा रही हैं।जिससे वन क्षेत्रों व सीमा निगरानी सख्त और मजबूत होगी।साथ ही थारू जनजाति के लोग मुख्य धारा जुड़ते हुए विकास के भागीदार भी बनेंगे।साथ ही वन माफियाओं पर प्रभावी नकेल भी कसी की जा सकेगी। गौरतलब है कि इस सड़क के निर्माण का कार्य वन विभाग से एनओसी न मिलने के कारण 7.4 किमी निर्माण के बाद कार्य बीते तीन साल पहले रूक गया था।जानकारी होने पर डीएम ने वन विभाग और अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग बार्डर एरिया के साथ बैठक कर निर्माण कार्य में आने वाली सभी समस्याओं को जाना और पिछले 5 महीने में कई बार अधिकरियो के साथ बैठक कर शासन स्तर पर समस्याओं को दूर कराया।डीएम ने शनिवार को सड़क निर्माण के लिए भूमि खरीद के लिए दर निर्धारण एवं अन्य कार्यवाहियां करने के आदेश जारी किया। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम विभागों द्वारा संरेखण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि इसमें वन्य जीव संरक्षित क्षेत्र में 35.20 किमी, रिजर्व फारेस्ट एरिया में 47.80 किमी,शेष गैर वन्य क्षेत्र में सड़क का निर्माण होगा। इससे 452 वर्ग किलोमीटर में फैले सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के बेशकीमती पेड़ों की निगरानी में आसानी होगी तथा सीमा सुरक्षा के दृष्टिगत सीमा सुरक्षा बलों को मजबूती मिलेगी।

इंडो-नेपाल बार्डर सड़क निर्माण परियोजना से केंद्र के गृह मंत्रालय ने प्रस्ताव मंजूरी दी है। इसमें सशस्त्र सीमा बल 9 वीं व 50वीं वाहिनी की 21 चौकियां जुड़ेंगी। इस सड़क से पहले 7.2 किलोमीटर सड़क का निर्माण सिद्धार्थनगर जिले से बलरामपुर सीमा तक हो चुका है। जिससे तीन एसएसबी की चौकियां जुड़ी हैं। अब 18 चौकियों को भी मार्गों से जोड़ा जाएगा। नए मार्ग के बनने से सड़क की लंबाई 90.3 किलोमीटर हो जाएगी। इंडो नेपाल बार्डर लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड-1 ने निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह सड़क कंचनपुर से गंधेला नाका तक बनेगी।


विंडो नेपाल बॉर्डर पर सड़क निर्माण प्रगति कार्य की समीक्षा करते डीएम अरविंद सिंह।

### तीन भागों में होगा सड़क का निर्माण कार्य

सड़क का निर्माण तीन चरणों में होगा। पहले भाग में 35.200 किलोमीटर लंबी सड़क पर 329.80 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। दूसरे भाग में 354.12 करोड़ रुपये से 37.355 किमी. लंबी सड़क का निर्माण होगा। तीसरे भाग में 10.5 किमी. सहित कुल 83.050 किमी सड़क निर्माण पर 770.24 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### संयुक्त सर्वे में पेड़ों की भी गिनती करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने संयुक्त सर्वे टीम को निर्देश दिये थे कि संयुक्त सर्वे में वन क्षेत्र का सर्वे व पेड़ों की गिनती भी शामिल की जाय। संयुक्त निरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। 26 किमी. लंबाई में पेड़ों की गिनती पूरी हो चुकी है। सड़क निर्माण कार्य जो तीन साल पहले रूक गया था अब उसे शीघ्र शुरू करा दिया जाएगा।

### डीएम के नेतृत्व में भूमि अधिग्रहण का कार्य

शनिवार को डीएम द्वारा दर निर्धारण का आदेश पारित करने के बाद वन विभाग, पीडब्लूडी और एसएसबी द्वारा भूमि अधिग्रहण व वन क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है। गैर वन भूमि दो गांवों में है। दोनों गांवों में कुल 1.1 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करके किसानों को 75 लाख रुपये का मुआवजा दिये जाने का आदेश डीएम ने अधिकारियों को दिया है। दोनों गांवों क्रमश: पिपरा संडवा में 0.675 हेक्टेयर व परसरामपुर में 0.417 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जाएगा। दोनों गांवों के 37 किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### सड़क के किनारे घास मे मिली लावारिस नवजात बच्ची


नि:संतान शिक्षक दंपति को लावारिस नवजात बच्ची सौंपते स्थानीय लोग।

**बलरामपुर।** गौरा चौराहा के निकट बलरामपुर रोड पर खाली पड़े मकान के सामने शनिवार को घास में किसी अज्ञात के द्वारा नवजात बच्ची को फेंक दिया गया। सुबह टहलने के लिए निकलीं शीला देवी पत्नी शिव कुमार ने बच्ची की रोने की आवाज सुनी। उन्होंने बच्ची को उठाया और देखभाल के लिए अपने घर ले आईं। सूचना मिलने पर बच्ची पालन पोषण की जिम्मेदारी समाजसेवी सुनील शुक्ला के परिवार ने ली। कुछ समय पश्चात ही निजी विद्यालय के शिक्षक शोभित श्रीवास्तव ने जानकारी मिलते ही समाजसेवी सुनील शुक्ला के परिवार को बताया कि मुझे कोई संतान नहीं और बच्ची की समस्त जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। इस बात पर आस पास के लोगों ने भी सहमति जताई। पाण्डेय फार्मेसी के डॉक्टर विजय पाण्डेय ने बताया कि बच्ची अभी स्वस्थ है और 5 साल होने तक किसी भी तरह इलाज की जिम्मेदारी लेने की भी बात कही। शोभित श्रीवास्तव की पत्नी सुलेखा श्रीवास्तव ने भगवान को धन्यवाद व्यक्त किया और श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजन के बाद मिठाइयां बांटी। उनकी बहन ने बच्ची का नाम खुशी रखा। शोभित श्रीवास्तव का पूरा परिवार बच्ची मिलने से बहुत खुश है। शिव कुमार जायसवाल, राहुल शुक्ला, समाजसेवी सुनील शुक्ला, सतीश जायसवाल, डॉक्टर विजय पाण्डेय आदि लोगों ने बच्ची को इस तरह से लावारिस फेंके जाने पर रोष व्यक्त किया।


बहराइच के सिटी मांटेसरी स्कूल में खुशी मनाते प्रबंधक और मौजूद छात्र। अमृत विचार


यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने के बाद बाल शिक्षा निकेतन में जश्न मनाती छात्राएं। अमृत विचार


कैसरगंज में छात्र को मिठाई खिलाते शिक्षक। अमृत विचार

# हाईस्कूल में कामिनी तो इंटर में शिरीष चौधरी रहे अव्वल

## हाईस्कूल में कामिनी, सत्यम व पीयूष ने संयुक्त रूप से प्रदेश में हासिल किया 10वां स्थान, खुशी से झूम उठे मेधावी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी किए गए। प्रदेश में हाई स्कूल की कामिनी सिंह, सत्यम गुप्ता और पीयूष श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दसवां स्थान हासिल किया। जिले में हाई स्कूल में कामिनी सिंह और इंटरमीडिएट में शिरीष चौधरी ने टॉप किया। परीक्षा परिणाम पाकर मेधावी खुशी से झूम उठे सभी ने एक दूसरे को विक्ट्री के लुक में बधाई दी।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम शनिवार को अपराह्न जारी किया गया। राज्य में हाईस्कूल की परीक्षा में बाल शिक्षा निकेतन की छात्रा कामिनी सिंह 96.83, एपीके इंटर कॉलेज चिरैयाटांड के सत्यम गुप्ता 96.83 और त्रिभुवन दत्त स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहनवाजपुर बेगमपुर के पीयूष श्रीवास्तव ने 96.83 अंक पाकर संयुक्त रूप से दसवां स्थान हासिल किया। जिले में हाई स्कूल की परीक्षा में कामिनी सिंह को पहले और गड़वा नौतला में स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज के शिरीष चौधरी को इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान मिला। शांति इंटर कॉलेज के छात्र अभय कुमार गुप्ता को जिले में दूसरा, शिवा वर्मा को तीसरा, उर्मिला द्विवेदी को चौथा और परमवीर सिंह को इंटरमीडिएट की परीक्षा में पांचवा स्थान मिला है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव तिवारी ने बताया कि जिले में हाई स्कूल में 85.73% और इंटरमीडिएट में 80.35% छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। 10 वी में 29083 छात्र/छात्राए इंटरमीडियट में 218023 छात्र छात्राए हुए सफल।

### कोई डॉक्टर तो कोई आईएएस बन करना चाहता है देश सेवा


सत्यम।


कामिनी।


पीयूष।

बहराइच। यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में संयुक्त रूप से प्रदेश में जिले के तीन छात्रों ने परचम फहराया है। इनके सपने भी उड़ान भरने वाले हैं। हाई स्कूल की टापर छात्रा कामिनी सिंह ने कहा कि वह जिले में टॉप कर काफी खुश हैं। वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। जिससे कि गरीबों का इलाज कर सकें। सत्यम ने कहा कि वह आगे इसी तरह पढ़ाई जारी कर आईएएस बनने का सपना संजोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह मेहनत कर आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे। पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि वह इसी तरह इंटर और आगे की पढ़ाई जारी रखेंगे। इसके बाद आईएएस बनकर देश सेवा करेंगे। जिससे परिवार के साथ जिले का नाम रोशन हो सके।

### हाई स्कूल के टॉप फाइव मेधावी


रोहित शुक्ला
96.5 प्रतिशत


सुमेधा सिंह
96.33 प्रतिशत


प्राची शुक्ला
96.33 प्रतिशत


अनमोल शुक्ला
96.17 प्रतिशत


शीतल प्रजापति
96.17 प्रतिशत

### इंटर मीडिएट के टॉप फाइव मेधावी


शिरीष चौधरी
96.20 प्रतिशत


अभय कुमार
95.40 प्रतिशत


शिवा वर्मा
95.20 प्रतिशत


परमवीर सिंह
94.80 प्रतिशत


प्रिंस मिश्रा
94.71 प्रतिशत

# वाहनों के जांच का जरूर करें अंकनः व्यय प्रेक्षक

बहराइच


बलहा विधान सभा क्षेत्र में एसएसटी टीम से जानकारी हासिल करते व्यय प्रेक्षक।

**अमृत विचारः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र नानपारा एवं बलहा का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एसएसटी बैरियर्स का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा के भ्रमण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री गुरूगन ने नानपारा बाईपास पर मौजूद फ्लाईंग स्क्वायड टीम की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। एफएसटी प्रभारी अवर अभियंता नानपारा मो. ज़ीशान ने बताया कि अब तक 15 वाहनों की जांच की गई है। वाहन जांच पंजिका का अवलोकन करते हुए व्यय प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि जांच किये गये वाहनों के बारे में यह भी अंकित किया जाय वाहन कहां से आ रहा है और उसे कहां जाना है। साथ ही यात्रा के उद्देश्य के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जाय। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा के निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक मुरूगन ने मोतीपुर वन बैरियर, बेलछा वन बैरियर एवं बिछिया वन बैरियर पर तैनात एफएसटी व एसएसटी टीमों की गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए अभिलेखों का अवलोकन करते हुए कहा कि निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए एफएसटी व एसएसटी टीमों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सभी टीमें मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इससे पूर्व व्यय प्रेक्षक ने मोतीपुर गेस्ट हाउस में उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) संजय कुमार, नायब तहसीलदार मिहींपुरवा अर्सनाल, थानाध्यक्ष मोतीपुर दद्दन सिंह व मुर्तिहा अमितेन्द्र सिंह व अन्य के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि क्षेत्र में एफएस व एसएस टीमों की गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते रहें तथा क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों के बारे में जानकारी दी जाय ताकि आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके।

# राष्ट्र धारक दल के प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन


नामांकन पत्र दाखिल करवाती जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

बहराइच,

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के चुनाव के नामांकन में शुक्रवार राष्ट्र धारक दल के प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत नामांकन के तीसरे दिन 56-बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए रिंकू साहनी पत्नी रोशन लाल नाविक ने राष्ट्र धारक दल से नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि इन्दल प्रसाद पुत्र बुधई द्वारा नामांकन पत्र के 04 सेट प्राप्त किये गये हैं। इंदल प्रसाद बहुजन समाज पार्टी की ओर से चुनाव लड़ सकते हैं। इनका नाम बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार गौतम की ओर से लखनऊ पार्टी कार्यालय भेजा गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कुल तीन लोगों के नाम पार्टी कार्यालय भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



मतदाता जागरूकता रैली निकालते छात्र। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पयागपुर द्वितीय के शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता अभियान व स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक किया। कार्यक्रम में शिक्षकों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पयागपुर विकास क्षेत्र के एआरपी राजेश कुमार मिश्र व पवन कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। रैली में शिक्षकों के साथ शामिल बच्चों ने शिक्षा जागरूकता संबंधी नारे लिखे स्लोगन, व स्कूल चलो अभियान के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। शिक्षकों व बच्चों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली में शिक्षकों ने प्रेरणादाई गीतों के माध्यम से अभिभावकों को आगामी 20 में को कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिभाग करने के लिए जागरूक किया। अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडे ने कहा कि शासन के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अब्यक्त राम तिवारी व खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी के निर्देश के क्रम में यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। बच्चों को स्कूल आने के लिए व अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। जहां पर विजयलक्ष्मी सिंह ऊषा पाठक हनुमान प्रसाद राजेंद्र प्रसाद उमा देवी सुशीला शीला रमेश दिनेश कौशल्या उमा मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

### अभिषेक शांति धारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन


जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण करते जैन समाज के लोग।

**बहराइच, अमृत विचार :** भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम में आज दूसरे दिन भगवान का अभिषेक शांति धारा के पश्चात आचार्य भद्रबाहु सागर महाराज का मंगल प्रवचन हुआ। जिला अस्पताल में भर्ती लोगों को फल का पैकेट दिया गया।आचार्य ने अपने प्रवचन में कहा कि जब हम लोग मंदिर आते हैं तो हमें भगवान को नहीं भगवान की मूर्ति में अपने आप को देखना चाहिए और ऐसा विचार करना चाहिए कि जिस मार्ग पर चलकर महावीर तीर्थंकर बने हैं, हमें भी उसी मार्ग पर चलकर भगवान बनना है। सुबह 10 बजे जैन समाज की ओर से जिला अस्पताल में फल वितरण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। मुख्य कार्यक्रम रविवार 21 अप्रैल को प्रात: 6:00 बजे से भगवान महावीर का महा मस्तिकाभिषेक के साथ प्रारंभ होगा प्रात: 9:00 बजे रथ यात्रा का जरूर शहर के मुख्य मार्ग से निकल जाएगा एवं रात्रि में जैन समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजीव जैन, सौरभ जैन, निखिल जैन, प्रैंक्यूं जैन, अनुराग जैन, अभिषेक जैन, दीपांशु जैन, ऋषभ जैन, शुभम जैन, डॉक्टर डिंपल जैन, सुलभ जैन, दीपिका जैन, मीनाक्षी जैन धर्म आदि अनेक को लोग उपस्थित रहे।

### वाहन में शराब मिला तो केस दर्ज कर होगी कार्रवाई

**बहराइच, अमृत विचार :** आबकारी विभाग की ओर से जिले में स्थापित किए गए बैरियर और अन्य स्थानों पर जांच शुरू कर दी है। अगर कहीं भी वाहन में अवैध शराब मिली तो उसके विरुद्ध केस कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की ओर से लोकसभा चुनाव में सघन जांच और तलाशी के निर्देश दिए हैं। जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि टीम की ओर से भारत नेपाल सीमा के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट लगाया गया है। भारत नेपाल सीमा पर शराब आने और ले जाने की सघन जांच हो रही है। जिसके द्वारा विभागीय अधिकारियों की ओर से जांच की जा रही है। शहर के असम रोड पर आबकारी निरीक्षक विवेक सिंह चौहान की देखरेख में जांच हो रही है। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि दो दिन में 230 से अधिक वाहनों की जांच की गई है।

### चार जोड़ों ने साथ रहने पर जताई सहमति

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित 'परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 04 परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया। पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह के लिए कई आवेदकों ने प्रार्थना पत्र दिया। जिसके निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव, सिपाही छाया द्विवेदी, गिरजावती यादव, अनन्या सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया। दोनों पक्षों को समझाया गया। जिसके परिणाणस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य स्थापित कर, परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

# डीजे की दुकान में सेंध लगाकर लाखों की चोरी

जरवलरोड, बहराइच


दुकान में चोरों के द्वारा काटी गयी सेंध।

**अमृत विचारः** जरवल रोड थाना क्षेत्र में लखनऊ गोंडा मार्ग अलीनगर हनुमान मंदिर के निकट शुक्रवार रात चोरों ने डीजे एवं लाइट की दुकान के पीछे की दीवाल में सेंध लगा दिया। इसके बाद सभी ने सवा दो लाख से अधिक मूल्य के समान की चोरी की।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के लखनऊ गोंडा मार्ग अलीनगर गांव के सामने वहीद खान पुत्र अली हसन निवासी ग्राम पंचायत बेलहरी थाना कर्नलगंज जनपद गोंडा की सना डीजे के नाम से अलीनगर गांव के सामने लखनऊ गोंडा मार्ग हनुमान मंदिर के निकट स्थापित है। शुक्रवार रात समय करीब 10 बजे से एक बजे के मध्य दुकान के पीछे चोरों ने सेंध लगाकर चोरी कर ली। पीड़ित वहीद खान ने बताया कि 10 डीजे मशीन, 20 पार्किंग लाइट, दो छोटे साउंड आहूजा, 19 सोडियम लाइट सहित 2,30000 लाख से अधिक का सामान दुकान के पीछे दीवार में नकब लगाकर उठा ले गए हैं। जब संचालक रात में एक बजे के आसपास दुकान पर पहुंचा तो दुकान की पीछे की दीवार में बड़ा होल दिखाई पड़ा। इसकी जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सामान सब गायब मिला। प्रभारी निरीक्षक बृज प्रसाद ने बताया कि जांच की जा रही है।

## महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**मिहीपुरवा, बहराइच :** कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर कंडा निवासी सरिता देवी (30) पत्नी नंदकिशोर ने शुक्रवार शाम को घर में फंदा डालकर जान दे दी। ससुर भुलाई ने इसकी जानकारी कोतवाली में दी। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि महिला का पति चेन्नई में रंगाई पुताई का काम करता है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**रिसिया, बहराइच :** रिसिया थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर निवासी तकदीर देवी पत्नी बरसाती शुक्रवार शाम को पैदल दूसरे के घर आयोजित कार्यक्रम गृह प्रवेश में शामिल होने के लिए जा रही थी। थाना क्षेत्र के गुरचाही चौराहे के पास महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया यह डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत, तीन घायल

बहराइच/नानपारा


सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद जानकारी लेते चौकी इंचार्ज।

**अमृत विचारः** जिले के कोतवाली देहात और मटेरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। हादसे में महिला और युवक की मौत हो गई। मृतक के भतीजे समेत तीन लोग घायल हुए हैं।

रिसिया थाना क्षेत्र के सिसई सालों गांव निवासी ओमप्रकाश (30) पुत्र झब्बर की ससुराल श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के गोमदापुर गांव में है। ओम प्रकाश की ससुराल में शुक्रवार को तिलक कार्यक्रम आयोजित था जिस पर ओम प्रकाश अपने भतीजे देवराज (21) पुत्र तुलसीराम के साथ बाइक से शामिल होने के लिए गया था। रात 11 बजे तिलक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद चाचा भतीजे वापस अपने घर आ रहे थे। कोतवाली देहात के धरसावा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे चाचा भतीजा घायल हो गए। आसपास के लोग घायलों को जिला अस्पताल लाने की तैयारी कर रहे थे। तभी ओमप्रकाश के मौत हो गई। भतीजा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रायपुर राजा चौकी इंचार्ज अशोक कुमार घटना की जानकारी होने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मटेरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर चौराहा-मटेरा मार्ग पर गर्मी अधिक होने के चलते सड़क किनारे घर के सामने बैठे लोगों को अनियंत्रित कार ने रौंद दिया। हादसे में धनौली गांव निवासी 56 वर्षीय आयशा खातून, 19 वर्षीय बेटी गुलाब जहां व पड़ोस में ही रहने वाले हशरत अली 25 घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर महिला आयशा खातून की मौत हो गई।

गर्मी अधिक होने के चलते सभी लोग शुक्रवार रात घर के सामने बैठे आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान शंकरपुर चौराहा की तरफ से आई अनियंत्रित कार ने सभी को रौंद दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसिया में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान आयशा खातून की मौत हो गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार कब्जे में ले लिया है।

लापरवाही | दो दिन से जल रही जंगल की वनस्पतियां, नहीं पाया जा सका आग पर काबू

# कतर्नियाघाट जंगल में लगी आग फैली, अधिकारी मस्त

बहराइच


जंगल में लगी आग से उठ रही लौ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में स्थित कतरनियाघाट जंगल के ककरहा रेंज में दो दिन से आग लगा हुआ है। आग दूर तक फैल गई है। लेकिन उसे बुझाने के प्रयास अभी तक नहीं किए गए हैं। कोई सूचना देने का प्रयास कर रहा है तो रेंजर का नंबर बंद होने के चलते नहीं दे पा रहा है।

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग में दुर्लभ शाकाहारी और मांसाहारी वन्य जीव पाए जाते हैं। इतना ही नहीं जंगल में वनस्पतियां भी संरक्षित है, जिन पर डब्लूटीआई की टीम द्वारा अध्ययन भी किया जा रहा है। जंगल में आग लगने का अलर्ट भी एक सप्ताह पूर्व जारी किया गया था। इसके बाद भी वन महकमा पूरी तरह से सुस्त दिखा। और गुरुवार को आग लग गई। ककरहा रेंज के रेस्ट हाऊस के आगे से लगी शुक्रवार रात नौ बजे हंसुलिया तक पहुंच गई। लेकिन वन विभाग की ओर से आग बुझाने के कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। आग फैलती जा रही है। हजारों बीघा जंगल इसकी चपेट में आ गया है। काफी मात्रा में वनस्पतियां जल गई हैं। छोटे शाकाहारी वन्य जीव के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। लोग वन क्षेत्राधिकारी को सूचना देने के लिए फोन लगा रहे हैं, लेकिन उनका नंबर ही बंद जा रहा है। सबकुछ भगवान भरोसे है।

### लीफ ब्लोवर और टैंकर से प्रतिदिन बुझा रहे आग

"जंगल में आग लगने की जानकारी हुई है। हम प्रतिदिन आग बुझाने में लगे हैं। लीफ ब्लोवर और टैंकर की मदद से आग बुझाया जा रहा है।"

-बी शिव शंकर, डीएफओ

# ड्यूटी के दौरान उप निरीक्षक की तबीयत बिगड़ी, मौत

▸▸ दो वर्ष से कोतवाली देहात में तैनात था उप निरीक्षक

बहराइच

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात में तैनात उप निरीक्षक की शनिवार शाम को 4:00 बजे अचानक तबीयत खराब हो गई। जिस पर पुलिस कर्मी उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां इलाज के दौरान उप निरीक्षक की मौत हो गई।

अंबेडकर नगर जिले के थाना आलापुर अंतर्गत मसेहना मिर्जापुर गांव निवासी विनोद सिंह (55) पुत्र राजबहादुर सिंह पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे उनकी ड्यूटी इस समय जिले के कोतवाली देहात में थी। शनिवार शाम को 4:00 बजे ड्यूटी के दौरान अचानक उप निरीक्षक की तबीयत खराब हो गई। जिस पर साथी पुलिसकर्मी उन्हें मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय ले गए। यहां अस्पताल में तैनात डॉक्टर मनोज चौधरी ने इलाज शुरू किया। लेकिन इलाज शुरू होने के कुछ देर में ही उप निरीक्षक की मौत हो गई। कोतवाल देहात ने बताया कि परिवार के लोग जिले के लिए रवाना हो चुके हैं। शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार के लोगों को सौंप दिया जाएगा।

# वैदिक से आधुनिक काल तक लोक प्रशासन



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रामचरित मानस में भी आदर्श राज व्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं।

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लंबा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है,लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था कि, ''हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।'' पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुंब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुंब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है कि ''समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।'' उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन्' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिंधु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहन जोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिंधु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थीं। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। संपूर्ण सिंधु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है।

चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोनमुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी।

रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर प्रशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से अंग्रेजी ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे। यहां से कपास इंग्लैंड जाता था। वहां से 'मेड इन इंग्लैंड' के कपड़े बनकर आते थे। भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का प्रशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे। लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय प्रशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे।

मैक्समूलर भारतीय दर्शन और संस्कृति के व्याख्याता थे। उन्होंने भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की प्रेरणा दे रहे थे। उनका सारा भाषण 'व्हाट इंडिया कैन टीच अस' के नाम से संकलित है। अंग्रेजी प्रशासकों को भारत समझना जरूरी था। मोटे तौर पर अंग्रेजी शासन और वैधानिक व्यवस्था की वास्तविक शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1935 से होती है। संविधान निर्माताओं ने भारतीय प्रशासन के गठन में 1935 के अधिनियम की बातें लगभग यथावत रखी हैं। राजनैतिक कार्यपालिका विधायी सदनों के प्रति जवाबदेह है। मंत्रीगणों को सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर तैयार कराने में प्रशासन की मुख्य भूमिका होती है।

प्रश्नोत्तरों की तैयारी में हुई त्रुटि का खामियाजा सदन में मंत्री को भुगतना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य भी उत्साहवर्द्धक सम्बंध नहीं दिखाई पड़ते। बहुधा विधायकों और सांसदों से प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अप्रिय कलह की खबरें आती रहती हैं। टेलीफोन न उठाने और जनप्रतिनिधियों के पत्रों के उत्तर न देने की शिकायतें पुरानी हैं। विधायी सदनों की समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बंधित विषय पर साक्ष्य के लिए आमंत्रित किया जाता है। अध्यक्ष विधानसभा के रूप में मेरा अनुभव रहा है कि समिति के भीतर जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए उत्तर अधिकारियों को नागवार लगते हैं। निर्वाचित सरकार के द्वारा बनाए गए कार्यक्रमों को पूरा करना सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विकास कार्यों को ठीक से सम्पन्न कराना भी इन्हीं की जिम्मेदारी है। लेकिन तमाम राज्यों में भिन्न-भिन्न विभागों के लिए निर्धारित बजट का बड़ा भाग उपयोग में ही नहीं आता। आज के इस महत्वपूर्ण दिवस पर सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारियों और उनकी कठिनाइयों पर बेबाक चर्चा होनी ही चाहिए।

# व्यक्ति-व्यक्ति के साथ न्याय बनाम समूहों का ध्रुवीकरण

रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आगामी 4 जून देश के भविष्य का निर्धारण करने वाला एक अहम दिन है। बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को न्याय चाहिए। उसे व्यक्ति के रूप में न देखकर (जो वह गुप्त मतदाता के रूप में है,जिस पर जनतंत्र का शीराजा खड़ा है) किसी समूह से जोड़ देने पर न्याय की भावना पृष्ठभूमि में चली जाती है,लेकिन सत्तालोलुप को इसमें तात्कालिक लाभ नजर आता है और वह जोर-शोर से इसको बढ़ावा देता है। इसी को वोट बैंक की राजनीति कहते हैं। यह एक भेदकारी राजनीति है जो वर्ग-संघर्ष की सहधर्मी है। उसी का आयात है और सशस्त्र संघर्ष के लिए मुफीद हो सकती है, किंतु मताधिकार के प्रयोग से शांतिपूर्वक सत्ता-परिवर्तन की जनतांत्रिक प्रक्रिया में बहुत भ्रम उत्पन्न करती है। बहुत स्वांग, बहुत रेटरिक, बहुत विचलन को जन्म देती है।

इस भेद और विग्रह की राजनीति का केवल एक रूप नहीं,इसके अनेक रूप हैं और सबके सब जनतंत्र के लिए घातक हैं। इतिहास की दुहाई देना ही गलत है,जो जहां है,वहां है। वहीं पैदा हुआ और इस पैदा होने पर उसका कोई वश नहीं था। पीछे क्या हुआ,इसके लिए वह कतई जिम्मेदार नहीं,पिता के अपराध का दंड पुत्र को नहीं दिया जा सकता। यह न्याय नहीं,आदिम बर्बरता है।

किसके पूर्वज कब,कहां से आए या नहीं आए,उन्होंने क्या सही किया,क्या गलत किया, ये सवाल ही सिरे से अप्रासंगिक हैं, उलझाने वाले हैं, भेदकारी हैं और व्यक्ति के रूप में नागरिक के साथ न्याय निष्पादन में बाधा खड़ी करते हैं। शासक के लिए विहित कार्य के निष्पादन के मूल कर्तव्य से बचकर कदाचार में लिप्त होने की खिड़की भी खोलते हैं। यदि किसी भी समूह के हर व्यक्ति में हम यह प्रतीति नहीं उत्पन्न कर पाए कि उसके साथ जो भी होगा न्याय होगा,भले ही वह उसके तात्कालिक व्यक्तिगत हित में न हो,समग्रता में यह उसके साथ तात्विक रूप से न्याय ही है,हम जनतंत्र को कमजोर करेंगे। इसके फलस्वरूप अंततः किसी के साथ न्याय नहीं हो पाएगा।

समाज और देश व्यक्तियों के योग से ही बनते हैं। जब किसी के साथ अन्याय होता है, जो किसी अन्य के साथ पक्षपात में निहित होता है तो वह पूरी व्यवस्था के स्वास्थ्य और स्थिरता को अनिवार्य रूप से प्रभावित करता है। फिर तो सब कुछ शासक वर्ग की मनमानी पर निर्भर हो जाता है और अंततः जिसको जो मिल रहा है, उसके भी लाले पड़ जाते हैं।

दूषित जनतंत्र में केवल दो वर्ग बन जाते हैं-शासक और शासित। शासक तरह-तरह की रेटरिक के बावजूद बड़ी पूंजी की गोद में जाकर बैठ जाता है और वही सब करता है,जो उसे नहीं करना चाहिए और उससे सर्वथा विरत हो जाता है,जो उसे करना चाहिए। रेटरिक के भिन्न-भिन्न नैरेटिव के बावजूद सबकी समान परिणति इसी में होती है। यह जनतंत्र नहीं,धनतंत्र है।

अंततः मतदाता के रूप में व्यक्ति ही ठगा जाता है। व्यवस्था में उसका विश्वास चिटक जाता है और वह आड़े-तिरछे रास्ते खोजने को विवश हो जाता है। एक बार विचलन शुरू हुआ तो क्रिया-प्रतिक्रिया से उसकी व्याप्ति बढ़ती जाती है और अंततः चीजें बेकाबू हो जाती हैं।

# प्रथम चरण में कम वोटिंग से दलों में चिंता



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां, रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है।

चुनावों में मतदान के स्तर को अक्सर लोकतंत्र के स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में देखा जाता है। प्रथम चरण के लिए 21 राज्यों की 102 सीटों पर हुए मतदान में 60 प्रतिशत वोटिंग हुई है। देखा गया है कि इस बार मतदान में पिछले चुनावों 2014 और 2019 के चुनावों के मुकाबले लोगों में कम उत्साह दिखा,कम लोग मतदान केंद्र तक पहुंचे। मतदाता उदासीनता का तात्पर्य चुनाव में मतदान करने के योग्य लोगों के बीच उदासीनता से है। ऐसा तब हो सकता है जब मतदाताओं का चुनावी प्रक्रिया से या राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मोहभंग हो जाता है या जब उन्हें नहीं लगता कि उनका वोट मायने रखेगा या जब उन्हें अपने आसपास के मुद्दों की ज्यादा परवाह नहीं है। सबसे अधिक 79.90 फीसदी मतदान त्रिपुरा में हुआ,जहां दो लोकसभा सीटों में से एक पर वोट पड़े। दूसरे नंबर पर 77.57 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ। यहां 42 में से तीन सीटों पर मतदान हुआ। पुदुचेरी, असम और मेघालय की दो सीटों पर भी 70 फीसदी से अधिक वोट पड़े। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों पर 62.19 फीसदी वोट पड़े। उत्तर प्रदेश में 57.61 फीसदी वोट पड़े। छत्तीसगढ़ की नक्सल प्रभावित सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे कम मतदान बिहार में हुआ। यहां 40 सीटों में चार पर वोट डाले गए और 47.49 फीसदी ही मतदान हुआ। पहले चरण तमिलनाडु की सभी 39, उत्तराखंड की सभी पांच, अंडमान-निकोबार 1, अरुणाचल प्रदेश 2, लक्षद्वीप की एक,मेघालय की दो,मिजोरम 1,नगालैंड 1, पुडुचेरी 1 और सिक्किम की एक लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़े।

2019 में पहले चरण में लगभग 70 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस बार देश के किसी भी हिस्से में मतदान का प्रतिशत 80 तक नहीं पहुंच सका है। हैरानी का बात ये रही कि पिछले कुछ दिनों में सियासी रुप से सबसे हलचल वाले राज्य बिहार में सबसे कम मतदान देखने के लिए मिला। यहां केवल 47.50 प्रतिशत वोटिंग की खबर है। बीजेपी की तरफ से मिशन 400 पार को लेकर ये माना जा रहा था कि हिंदी पट्टी के राज्यों यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान में पार्टी पहले के मुकाबले बेहतर स्थिति में है,इसलिए उम्मीद ये की जा रही थी कि इन राज्यों में बीजेपी को उम्मीद से अधिक अच्छे परिणाम मिलेंगे,लेकिन मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद इन इलाकों पर टिकी बीजेपी को नुकसान का मुंह देखना पड़ सकता है।

पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां,रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि किया मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है। उत्तर प्रदेश आज के समय में बीजेपी का सबसे मजबूत गढ़ है। यहां पार्टी 80 में 78 सीटें जीतने का दावा कर रही है। यूपी में पहले चरण में जिन क्षेत्रों में चुनाव हुए उसमें करीब 57 प्रतिशत वो पड़े,जबकि पिछले चुनाव में इन्हीं सीटों पर 67 प्रतिशत तक मतदान हुए थे। बिहार में जिन चार लोकसभा सीटों जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा मे पोलिंग हुई, उसमें लगभग 47 प्रतिशत मतदान हुआ,जबकि इन्हीं सीटों पर पिछले चुनाव में 53 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

मध्य प्रदेश में पहले चरण की वोटिंग में 63 प्रतिशत वोट पड़े हैं,जबकि पिछले चुनाव में यहां 75 प्रतिशत वोट पड़े थे। राजस्थान में पहले चरण में केवल 50 प्रतिशत मतदान की खबर है,जबकि 2019 में यहां 64 प्रतिशत वोट पड़े थे। कम मतदान को लेकर अक्सर एक थ्योरी दी जाती है कि अगर वोटिंग प्रतिशत कम रहता है तो इसका मतलब है कि जनता सत्ता में बदलाव नहीं चाहती है। पिछले चुनावों में ये देखा गया है कि जब-जब बंपर वोटिंग हुई है, जनता घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक पहुंची है,सत्ता में परिवर्तन देखने के लिए मिला है। कहा जाता है कि जब जनता सरकार बदलना चाहती है तो अधिक मतदान होते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले 12 चुनावों के बारे में अगर देखा जाए तो ये देखा गया है कि सात बार जब-जब मतदान प्रतिशत बढ़े हैं,चार बार सत्ता में परिवर्तन हुआ है। वहीं पांच बार जब-जब मतदान प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है तो चार बार सत्ता बदली है।

# ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फलित ज्योतिष शास्त्र की मूल धारणा है कि किसी जातक का व्यक्तित्व,उसके जीवन की घटनाएं और उसके द्वारा चुने गए रास्ते के निर्णायक वे ग्रह और नक्षत्र हैं,जो जातक के जन्म के समय एवं स्थान में प्रभावी रहे हैं और जिनकी गति और स्थिति गणितीय ज्योतिष से जानी जा सकती है।

इससे अलग हटकर कई बातें हैं। सबसे पहले, कर्म और कर्मफल का सिद्धांत (स्टैंडर्ड वर्सन) कहता है कि मनुष्य के इस जीवन के कर्म और पूर्वजन्म के संचित कर्म मिलकर उसके जीवन के रास्ते और घटनाओं को तय करते हैं। कर्म का एक हिस्सा जमा भी होता रहता है,जो अगले जन्म में प्रारब्ध बनता है। प्रारब्ध को अदृष्ट भी कहा गया है,जिसे देखा नहीं जा सकता।

दूसरे यह भी सर्वमान्य सत्य है कि जीव के गर्भ में आने के साथ ही उसके शरीर और भविष्य भी निर्णीत होने लगते हैं। फिर भी ज्योतिष जन्म को ही रेफरेंस प्वाइंट मानता है। जन्म के पहले के संचित कारणों से जन्म के बाद के जीवन को स्वतंत्र मानना कहां तक तर्कसंगत है यह जिज्ञासा का विषय है। व्यक्ति के जीवन की कुछ नगण्य घटनाओं के बटरफ्लाई इफैक्ट को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता।

तीसरे ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत दोनों ही व्यक्तिवादी हैं,लेकिन यह अनुभव आधारित सत्य है कि समाज और सिब्लिंग्स का व्यक्ति के जीवन पर बहुत असर होता है।

इन सारी बातों को एक साथ देखें तो विरोधाभास स्पष्ट हो जाता है। इस का एकमात्र हल है कॉस्मिक डिटरमिनिज्म। इसमें यह मानना होगा कि जातक के गर्भ में आने से जन्म तक और आगे जन्म की जगह और समय भी उसके प्रारब्ध पर निर्भर होता है। उसके माता-पिता,भाई-बहन, दोस्त-समाज सभी उसके प्रारब्ध पर निर्भर करते हैं। सभी घटनाएं,विश्व स्तर भी,उसके प्रारब्ध के वशीभूत हैं।

अब लोग तो करोड़ों हैं। इस सिस्टम का सिमुल्टेनियस फॉरमुलेशन और सोल्यूशन करना आदमी के वश का नहीं है। ज्यादा से ज्यादा इसका लोकल सोल्यूशन हो सकता है जिसमें बड़ी गलतियों की संभावना है। यह मुद्दा सोचने का है।

# धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे: धर्म की खेती



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुरुक्षेत्र को न जाने कब से धर्मक्षेत्र कहा जाता रहा है? भगवद्गीता का प्रारंभ ही यहां से होता है-धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे। इस संदर्भ में एक मिथक-कथा है। मिथक-कथा अवश्य ही कहानी होती है,कहानी अर्थात् जो कही जाती है। कहानी कहने की बात है।

मिथक कथा इतिहास की घटना जैसी लगती है और उसकी कहने की एक परंपरा भी होती है,आत्मीय परंपरा। अपने बड़ों से सुनने की परंपरा। अपने बड़े तो आस्था के भी केन्द्र होते हैं। अपने बड़ों की परंपरा गलत कैसे हो सकती है? एक बात तो अपने और दूसरी बात बड़े। इसलिए उनकी कहन के प्रति एक विश्वास भी होता है कि यह बात गलत नहीं हो सकती। गलत तो नहीं है,किंतु फिर भी मिथक कथा इतिहास की घटना नहीं होती। उसका सच उन घटनाओं की गहराई में निहित होता है तो धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की भी एक मिथक कथा है कि युवराज कुरु ने भगवान शिव की तपस्या की और वरदान के रूप में कुछ समय के लिए नंदी प्राप्त कर लिया धर्म का वाहक।

सोने का हल बनवाया और पांच-पांच योजन परिक्षेत्र को जोतने लगे। देवराज इन्द्र आए-राजन। यह क्या कर रहे हैं? कुरु ने कहा कि धर्म की खेती करूंगा। इन्द्र चले गए। विष्णु आए। बोले-राजन्। बीज कहां से लाओगे? कुरु ने कहा-प्रभु। मेरा शरीर और मन,हाथ-पैर-जंघा और सिरः ये ही बीज हैं। इनसे तप,सत्य, दान, प्रीति, और ज्ञान की खेती होगी। तप,सत्य,दान, प्रीति और ज्ञान-मिथक-कथा ने कितने बड़े सच को उजागर किया है। कुरुधम्म जातक में कुरुधर्म की कथा है।

# अष्टशक्तियों की अवधारणा का निहितार्थ



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा शक्ति के वृहद् रूप में रूपांतरित होते रहते हैं।

शक्ति से ही संपूर्ण ब्रह्मांड का कार्य व्यापार संचालित होता है। किसी भी प्राणी,किसी भी प्रणाली,किसी भी व्यवस्था के क्रियाशील, प्रवृत्तिशील या सक्रीय होने के लिए शक्ति या ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसी सनातन सत्य पर आधुनिक विज्ञान का क्वांटम सिद्धांत आधारित है,यही सत्य ब्रह्मसूत्र में उद्घाटित किया गया है कि शक्ति के बिना परमेश्वर सृष्टा हो ही नहीं सकते। अध्यात्म अतीन्द्रिय चेतना के विकास का विज्ञान है,जो चेतन प्राणी को उसकी शक्ति का दिग्दर्शन कराती है।

आधुनिक विज्ञान वह अध्यात्म है जिसने प्रमाणित किया की संपूर्ण ब्रह्मांड और उसमे उपस्थित जड़-चेतन का अस्तित्व ताप,प्रकाश, ध्वनि, चुंबकत्व, विद्युत, ब्रह्मांडीय विकिरण, रेडियोधर्मी विकिरण और जीवनी शक्ति का कार्य व्यापार है। आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा-शक्ति के वृहद रूप में रूपांतरित होते रहते हैं। शास्त्रों में अष्टशक्तियों का उल्लेख आता है,जो अपने वाहनों से शक्ति का संचरण, संप्रेषण करती हैं। प्रथम शक्ति-ब्राह्मी है जिसके संबंध में कहा गया है -ब्राह्मी हंस समारूढ़ा। ब्राह्मी शक्ति का वाहन हंस है, वाहन का तात्पर्य माध्यम है जिससे ऊर्जा-शक्ति का संचरण होता है। हंस जीवात्मा है,ब्राह्मी शक्ति से सृष्टि का सृजन होता है,यही क्रिया शक्ति है। जीवात्मा ही सृष्टि शक्ति का परिचालक है। दूसरी शक्ति है-माहेश्वरी। कहा गया है-माहेश्वरी वृषारूढ़ा। माहेश्वरी लय शक्ति है जिसका वाहन वृष या धर्म है,जो शास्त्रीय विधि विधान है। माहेश्वरी ही ज्ञानशक्ति है, जो धर्म के आश्रय से लय की और अग्रसर होता है। लय, सृजन से जुड़ा है प्रकृति में लय सृजन प्राकृतिक नियमों ऋतु के अनुसार होता रहता है।

तीसरी शक्ति है-कौमारी जिसके लिए कहा गया है-कौमारी शिखिवाहना। कौमारी चैतन्य शक्ति है जिसके संचरण का माध्यम है मयूर। मयूर सर्पभक्षी होता है। टेढ़ी चाल चलने वाले को सर्प कहते हैं,जो आसुरी भाव का द्योतक है। मयूरधर्मी जीवात्मा ही चेतनशील रह सकेगा। चौथी शक्ति है-वैष्णवी जिसके लिए कहा गया है-वैष्णवी गरुणासना। वैष्णवी पालन करने वाली शक्ति है,इस शक्ति का संचरण गरुण द्वारा होता है। गरुण वेदरूप हैं,जो ज्ञान और कर्म दो पंखों के सहारे गति करते हैं। गरुण का प्रतीक कुटिल तत्वों के नाशकर्ता के रूप में भी है। गरुणभाव से कुटिल तत्वों का विनाश करते हुए ज्ञान और कर्म से पालन शक्ति का संचरण संभव है।

पांचवी शक्ति है वाराही। वाराह का अर्थ काल होता है- काल अर्थात् टाइम स्पेस। मिथक है कि वाराह ने पृथ्वी को पाताल से अपने दांतों से निकला। इसका प्रतीकार्थ है,सृष्टि का कारण काल शक्ति है इसका कोई वाहन नहीं है। काल स्वतः ही आधाररूपा है।

षष्टम शक्ति नृसिंही है। नृ का तात्पर्य व्यक्ति से है और सिंह श्रेष्ठता का बोधक है। श्रेष्ठ शक्ति ब्रह्मविद्या है,जो हिरण्यकशिपु को समाप्त करता है। हिरण्य आत्मतत्व का वाचक है,कशिपु वह अहम है,जो आत्मा को ढक लेता है, इसका शमन ब्रह्मविद्या की शक्ति से होता है।

सप्तम शक्ति है ऐन्द्री। ऐन्द्री गजसमारूढ़ा। ऐन्द्री शक्ति का वाहन ऐरावत गज है,जो विशिष्ट गति से गतिमान होता है-ऐन्द्री, इंद्र की शक्ति है,इंद्र मेघराज हैं जिनकी शक्ति प्रकृति की तड़ित शक्ति है। अष्टम शक्ति है-चामुंडा। चंड और मुंड प्रकृति और निवृत्ति के प्रतीक हैं। चामुंडा शक्ति प्रकृति और निवृत्ति का विनाश करने वाली प्रलय शक्ति है जिसके लिए किसी आलंबन की आवश्यकता नहीं है।

# तीर्थंकर महावीर के अहिंसा सिद्धांत का संदेश



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

'अहिंसा' शब्द के आशय का प्रथमतः जो बोध होता है,वह किसी प्रकार की मार-काट या किसी को क्षति पहुंचना परिलक्षित होता है,लेकिन इस शब्द की गहराई में उतरने पर लगता है कि इसका मूल भाव 'अमृत-मय जीवन' जीना है,क्योंकि हिंसक कार्य करने का जब भाव मन में जागृत होता है तब बाहरी जगत से पहले आंतरिक जगत पर उसका कुप्रभाव पड़ता है। अंतर्जगत में तो मां के गर्भ के नौ माह के दौरान स्नेह-प्रेम से भरा अमृत तत्व पीने को मिलता रहा है। इस अमृत को भूलकर जब विनाशशील वाह्य जगत में भौतिक आकर्षण के प्रति मन का लगाव होता है तो यह जहर पीने के समान होता है।

धर्मग्रंथों में जितने महानायक और आदर्शपुरुष हुए हैं,उनकी जीवनशैली का अध्ययन किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि हिंसा के खिलाफ वे कितनी मजबूती के साथ खड़े हुए है। महाभारत युद्ध में श्रीकृष्ण की भूमिका का मूल्यांकन किया जाए तो यह साफ दिखता है कि वे हिंसा के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। वास्तव में मुरली बजाने एवं खेत-खलिहान तथा यमुना-तट पर रासलीला करने वाले श्रीकृष्ण युद्ध करे,यह संभव ही नहीं। इसके लिए महाभारत के पात्रों एवं घटनाओं को वाह्य जगत नहीं,बल्कि आंतरिक जगत से संबद्ध करना पड़ेगा। महाभारत के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः,मामकाः पाण्डवाश्चैव किम् कुर्वत् धनन्जयः' के साथ अंतिम अध्याय के अंतिम श्लोक 'यत्र योगेश्वरः कृष्ण यत्र पार्थो धनुर्धरः, तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम' श्लोक का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो 'अहिंसा' के मूल स्वभाव का दिग्दर्शन होने लगता है। प्रथम श्लोक अंधत्व है, अपना-पराया का भाव है तो अंतिम श्लोक श्रीकृष्ण जैसा विवेक, संविधान एवं अर्जुन जैसा कार्यपालक प्रवृत्ति का सूचक है।

दरअसल मनुष्य के लिए सामाजिक विद्वानों ने 'मैन इज ए सोशल एनिमल' मुहावरे का प्रयोग किया है। इसका अर्थ 'मनुष्य एक सामाजिक पशु है' निकलता है। वास्तव में मन की प्रवृत्तियां ही पशु रूप में विद्यमान हैं। चींटी से लेकर शेर तक की प्रवृत्ति मन में विराजती है। जब भी पशु प्रवृत्ति जागृत होती है तब माननीय बनाने वाले मन को पीड़ा तो होती ही है। पीड़ा के उत्पन्न होते ही हिंसा का भाव जागृत होने लगता है। धर्मग्रंथों में भूत-प्रेत तथा पिशाच का उल्लेख किया गया है। मन में आंतरिक प्रीति को छोड़कर वाह्यप्रीति के प्रति लालसा भ्रांति-प्रवृत्ति है। इसे ही भूत-प्रेत कहा जा सकता है।

हिंदी साहित्य के विद्वान मनीषी आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी शब्द सागर में पिशाच का अर्थ खून-पीने वाले राक्षस से किया है। मन में उत्पन्न होने वाले काम-क्रोध, मद-लोभ के भाव तत्क्षण खून पीने लगते हैं। कोई भी युग रहा हो,उसमें दैत्यों का उल्लेख मिलता है। ये सारे दैत्य आंतरिक से लेकर वाह्य जगत में प्रकृति को क्षति पहुंचाने वाले भाव और आचरण ही कहे जा सकते हैं।

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन अहिंसा के खिलाफ सत्याग्रह का ही रहा है। मन की सत्ता में कुविचारों के भाव जागृत न हों,इसके लिए उन्होंने साधना की। महल छोड़कर उनकी साधना का आशय पंचभौतिक शरीर रूपी महल को सुख पहुंचाने से मोह छोड़कर आत्मा को ईश्वरत्व की श्रेणी में रखने की साधना है। 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत' आदर्श वाक्य का यही संदेश है कि जो प्रवृत्ति आत्मा के उच्च स्वरूप को बाधक पहुंचाए,उस कार्य से विरत रहना चाहिए।

# चंद्रशेखर ने हाई स्कूल में किया जिला टॉप

## माता-पिता और प्रधानाचार्य को दिया सफलता का श्रेय



स्कूल के जिला टॉपर छात्र चंद्रशेखर शुक्ल को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाते परिजन। अमृत विचार

### हाईस्कूल के मेधावी



आलोक चौरसिया 92.5 प्रतिशत | सृष्टी पाण्डेय 91.3 प्रतिशत | काजल यादव 93.8 प्रतिशत

### इंटर मीडिएट के मेधावी



अतुल कुमार 88.2 प्रतिशत | अभिषेक द्विवेदी 89.8 प्रतिशत | अनिकेत शुक्ल 92.6 प्रतिशत

**मेंहदावल, संतकबीरनगर**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाई स्कूल का रिजल्ट शनिवार को घोषित हो गया। चंद्रशेखर शुक्ल ने 600 में से 584 नंबर लाकर जिले में टॉप किया है। छात्र ने मेंहदावल के डीएवी इंटर कॉलेज से पढ़ाई किया है। जिले में 31094 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा दिया था। रिजल्ट को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जिला विद्यालय निरीक्षक व प्रधानाचार्य केपी सिंह ने सफलता प्राप्त किए छात्रों को बधाई दी है। शनिवार की दोपहर दो बजे यूपी बोर्ड के दसवीं व बारहवीं के लिए परिणाम जारी किया गया। जिसमें मेंहदावल के एकला शुक्ल मोहल्ला निवासी चंद्रशेखर शुक्ला पुत्र गिरजेश कुमार शुक्ला ने जिले में हाई स्कूल में टॉप किया है। वह मेंहदावल स्थित डीएवी कॉलेज इंटर कॉलेज का छात्र है। चंद्रशेखर शुक्ला ने 600 में से 584 नंबर 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। जब जिले में टॉप करने पर अमृत विचार ने टॉपर छात्र चंद्रशेखर शुक्ल से बात किया तो उन्होंने बताया कि मेरे पिता क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में अध्यापक हैं। हमने लक्ष्य के अनुसार पढ़ाई किया जिसके चलते यह सफलता प्राप्त हुई है। मुझे हिंदी में 97 प्रतिशत, अंग्रेजी में 97 प्रतिशत, गणित में 98 प्रतिशत, विज्ञान में 97 प्रतिशत, सामाजिक विज्ञान में 97 प्रतिशत और संस्कृत में 98 प्रतिशत अंक मिले हैं। छात्र ने बताया कि उनकी मां गृहणी हैं। पढ़ाई में माता-पिता ने बहुत योगदान किया। जिससे यह उपलब्धि हासिल हो सकी है।

### जज बनकर पीड़ितों को इंसाफ दिलाना चाहता है चंद्रशेखर

**संतकबीरनगर,अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉप करने वाले छात्र चंद्रशेखर शुक्ल का लक्ष्य न्यायाधीश बनकर पीड़ितों को इंसाफ दिलाना है। छात्र ने बताया कि अपने जूनियर छात्रों को को यही कहना चाहेंगे कि लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। हमारे रोल मॉडल हमारे स्कूल के प्रधानाचार्य हैं। मैंने मोबाइल का इस्तेमाल केवल पढ़ाई के लिए ही किया। पढ़ाई करने के लिए कोई समय निर्धारित नहीं था। सफलता में सबसे बड़ा योगदान हमारे विद्यालय के बेहतरीन माहौल, प्रधानाचार्य और शिक्षकों का रहा। शिक्षक 15 दिन पर टेस्ट लेते रहे और बराबर मार्गदर्शन करते रहे।

### हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रों ने जिले में किया विद्यालय का नाम रोशन

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के इंटरमीडिएट के छात्र अनिकेत शुक्ल को 500 में से 463 नंबर, अभिषेक द्विवेदी को 500 में 449 नंबर, अतुल कुमार ने 500 में 441 नंबर हासिल किया। हाई स्कूल में छात्रा काजल यादव को 600 में 563 नंबर, छात्र आलोक चौरसिया को 600 में 555 नंबर, छात्रा सृष्टि पांडेय को 600 में 548 नंबर प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य रवि प्रकाश पांडेय ने बताया कि हमारे विद्यालय का इंटरमीडिएट व हाई स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हमारे विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस तरह वर्ष भी विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# द्वितीय चरण चुनाव के लिए बुलंदशहर रवाना हुई पुलिस

**संवाददाता संतकबीरनगर**

**अमृतविचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दूसरे चरण के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस कर्मियों का जत्था शनिवार को बुलंदशहर के लिए रवाना हुआ। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद बृजेश सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस कर्मियों को चुनाव ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर ब्रीफ किया और उसके बाद रोडवेज बसों से रवाना हो रहे पुलिस कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद संतकबीरनगर से बीते 16 अप्रैल को को प्रथम चरण में चुनाव ड्यूटी के लिए 16 उपनिरीक्षकों, 210 मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को रामपुर जिले के लिए रवाना किया गया था। शनिवार को द्वितीय चरण का चुनाव कराने के लिए उन पुलिस कर्मियों के अतिरिक्त 26 मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को रवाना किया गया है। क्षेत्राधिकारी ब्रजेश सिंह ने पुलिस बल को रवाना करने से पहले पुलिस लाइन सभागार में उनके साथ बैठक कर चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने का निर्देश दिया। जिससे कि निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके। इस दौरान प्रभारी चुनाव सेल मनोज त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### सपा प्रत्याशी ने रोड-शो करके दिखाई ताकत

**धनघटा, संतकबीरनगर।** लोकसभा चुनाव के लिए काफी जद्दोजहद के बाद सपा प्रत्याशी की घोषणा हुई। प्रत्याशी घोषित होने के बाद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने शनिवार को विशाल काफिले के साथ धनघटा विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करके अपनी ताकत का एहसास कराते हुए जिले के राजनैतिक तापमान को गरम कर दिया। सपा प्रत्याशी के रोड शो में सपा कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनमानस भी शामिल रहा। रोड शो कार्यक्रम नाथनगर से शुरू होकर महुली, पौली, धनघटा, उमरिया बाजार, तुर्कवलिया नायक पहुंचा जहां ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव के घर जलपान कर काफिला आगे बढ़ते हुए अशरफपुर, डिहवा बाजार, पिड़िया बाजार, काली जगदीशपुर, मोलनापुर, मैनसिर में रोड शो का समापन किया गया। लोकसभा के छठे चरण में होने वाले संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद को कड़ी टक्कर देने के लिए सपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री पप्पू निषाद को संत कबीर नगर लोकसभा का प्रत्याशी बना कर राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दिया है।

# मास्टर ट्रेनरों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न

**संतकबीरनगर**

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम, वीवी पैट, वीयू, सीयू की तकनीकी जानकारी और संचालन आदि के बारे में विस्तृत रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को पारदर्शी, निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय प्रश प्रशिक्षण दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को पारदर्शी, निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम प्रभारी अधिशाषी अभियन्ता नलकूप खण्ड और जिला कृषि अधिकारी/जिला मास्टर ट्रेनर पीसी विश्वकर्मा द्वारा 77 मास्टर ट्रेनर्स को प्रोजेक्टर के माध्यम से स्टेप-टू-स्टेप प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट, ईवीएम, वीवीपैट की पूरी जानकारी और मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों को मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्यों और दायित्वों के बारे में बताया गया। मतदान प्रारम्भ होने से मतदान की समाप्ति तक पीठासीन अधिकारियों को क्या-क्या करना है, इस बात की विस्तृत जानकारी दी गई। सामान्य प्रशिक्षण और ईवीएम मशीनों से संबंधित विशेष बिंदुओं जैसे सीआरसी क्या है, पीठासीन कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते हैं, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, आदि को लेकर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और नए अपडेट्स आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मास्टर ट्रेनर एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आप सभी पूरी निष्ठा व लगन से अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें और मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण को सकुशल सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि जब आप स्वयं दक्ष होंगे तभी बेहतर रूप से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित कर पाएंगे। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा प्रभात द्विवेदी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर यादव सहित सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# चार सदस्यीय टीम ने सीएचसी मलौली का किया निरीक्षण

**धनघटा, संतकबीरनगर**



मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेती जांच टीम।

**अमृत विचार:** धनघटा तहसील क्षेत्र के मलौली स्थित सीएचसी का चार सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आठ विन्दुओं पर गहनता पूर्वक जांच की। टीम ने मरीजों से वार्ता कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लिया। टीम अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेजेगी और सभी बिन्दुओं पर पास होने के बाद शासन स्तर से सीएचसी को अतिरिक्त धनराशि के साथ पुरस्कृत किया जाएगा। नामित टीम में डा. फैज रईस, डा. दीनानाथ, जितेन्द्र कुमार पांडेय के अलावा जिले के क्वालिटी सलाहकार डा. अबूबकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मलौली पहुंचे थे। सीएचसी अधीक्षक डा. रमेश सोनकर डा. जितेन्द्र चौधरी, फार्मासिस्ट अजय कुमार गौतम ने टीम का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद टीम के सदस्यों ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, सेनेटाइजेशन, हाइजीन स्तर, सपोर्ट सर्विस लांड्री, ब्लीचिंग पाउडर, फिनायल आदि की उपलब्धता, जैव कचरा प्रबंधन सहित आठ विन्दुओं की बारीकी से निरीक्षण किया। टीम द्वारा हर्बल गार्डन, ओपीडी, प्रसव आदि का भी निरीक्षण किया। मूल्यांकन के फाइनल राउन्ड में टीम ने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सकों से चर्चा भी किया। अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठीक देख टीम संतुष्ट दिखी। टीम के सदस्यों ने बताया कि फाइनल मूल्यांकन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इस मौके पर फार्मासिस्ट अनुज यादव, अमित कुमार गिरि, कमरुद्दीन समेत तमाम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन 24 को

**संतकबीरनगर,अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों को अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन के लिए ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन का कार्य आगामी 24 अप्रैल को अपरान्ह 12 बजे से जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय (एनआईसी) संत कबीर नगर में ईवीएम के पोर्टल ईएमएस 2.0 पर विधानसभा वार 312-मेहदावल, 313-खलीलाबाद तथा 314-धनघटा का प्रथम रेण्डमाइजेशन किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष या मंत्री को ईवीएम और वीवी पैट के प्रथम रेण्डमाइजेशन में समय से उपस्थित होने का आह्वान किया है।

# डीएम व एसपी ने जिले के टापरों को दी बधाई





**संतकबीरनगर,अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में जनपद के सभी होनहार विद्यार्थियों के बेहतर प्रगति रिपोर्ट पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन नियमानुसार होनहार छात्र छात्राओं को हर सम्भव सहयोग के लिए सदैव तत्पर मिलेगा। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि मेधावियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके निरंतर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्हें मेरे स्तर के सहयोग की आवश्यकता होगी तो सहयोग के लिए तत्पर मिलूंगा।

# प्रिंस ने लिया गुरुजनों का आशीर्वाद

**बिशेश्वरगंज, बहराइच**



विद्यालय में मौजूद आईएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रिंस बाबू मिश्रा।

**अमृत विचार।** बिशेश्वरगंज के ग्राम कंछर के ईश्वर नाथ पुरवा के प्रिंस बाबू मिश्रा पुत्र सुरेश चंद्र मिश्र ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने घर आये प्रिंस बाबू ने बिशेश्वरगंज के सत्य नारायण शुक्ल साइंस शिक्षण संस्थान पहुंचकर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर छात्रों को प्रोत्साहित किया।

छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्रिंस बाबू ने कहा हमें अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उस पर काम करना चाहिए। परिवारिक सामाजिक परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों हमें अपने लक्ष्य से नही भटकना चाहिए। उन्होंने अपने शिक्षक शरद शुक्ल की तारीफ करते हुए कहा कि शुक्ल जी ने मेरी शैक्षिक सामाजिक और आर्थिक हर स्तर पर सहायता की। उन्होंने कहा कि कोई भी लक्ष्य आपके संघर्ष के आगे बौना है। प्रिंस बाबू ने यूपीएससी की परीक्षा में 505वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने सत्य नारायण शुक्ल साइंस शिक्षण संस्थान से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की थी। विद्यालय प्रबंधक शरद शुक्ल, प्रधानाचार्य राधेश्याम शुक्ल, सहायक अध्यापक अमित मौर्य, मोहित पांडेय, अनीता द्विवेदी, उमा पांडेय, रोशनी चौहान, दिव्या सिंह, अर्पिता सिंह ने प्रिंस बाबू का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राएं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-46

**बाएं से दाएं**

1. जिसे किसी चीज़ की लत हो, अभ्यस्त, व्यसनी।
2. 1. दरवाज़े के दोनों कपाटों के मध्य फ़र्श पर लगाई गई लकड़ी, देहरी, ड्योढ़ी, चौखट 2. नपुंसक, नामर्द 3. गूलर नाम का एक फल तथा उसका वृक्ष 4. एक प्राचीन जाति 5. एक प्रकार का कोढ़।
4. 1. कोमल, नाज़ुक, मुलायम 2. मनोहर, सुंदर, सुहावना, बहुत अच्छा, उत्तम 3. दक्ष, होशियार, चतुर, प्रवीण।
6. दक्षता।
9. (पुराण) सात पाताल लोकों में से एक।
10. 1. गले लगाना, आलिंगन करना 2. छूना, पकड़ना 3. मिलने पर उपहार देना।

**ऊपर से नीचे**

1. हर्ष
2. 1. भारी उलटफेर, उलट-पुलट, क्रमभंग 2. हलचल।
3. रचयिता, रचना करने वाला।
5. 1. सौरमंडल के ग्रहों में सातवां ग्रह 2. सप्ताह का आख़िरी दिन, शनिवार।
7. टीन का गिलास जिसपर चमकदार रोगन या लुक लगाया गया हो; टीन का पात्र जिसपर चीनी मिट्टी आदि की कलई हो।
8. 1. आसवन करने की क्रिया 2. काढ़ा 3. प्रसव।



### वर्ग पहेली -45 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फुँ | क | ना | ■ | 2 फ़ | रे | बी |
| ■ | ■ | ■ | ■ | रा | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 ज़ | ■ | मो | ■ | 4 चु |
| 5 अ | 6 म | र | 7 को | श | ■ | ल |
| ■ | 8 स | र | ला | ■ | ■ | चु |
| ■ | नू | ■ | 9 ह | य | शा | ला |
| 10 चो | ई | ■ | ट | ■ | ■ | ना |

## सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | 5 | 7 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 6 | | 4 | 8 | | | | 5 | |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | |
| 5 | | | 2 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 1 | | 6 | | |

### सुडोकू -124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22 अप्रैल 01.11 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 17.08 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज शत्रु आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी। आपको क्रोध करने से बचना चाहिए। अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है। संतान को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं।

**मिथुन** — आज मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी।

**कर्क** — आज रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाए रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा।

**सिंह** — आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। गुरु तुल्य लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कन्या** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ाएगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनाएंगे।

**तुला** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य की समस्याओं का निवारण हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

**धनु** — आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**मकर** — आज दोस्तों के साथ मनोरंजन भरा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचार जन्म लेंगे। अजनबियों पर भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ** — आज प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। ऑनलाइन लेन-देन आपको सावधानी पूर्वक करना चाहिए। वैवाहिक जीवन को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे। व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से ज्यादा शेयर न करें।

**मीन** — आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा, जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- कौन करे कुर्बानी — दोपहर : 12.00
- मेला — रात : 07.04

**Sony Max**
- पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 09.56
- एनिमल — रात : 09.06

**Sony Pix**
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10.46
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- वीरे दी वेडिंग — सुबह : 10.15
- दिल धड़कने दो — रात : 07.15

**Colors Cineplex**
- मासूम — सुबह : 09.00
- ओएमजी 2 — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात :09.06 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

# हाईस्कूल में खुशी व आयुश तो इंटर में अर्पणा बनीं टॉपर

## खुशी व आयुष को प्रदेश में नौवां स्थान व इंटर की अर्पणा को प्रदेश में सातवां स्थान, प्रदेश में जिले को हाईस्कूल में 63वां तो इंटर में मिला 50वां स्थान

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट शुक्रवार को घोषित किया तो जिले के विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। हाईस्कूल में 97 प्रतिशत अंक पाने वाली खुशी मिश्र व आयुष बरनवाल ने टॉप किया है। इन दोनों ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में जगह बनाई और नौवां रैंक हासिल किया है। जबकि, इंटरमीडिएट में अर्पणा सिंह ने 96.60 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया है। अर्पणा को प्रदेश की टॉप टेन सूची में सातवीं रैंक हासिल हुआ है। हाईस्कूल में जिले को प्रदेश में 63वां तो इंटरमीडिएट में 50वां स्थान हासिल हुआ है।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में इस बार कुल 43,266 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। परीक्षा में 40,927 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 35,335 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। हाईस्कूल का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.34 प्रतिशत है। इस हिसाब से जिले को प्रदेश में 63वां स्थान हासिल हुआ है। हाईस्कूल में शांती देवी इंटर कॉलेज कादीपुर की छात्रा खुशी मिश्र और पं. आरएन पाठक प्रोग्रेसिव इंटर कॉलेज विवेकनगर मोतिगरपुर के छात्र आयुष बरनवाल 97 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से जिला टॉप किया है। इन दोनों ने प्रदेश के टॉप टेन की सूची में नौवां स्थान पाया है। वहीं, रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज बरवारीपुर की छात्रा श्रेया पाठक ने 96.83 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दूसरा तो प्रदेश में 10वां स्थान हासिल किया है।

इंटरमीडिएटः यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 37,664 पंजीकृत विद्यार्थियों में 36,878 ने परीक्षा दी थी। इसमें 30,232 उत्तीर्ण हुए हैं। उत्तीर्ण प्रतिशत 81.98 है और प्रदेश में जिले को 50वां स्थान मिला है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन की सूची में जिले के पांच विद्यार्थियों को स्थान मिला है। जिले की टॉपर अर्पणा सिंह 96.60 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। अर्पणा राज मांटेसरी इंटर कॉलेज सेमरी की छात्रा है। बीते साल की परीक्षा में इसी विद्यालय की सृष्टि सिंह ने हाईस्कूल में जिले टॉप किया था। वहीं, रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज बरवारीपुर कादीपुर की दीपिका भारती और श्रीमती शोभावती देवी बालिका इंटर कॉलेज रघुनाथपुर घाटमपुर की रागिनी राजभर ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया है। दीपिका और रागिनी ने 96.40 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश की टॉप टेन की सूची में आठवीं रैंक पाई है। 96.20 प्रतिशत अंक पाकर श्वेता मिश्रा जहां जिले में तीसरा तो प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया है। श्वेता स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोपालपुर मधैया लंभुआ की छात्रा है। जिले में पांचवां और प्रदेश में 10वां स्थान हासिल करने वाले अनुभव मौर्य को 96 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। अनुभव श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज कलान के छात्र है। परीक्षा परिणाम को लेकर सुबह से ही जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर और परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे अपनी टीम के साथ कार्यालय में लगे रहे। वहीं, विद्यालयों में भी परीक्षा परिणाम को लेकर जिम्मेदार दो बजने का इंतजार करते रहे। बच्चे भी रिजल्ट को लेकर उत्साहित दिखे।



रामराजी बालिका इंटर कॉलेज में खुशी मनातीं छात्राएं।



शांति देवी इंटर कॉलेज में मेधावियों का किया गया सम्मान। अमृत विचार

### जिले में हाईस्कूल के टॉप फाइव

| स्थान | नाम | प्रतिशत | यूपीरैंक |
|---|---|---|---|
| 1. | खुशी मिश्रा | 97.00 | 9 |
| 1. | आयुष बरनवाल | 97.00 | 9 |
| 2. | श्रेया पाठक | 96.83 | 10 |
| 3. | अनमोल मौर्य | 96.67 | – |
| 3. | शिखा दुबे | 96.67 | – |
| 4. | हिमांशी सिंह | 96.33 | – |
| 4. | प्रतिज्ञा विंद | 96.33 | – |
| 4. | अंकेश यादव | 96.33 | – |
| 4. | अश्वनी | 96.33 | – |
| 5. | अनुष्का | 96.17 | – |
| 5. | निराली चौरसिया | 96.17 | – |
| 5. | वैष्णवी सिंह | 96.17 | – |

### कादीपुर के मेधावियों का फिर लहराया झंडा

**कादीपुर :** माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली शांति देवी इंटर कॉलेज कादीपुर की हाईस्कूल छात्रा खुशी मिश्रा प्रतिदिन 7 से 8 घंटे अध्ययन करती थी। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हुए कहा कि वह भविष्य में आईएएस बनकर समाज सेवा करना चाहती है। इनके पिता मनोज कुमार मिश्र बाहर नौकरी करते हैं और माता गीता देवी शुद्ध रूप से गृहणी हैं। विधायक राजेश गौतम एवं विद्यालय के संरक्षक तथा पूर्व प्रमुख श्रवण मिश्रा ने बालिका को पुष्पगुच्छ अर्पित करते हुए मिठाई खिला करके अपनी शुभकामनाएं दी। रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज बरवारीपुर की छात्रा श्रेया पाठक ने प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार एवं कॉलेज का नाम रोशन किया है। ये अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों एवं अपने माता-पिता, दादा दादी व चाचा को देती हैं। यह लगभग सात घंटे प्रतिदिन शिक्षण कार्य करती थी। इनके पिता दीपक पाठक असम में एक दवा की कंपनी में कार्यरत है। तथा इनकी मां मीनाक्षी पाठक शुद्ध रूप से गृहणी हैं। दादा सीताराम पाठक एवं दादी सावित्री देवी घर पर रहती हैं। यह भविष्य में आईआईटी से इंजीनियर बनना चाहती हैं। वहीं, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज वरवारीपुर की छात्रा दीपिका भारती अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता-पिता को देती हैं। वह लगभग 7 घंटे प्रतिदिन अध्ययन करती थी। उसके पिता रामकिशुन किसान एवं माता सुमन देवी गृहिणी हैं। यह भविष्य में आईएएस बनना चाहती हैं।

### कोई इंजीनियर तो किसी ने सिविल सेवा का पाला है सपना

**सुलतानपुर।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में सफल मेधावियों के चेहरे खिल उठे हैं। कोई सिविल सेवा तो कोई चिकित्सक व इंजीनियर बनना चाहता है। शोभावती शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज भेवतरी जयसिंहपुर से छात्रा अर्चिता वर्मा पुत्री वीरेंद्र वर्मा ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय टाप किया है। वहीं रजनीश मौर्या पुत्र सुरेश ने 91.4 प्रतिशत (मैथमेटिक्स) के साथ कॉलेज में द्वितीय स्थान व बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमिषा वर्मा पुत्री अरुण कुमार वर्मा 90.6 प्रतिशत और मानसी वर्मा पुत्री जयसिंह वर्मा 90.2 प्रतिशत के साथ कॉलेज में टॉप 5 में जगह बनाई। हालमार्क वर्ल्ड साइंस इंटर कॉलेज वगिया चौराहा जयसिंहपुर के छात्र सुरेंद्र कुमार पुत्र शिवकुमार हाइस्कूल की परीक्षा में 94 प्रतिशत के साथ कॉलेज में टाप किया है। श्रद्धा गुप्ता 90.12 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इस परिणाम से संस्थान के प्रबंधक जयप्रकाश वर्मा, प्रधानाचार्य राम केश, दीपा वर्मा, दधिचन्द्र शुक्ला, पतिराज यादव, अलगूराम, दीपक सिंह पुष्पेंद्र कुलदीप शुक्ला आदि अध्यापकों ने सभी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, शहर के राधा रानी कुंवर कृष्ण बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में पहुंचे मेधावी चहक उठे। रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कालेज का परीक्षा फल शतप्रतिशत रहा। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शगुन यादव 92 प्रतिशत पाकर कॉलेज टाप किया है। एमजीएस का भी बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। यूपी बोर्ड की इंटरमीडियट की परीक्षा में राज बाबू यादव और सूर्यांश त्रिपाठी ने अच्छे अंक लाकर अपनी मेधा का परचम लहराया। राज बाबू यादव इंटर विज्ञान वर्ग की परीक्षा में 92 फीसदी अंक और सूर्यांश त्रिपाठी ने 94.2 फीसदी अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



राधारानी कुंवरि कृष्ण बालिका कॉलेज में बच्चों को खिलाई मिठाई।

### जिले में इंटरमीडिएट के टॉप फाइव

| स्थान | नाम | प्रतिशत | यूपी रैंक |
|---|---|---|---|
| 1. | अर्पणा सिंह | 96.60 | 7 |
| 2. | दीपिका भारती | 96.40 | 8 |
| 2. | रागिनी राजभर | 96.40 | 8 |
| 3. | श्वेता मिश्रा | 96.20 | 9 |
| 4. | अनुभव मौर्य | 96.00 | 10 |
| 5. | अपर्णा पांडेय | 95.80 | – |

### अर्पणा का चिकित्सक बन देशसेवा की तमन्ना

सुलतानपुर : इंटरमीडिएट की टॉपर अर्पणा सिंह चिकित्सक बनकर देश सेवा करना चाहती है। उनके पिता केडी सिंह किसान है। उनकी माता माया सिंह गृहणी है। दो बहन और एक भाई में सबसे बड़ी अर्पणा नीट की तैयारी में जुट गई है। ग्रामीण परिवेश में बिना कोचिंग ट्यूशन किए अर्पणा ने यह उपलब्धि हासिल की है।

### हाईस्कूल में जिले के सर्वक्षेष्ठ मेधावी



खुशी मिश्र 97% आयुष बरनवाल 97 % श्रेया पाठक 96.83



शिखा दुबे 96.67 स्वाती 90.66 % सौरभ प्रजापति 90.2% शगुन यादव 92%



अंशिता सिंह 88.5% आयुष बरनवाल 96% सुरेंद्र कुमार 94% अदिति मिश्र 92%

### इंटरमीडियट में जिले के सर्वक्षेष्ठ मेधावी



अर्पणा 96.60 % दीपिका 96.40 % रागिनी 96.40 % श्वेता मिश्रा 96.20 %



अनुभव 96.00 % अपर्णा 95.80 % अर्चिता वर्मा 94.4% अंशु यादव 94%



साक्षी अग्रहरि 93.6% समीक्षा मौर्या 93% रजनीश मौर्य 91.4%



वैष्णवी तिवारी 91% अमिशा वर्मा 90.6% मानसी 90.2%

## एक नजर

### गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए की कोर्ट रिक्त होने के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख नियत की है। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

### जेल में बन्द आरोपी को कोर्ट से राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्मैक की बरामदगी के मामले में जेल में बंद आरोपी प्रीती की जमानत न्यायाधीश एकता वर्मा ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के वकील सन्तोष पाण्डेय ने कहा कि कोतवाली नगर पुलिस ने गलत तरीके से प्रीति के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामदगी दिखाकर 15 मार्च को जेल भेज दिया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

### एकादशी पर हुई पारिजात जी की महाआरती

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला उद्योग परिसर स्थित कल्पवृक्ष पारिजात धाम पर एकादशी पर महाआरती का आयोजन किया गया। आरती में अभिषेक तिवारी, अंकित श्रीवास्तव, सत्यम चौरसिया, आशीश, दुर्गेश, दिलीप, पूनम, अंकिता, गूंजा आदि रहे। प्रत्येक एकादशी को कल्पवृक्ष सेवा समिति की ओर से आरती का आयोजन किया जाता है।

### करणी सेना ने विजय हत्याकांड की निंदा की

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने विजय नारायण हत्याकांड की निंदा कर हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विजय नारायण की 13वीं पर श्रद्धांजलि देकर उनके परिजनों का ढांढस बंधाया। कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार में अपराधियों की गिरफ्तारी न होना जीरो टॉलरेंस पर सवाल खड़ा करता है। अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने कहा कि विवेचना ट्रान्सफर होने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नही होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। इस दौरान रुद्र प्रताप सिंह मदन, मृत्युंजय सिंह, प्रशांत सिंह, अनिल सिंह, बसंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# सजायाफ्ता शिक्षक को बीएसए ने किया सेवामुक्त

▸▸ गांव में मारपीट के बाद कोर्ट ने शिक्षक को बनाया है सजायाफ्ता

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** गांव के ही एक व्यक्ति से मारपीट करना बेसिक के एक शिक्षक को भारी पड़ गया है। पुलिस ने शिक्षक पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। शिक्षक पर दर्ज मुकदमे में सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दोषी ठहराया है। साथ ही कारावास व जुर्माना भी लगाया है। जिसकी जांच कर रिपोर्ट खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बीएसए को भेजा। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने दोषसिद्ध शिक्षक को परिषदीय सेवा नियमावली के तहत सेवामुक्त/बर्खास्त (टर्मिनेट) करने का आदेश जारी कर दिया।

बल्दीराय थाना क्षेत्र के विही निदूरा निवासी रमाकांत मिश्र शिक्षा क्षेत्र कुड़वार के प्राथमिक विद्यालय निरसाहिया में बतौर प्रधानाध्यापक थे। बीते दिनों गांव निवासी श्री पाल पासी से मारपीट हो गई थी। जिस पर श्री पाल पासी ने स्थानीय थाने पर प्रधानाध्यापक सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। तहरीर पर पुलिस प्रधानाध्यापक सहित चार लोगों के खिलाफ एससी एसटी सहित गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सुनवाई के दौरान जज ने उन पर उन पर 10 वर्ष का कारावास व 30 हजार का जुर्माना लगाया। जांच कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी कुड़वार ने इसकी रिपोर्ट बीएसए को सौपी। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने शिक्षक को परिषदीय सेवा नियमावली के तहत सेवा मुक्त कर दिया है। बीएसए की कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा है।

## राजेश एमपी में मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए गए



**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कांग्रेस नेता राजेश तिवारी को अहम जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस ने राजेश तिवारी को मध्य प्रदेश का मीडिया को-आर्डिनेटर बनाया गया है। लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर मिली इस जिम्मेदारी से जिले के कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। छात्र जीवन से ही राजनीति में कैरियर शुरू करने वाले राजेश तिवारी संघर्षशील और जुझारू प्रकृति के हैं। उन्होंने यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता तक का सफर तय किया है। एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पत्र जारी कर राजेश तिवारी के मीडिया कोऑर्डिनेटर होने की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, नगर अध्यक्ष शकील अंसारी, विधान सभा प्रत्याशी फिरोज खान, हरीश त्रिपाठी, अनवर अंसारी, तेज बहादुर पाठक, दीपक सोनी सहित अन्य कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर की है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

● दो गंभीर रूप से घायल, लंभुआ व कूरेभार थाना क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं

लंभुआ/कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सहालग में सड़क हादसे बढ़ गए हैं। लंभुआ और कूरेभार थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में चल रहा है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के चौकिया निवासी हरीलाल (22 वर्ष) पुत्र मुकेश कुमार गांव के ही रवि कुमार (21) पुत्र चेतू राम के साथ शुक्रवार देर शाम बाइक से लंभुआ बाजार से घर जा रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों चौकिया गांव के निकट चौबेपुर मोड़ के पास पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार मुकेश की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वही दूसरे साथी को सीएचसी लंभुआ ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर अवस्था देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मृतक युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही घटना की ख़बर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। कोतवाल अखंड देव मिश्रा ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। वहीं, शुक्रवार की देर शाम धनपतगंज थानाक्षेत्र के सड़ाव गांव निवासी अशोक कुमार वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी कूरेभार थानाक्षेत्र के बन्दरहा के पास बरौला गांव निवासी अखिलेश यादव की बाइक से आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आवाज पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस व एंबुलेस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को मेडिकल कालेज ले आई। जहां गंभीर रूप से घायल अखिलेश यादव (22) को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार को अखिलेश की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताते चलें कि मृतक युवक मोटरसाइकिल मकैनिक का काम सीख रहा था। इरुल चौराहे के हनुमान मंदिर के पास उसकी दुकान थी। वही से दुकान बंद कर घर जा रहा था।मृतक चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया की घायलों को अस्पताल भेजा गया था। अभी कोई तहरीर नहीं मिली हैं।

## सार-संक्षेप

### पटाखा कारोबारी की इलाज के दौरान मौत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गंभीर रूप से घायल पटाखा कारोबारी की निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। शुक्रवार को सुबह चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिम गांव में पटाखा कारोबारी हारून उर्फ़ बुद्धू पुत्र नन्हकऊ के घर संदिग्ध परिस्थिति में आग लगी थी। जिसमें सब कुछ जल गया था। उसी में दो लोग आग से बुरी तरह झुलस गए थे। दोनों को निजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। शुक्रवार आधी रात को घायल हारून उर्फ़ बुद्धू निवासी ग्राम महारानी पश्चिम थाना चांदा जनपद सुलतानपुर की बगल के सटे प्रतापगढ़ जनपद के पट्टी स्थित एक निजी हॉस्पिटल में मौत हो गयी। शनिवार सुबह हारून उर्फ़ बुद्धू का शव घर उनके घर पंहुचा तो शोक संवेदना व्यक्त करने वालो का ताता लगा रहा मृतक हारून उर्फ़ बुद्धू की पत्नी सितारा बानो का रो रो कर बुरा हाल था। दोपहर बाद हारून उर्फ़ बुद्धू के शव को कब्रिस्तान में दफनाया गया।

### धम्मौर में कई स्थानों पर आग ने मचाई तबाही

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार को क्षेत्र के हाजीपट्टी ग्राम पंचायत के रामापुर, पूरे पहलवान गांव में आग ने कई स्थानों पर तबाही मचाई। आग धम्मौर थाना क्षेत्र में ग्राम रामापुर गांव के पास से शुरू हुई। यह गांव पूरे पहलवान से हाजीपट्टी गाव के निकट पहुंच गई। हाजीपट्टी, रामापुर गांव के साथ साथ आसपास के ग्राम भांटी, खौंपुर,नरही ,पूरे रिसाल दूबे आदि गांवों के सैकड़ों लोग घरों से बाहर निकल कर पंपिंग सेट चलाकर मौके पर पहुंचे दमकल की सहायता से आग बुझाने लगे। इस दौरान राजस्व टीम के साथ कानूनगो गजाधर प्रसाद, थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल फोर्स के साथ मौजूद रहे। रामापुर गांव की तरफ से गेंहू जलते हुए पहलवान का पुरवा निवासी बाबूलाल के दरवाजे पर छप्पर में रखा सभी फर्नीचर, कपड़ा, राशन सहित अन्य सामान जल गया। इसी गांव के राम शंकर और भोला की झोपड़ी तथा उसमें रखे सामान जल गए। मोहम्मद रईस अहमद, शईद खान, शुभावन पवन कुमार, जगदंबा, भोला सहित अन्य के कुछ खड़े तथा कुछ काट कर खेतों में रखे गेहूं के बोझ, सरसों के बोझ तथा खेतों में रखा भूसा जल कर राख हो गया। आग की लपटों से हाजीपट्टी गांव निवासी रवीउल्ला के पोल्ट्री फार्म के 30 बच्चे मर गए तथा दर्जनों झुलस गए। आग दोपहर साढ़े 11 बजे से लेकर शाम चार बजे तक तबाही मचाती रही। कानूनगो सहित राजस्व टीम भी मौके पर पहुंची थी।

### जिले के बंधक 90 मछुआरों को मेनका ने छुड़वाया

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के जयसिंहपुर, बल्दीराय, लंभुआ, चांदा आदि क्षेत्रों से संबंधित दर्जनों गांवों के सैकड़ों निषाद समाज के मछुआरे महाराष्ट्र के रायगढ़ में मजदूर के रूप में समुद्र से मत्स्य आखेट करते हैं। गत माह करीब 90 मछुआरे अपने मत्स्य आखेटक ठेकेदारों के साथ उनकी 14 नौकाओं पर समुद्र में आखेट कर रहे थे। तभी समुद्र तटरक्षकों (कोस्टगार्ड) व मत्स्य विभाग के अफसरों ने बोट व नौकाओं सहित दर्जनों मछुआरों को रोक लिया। सामुद्रिक नियमों के उल्लंघन के आरोप में नौकाएं सीज करने के साथ मत्स्य आखेटक ठेकेदारों पर एक्शन लिया ही मछुआरों को भी अकारण बंधक बना लिया। जबकि वे सिर्फ दैनिक मजदूरी पर ठेकेदारों के अधीन मत्स्य आखेट करने वाले श्रमिक ही थे। कोस्टगार्ड, मत्स्य विभाग व पुलिस के सामने गुहार लगाने के बावजूद इन मछुआरों के परिजनों को कोई सफलता नहीं मिली। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि अंततः थक हारकर इन मछुआरों के परिवारीजनों ने निषाद पार्टी के संगठन जिला उपाध्यक्ष रमेश निषाद को साथ लेकर सांसद मेनका संजय गांधी के सामने दुखड़ा रोया। जिस पर उन्होंने रायगढ़ के फिशरीज कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक व मुरुड पुलिस एसएचओ से वार्ता की। प्रकरण में निर्दोष मछुआरों को बंधक बनाए जाने पर अफसर कोई सफाई नहीं पेश ओर सके। आखिरकार आनन फानन में सभी बंधक बनाए गए मछुआरों की तत्काल रिहाई के निर्देश उच्चाधिकारियों ने मातहतों को दे दिए हैं। कमिश्नर अतुल पाटने ने बताया कि सभी मछुआरे बोट मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। पुलिस स्टेशन मुरुड की एसएचओ निशा जाधव जे ने भी इसकी पुष्टि की है।

**लोकसभा चुनाव** पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम का द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न

# 2000 के सापेक्ष 1987 मतदान कार्मिकों ने लिया प्रशिक्षण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोक सभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम का द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण शनिवार को केंद्रीय विद्यालय अमहट में दो पालियों में संपन्न हुई।

सीडीओ मतदान कार्मिक नोडल अंकुर कौशिक ने सभी प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण करते हुए प्रतिभागियों से टेण्डर वोट, चैलेंज वोट, टेस्ट वोट व एएसडी मतदाता पर प्रश्न-उत्तर किया गया। दोनों पालियों में प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों से कहा कि मतदान प्रक्रिया के बेहतर संचालन के लिए सभी पहलुओं की बेहतर जानकारी होनी चाहिए। सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर तैयार हैंड आउट व पीपीटी का अध्ययन अनिवार्य रूप से कर लें।

वही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली ने सभी कक्षों में जाकर प्रशिक्षण संचालन का अवलोकन किया। डीडीओ अजय कुमार पांडेय ने बताया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा एम.पी.एस.एप पर वोटर टर्न आउट रिपोर्ट को मतदान दिवस में नियमित अंतराल पर प्रेषित करना है। सूचना अपडेट करने के लिए इसमें आडियो एलर्ट भी पीठासीन अधिकारी के मोबाइल पर आएगा। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. संतोष गुप्ता ने प्रतिभागियों को मॉक पोल की प्रक्रिया, माकपोल के पश्चात कण्ट्रोल यूनिट को क्लियर करना तथा वी.वी. पैट के ड्राप बाक्स में गिरी माकपाल की पर्ची को निकाल कर उसके पीछे मुहर लगाकर इसे काले लिफाफे में रखकर सील करने की प्रक्रिया समझाई। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने बताया कि मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व माकपोल प्रारंभ किया जाएगा। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने मतपत्र लेखा और पीठासीन की डायरी को भरने के तरीके पर चर्चा की। ई.वी.एम. व वी.वी. पैट के कनेक्शन पर चर्चा करते हुए बताया कि बैलेट यूनिट को वी.वी. पैट से व वी.वी. पैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करेंगे उन्होंने मतदान के दौरान आने वाली समस्याओं व उनके समाधान पर विस्तार पर विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने एजेंट बनाने के प्रारूप पर चर्चा की व ई.वी.एम.व वी.वी. पैट को सील करने की प्रक्रिया को समझाया तथा चैलेंज वोट, टेंडर वोट, कम्पेनियन, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से चर्चा की।



प्रशिक्षण का निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ अंकुर कौशिक। अमृत विचार

### अनुपस्थित कार्मिकों से मांगा गया स्पष्टीकरण

प्रशिक्षण व्यवस्था देख रहे डा जनार्दन राय ने बताया कि दोनों पालियों में 13 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही दो लोगो के अप्रैल माह के वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है।

## एक नजर

### विशेष ट्रेन के समय में किया गया परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये पूर्व में जारी 05303/05304 गोरखपुर-महबूबनगर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी को जडचर्ला में शार्ट-टर्मिनेट/शार्ट-ओरिजिनेट होगी तथा जडचर्ला स्टेशन पर समय में परिवर्तन किया गया है। फलस्वरूप गोरखपुर से 27 अप्रैल, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05303 गोरखपुर-महबूबनगर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी जडचर्ला 19 .00 बजे पहुंचेगी तथा वापसी यात्रा में 29 अप्रैल, 2024 को चलने वाली 05304 महबूबनगर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी जडचर्ला से 18 .20 बजे चलाई जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### यूपीएससी में 9वीं रैंक प्राप्त करने वाली नौशीन सम्मानित

गोरखपुर, अमृत विचार।यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर में संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में ऑल इंडिया में 9वीं रैंक प्राप्त करने वाली गोरखपुर की सुश्री नौशीन को बैंक द्वारा आयोजित सम्मान क्रार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। सुश्री नौशीन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्मिक अकरम सिद्दीकी की बहन हैं जो वर्तमान में बैंक के मऊ क्षेत्र में कार्यरत हैं। अपने संबोधन में उन्होंने अपनी सफलता के सूत्र की चर्चा बैंक कर्मियों से की। उन्होंने बताया कि उनकी शिक्षा गोरखपुर व दिल्ली में हुई है। दिल्ली में स्नातक के दौरान उनकी रूचि इस क्षेत्र में कैरियर बनाने की ओर उन्मुख हुई व स्नातक उपरांत उन्होंने अपने चौथे प्रयास में सफलता अर्जित की।

# आधा दर्जन छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में स्थान पाकर रोशन किया नाम

## यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम का बेसब्री से इंतजार करते रहे छात्र-छात्राएं

सिद्धार्थ नगर,

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के इंटरमीडिएट की परीक्षा में जनपद की बालिकाओं ने अपना स्थान बनाकर जनपद का नाम रोशन किया है। जिसमें सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी की इंटर की छात्रा चार्ली गुप्ता इंटरमीडिएट में 97.60 प्रतिशत अंक पाकर उत्तर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाकर नाम रोशन किया है। वहीं इसी कॉलेज की पलक सिंह ने 97.40 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश में हासिल किया है। इसी इंटर कॉलेज की निधि 97% अंक पाकर उत्तर प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है तथा अंशिका चौधरी ने 96. 80% अंक पाकर उत्तर प्रदेश में छठवीं रैंक प्राप्त की है। इस प्रकार इंटर कॉलेज की छात्राओं ने जनपद ही नहीं प्रदेश में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज के साथ जनपद ही नहीं मंडल का नाम रोशन करके अपना एक अच्छा मुकाम हासिल किया है। इसके लिए विद्यालय के गुरुजनों ने अच्छा अंक प्राप्त करने पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसीक्रम में सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी की अपराजिता 96.60% तथा अर्पिता द्विवेदी 96.40 प्रतिशत अंक पाकर उत्तर प्रदेश के टॉप 10 में अपना नाम दर्ज कराया है। इस प्रकार आधा दर्जन छात्राओं ने उत्तर प्रदेश के टॉप टेन में अपना नाम रोशन करते हुए जिले का परचम फहराया है।



यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद प्रसन्न मुद्रा में सफल छात्राएं। अमृत विचार

### 92.6% अंक पाकर विवेक पांडेय ने बढ़ाया विद्यालय का मान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आदर्श पब्लिक हाई स्कूल महापाली में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिला कर स्वागत व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। हाई स्कूल में विवेक पांडे ने 92 .6%, शीतल गुप्ता ने 86 .15%, शुभम गुप्ता ने 84 .67%, महिमा चौधरी ने 84 .5%, राधिका गुप्ता ने 82 .33%, गुंजन ने 82 .17%, सोनी यादव ने 82 .02%, विकास चौधरी ने 79 % एवम इंटरमीडिएट में ज्योति भारती ने 85 . 2% , एवं दिवेश चौधरी ने 80 .2% अंक लाकर विद्यालय तथा परिजनों का मान बढ़ाया है। विद्यालय के संस्थापक दीपेन्द्र चौधरी एव प्रिंसिपल सोनम चौधरी सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।



मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत। अमृत विचार

# झोपड़ी में आग से देवरानी और जेठानी की झुलसने से मौत

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र शोहरतगढ़.के ग्राम पंचायत नकाही टोला सरपतहा गांव में शुक्रवार को एक झोपड़ी आग लग गयीं। जिसमें में परिवार के देवरानी व जेठानी को आग ने अपने आगोश में ले लिया, जिससे उनकी झुलसकर मौत हो गयीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घर में लगी आग को बुझाने में ग्रमीणों ने बड़ी मशक्कत की। लेकिन दो महिलाओं की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। घण्टों के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देवरानी व जेठानी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मौके पर डीएम एसपी, विधायक विनय वर्मा, एसडीएम और हल्का लेखपाल मौके का निरीक्षण कर परिजनों को सांत्वना दी और क्षतिपूर्ति देने के लिए आश्वासन दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार को ग्राम पंचायत नकाही के सरपतहा गांव के सिवान में गेहूं की डंठल में अज्ञात कारणों से आग लग गयीं। तेज पछुवा हवा के झोंके से गांव में आग फैल गयीं। उसी दौरान एक झोपड़ी आग पकड़ लिया। झोपड़ी में उस समय चतुरी (70) राम-लखन, जेठानी व गोना (65) पत्नी राम आधारे देवरानी झोपड़ी में मौजूद थी। वे दोनों आग भयानक रूप लेने की वजह से देवरानी जेठानी निकल नही पायीं। वहीं ग्रामीण और पुलिस ने दोनों को बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक आग से झुलस उन दोनों की मौत हो गई थी। पुलिस दोनों के शव को कब्जे में लेकर फैल रहे आग को ग्रामीणों की मदद से बुझवाया। वही तहसील क्षेत्र दो दर्जन से अधिक गांवो में लगी आग की वजह से अग्निशमन की गाड़ी कम पड़ गयीं। इसकी वजह अग्निशमन की गाड़ी मौके पर नही पहुंच पायीं। इस सम्बन्ध में शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष राज कुमार पाण्डेय ने बताया कि आग से झुलस कर हुई मौत में देवरानी-जेठानी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। आगे की कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में चिल्हियां थाना के मुसहरी गांव के सिवान गुरुवार रात में गेहूं की डंठल में लगी की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत हो गयीं। वहीं बताया जाता है व्यक्ति आग को बुझाने गया था और आग की चपेट में आकर झुलस गया। लोगों ने उसे आनन-फानन में जिला मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए गोरखपुर मेडिकल कालेज भेज दिया।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाल संसद गठित

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाल संसद का गठन किया गया। इस बाल संसद में ,प्रधानमंत्री के रूप में अतुल सिंह लोधी, उप प्रधानमंत्री /गृह मंत्री के रूप में मानसी , शिक्षा मंत्री के रूप में श्यामिनी, स्वास्थ्य मंत्री के रूप में शिवा, पुस्तकालय एवम विज्ञान मंत्री जाबिर अली,जल एवम पर्यावरण मंत्री विंध्यवासिनी ,खोया पाया विभाग मंत्री प्रमोद चौरसिया ,सांस्कृतिक एवम खेल विभाग मंत्री के रूप में ममता का चयन किया गया

इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने सभी छात्र-छात्राओं को मोहर लगी पर्ची देकर सभी छात्र-छात्राओं से मतदान करने को कहा कि आप निष्पक्ष होकर बिना किसी भेदभाव के मतदान करें इस प्रकार प्राप्त मत पत्रों को काउंट कर रिजल्ट सुनाया गया और छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि अपने माता-पिता को विद्यालय की इस प्रकार की गतिविधि को बता कर उन्हें गुप्त मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष , जाति, धर्म ,भाषा, भाई भतीजा बाद,लालच आदि सबसे ऊपर उठकर भय रहित मतदान करने को प्रेरित करें इसके साथ-साथ छात्र-छात्राओं को हीट वेव लू लगने से बचाव तथा संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया गया । इस अवसर अंगद प्रसाद ,अरुण लाल श्रीवास्तव , युगूल किशोर, लक्ष्मी सिंह, सोनाली देवी प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी सहित सभी शिक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मोदी के ऊपर लोगों का भरोसा : पाल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में संगठन की बैठक संपन्न हुई।

बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सहजानंद राय ने कहा कि हर बूथ को मजबूत करने का कार्य कार्यकर्ता करें। लोकसभा चुनाव में जो भी अभियान या कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे उनमें सभी कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना होगा बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुखों का सत्यापन कर अधिक से अधिक लाभार्थियों से संपर्क करें।सांसद डुमरियगंज जगदंबिका पाल ने कहा पिछले वर्षों में भाजपा सरकार में जो विकास के कार्य हुए हैं उससे जनता में संदेश गया है कि मोदी है तो मुमकिन है मोदी के ऊपर लोगों का भरोसा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान में कार्यक्रम का समापन करते हुए कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी,संयोजक रामकुमार कुंवर, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, शिवनाथ चौधरी,साधना चौधरी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में मंचस्थ पदाधिकारी। अमृत विचार

# तेज धूप व धूल भरी आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**गर्मी के तेवर**

▸▸ **दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा**

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार ।** अप्रैल माह में ही धूप व धूल भरी आंधी से जहां एक तरफ लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है वहीं 9:00 बजे के बाद से ही सड़कों पर सन्नाटा छा जा रहा है।

इतनी गर्मी कि मानव जीवन ही नहीं पशु पक्षी भी इस भीषण गर्मी से बेहाल हो गये है। ताल तलैया सूख गए हैं और पानी के लिए जानवर इधर-उधर भटक भी रहे हैं लोग प्रचंड गर्मी से घरों में दुबके हुए हैं।

जनपद मुख्यालय से लेकर बाजरो में तथा उप नगरों में पूरी तरह से सन्नाटा छाया हुआ है लोगों का कहना है कि जब अभी इस तरह की भीषण गर्मी है तो आगे चलकर मई जून में क्या होगा इतनी तगड़ी धूप में खासकर मजदूरों के लिए रोजी-रोटी का सवालिया निशान पैदा हो गया है। सड़क जल रही है और आसमान तप रहा है आसमान से जैसे की आग का गोला निकल रहा है इस तरह की स्थिति अप्रैल में ही पैदा हो गई है।

# 10 फेरों के लिए चलायी जाएगी विशेष ट्रेन



**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05060/05059 लालकुआं-हावड़ा-लालकुआं ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन संशोधित समयानुसार लालकुआं से 25 अप्रैल से 27 जून, 2024 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा हावड़ा से संशोधित अवधि 26 अप्रैल से 28 जून, 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को 10 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05060 लालकुआं-हावड़ा ग्रीष्मकालीन विषेष गाड़ी संशोधित समयानुसार लालकुआं से 13.35 बजे प्रस्थान कर किच्छा से समय 13.57 बजे, भोजीपुरा से 15.10 बजे, पीलीभीत से 16.00 बजे, पूरनपुर से 17.05 बजे, मैलानी से 18.30 बजे, गोला गोकरननाथ से 18.55 बजे, लखीमपुर से 19.42 बजे, बर्द्धवान से 18.52 बजे तथा बण्डेल से 20.02 बजे छूटकर हावड़ा 21.30 बजे पहुँचेगी।

05059 हावड़ा-लालकुआं ग्रीष्मकालीन विषेष गाड़ी संषोधित अवधि एवं संशोधित समयानुसार 26 अप्रैल से 28 जून, 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को हावड़ा से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बण्डेल से 00.32 बजे, गोला गोकरननाथ 07.25 बजे, मैलानी से 09.10 बजे, पूरनपुर से 09.50 बजे, पीलीभीत से 10.55 बजे, भोजीपुरा से 12.05 बजे, तथा किच्छा से 12.55 बजे छूटकर लालकुआं 13.55 बजे पहुँचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### अनारक्षित विशेष ट्रेनों का हो रहा संचालन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु निम्नलिखित अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाडियों का संचलन निम्न मार्गो से निम्नवत किया जा रहा है।

04052 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी 20 अप्रैल, 2024 को ( 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से 13 .20 बजे प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद -अलीगढ़- टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-देवरिया सदर- सीवान-छपरा-समस्तीपुर-दरभंगा के रास्ते चलाई जा रही हैं। 04038 नई दिल्ली-सहरसा विशेष गाड़ी 20 अप्रैल, 2024 को 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस के मार्ग पर नई दिल्ली से 20 .15 बजे प्रस्थान करेगी। 04034 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी 20 अप्रैलको आनन्द विहार टर्मिनस से 15 .20 बजे प्रस्थान करेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# अपने मोबाइल का लोकेशन ऑन रखेंगी टीमें

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं एडीएम उमाशंकर की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में एफएसटी एवं वीएसटी की टीमों के साथ बैठक हुई।

अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने दोनों टीमों के कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया । डीएम को वरिष्ठ कोषाधिकारी ने इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम (ईएसएमएस) के बारे में जानकारी दी तथा सीविजिल एप के माध्यम से शिकायतों के निस्तारण के बारे में जानकारी दी। सीविजिल एप पर चुनाव से संबधित कोई भी नागरिक शिकायत दर्ज करा सकता है। निर्देश दिया गया कि सभी टीमें अपने मोबाइल का लोकेशन ऑन रखेंगी तथा सक्रिय रहेंगी। इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम के माध्यम से निर्वाचन प्रभावित करने वाली सामग्री सीज की जाएगी।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा एफएसटी व वीएसटी के कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी तथा अपर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीरेन्द्र सिंह द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम (ईएसएमएस) ऐप पर कार्य करने के विषय में जानकारी दी गयी।

### एक मई से शुरू होगा मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए मतदान कार्मिको का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार तथा अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में एनआईसी में सम्पन्न हुआ। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया जनपद में 2178 पोलिंग बूथ बनाये गये है। मतदान कार्मिक पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा मतदान अधिकारी होगे। रेडमाइजेशन के बाद ड्यूटी लिस्ट कार्मिकों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल करौदा मसिना में 01 व 02 मई को कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

इस अवसर पर वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा नीलोत्तम चौबे, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी आमोद शंकर शुक्ल, जिला बचत अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, अपर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीरेन्द्र सिंह तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### नागपुर गोरखपुर विशेष ट्रेन का संचालन आज से

**गोरखपुर , अमृत विचार।** यात्री जनता की सुविधा हेतु 01207/01208 नागपुर-गोरखपुर-नागपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन नागपुर से 21 अप्रैल, 2024 को तथा गोरखपुर से 22 अप्रैल, 2024 को निम्नवत किया गया है।

01207 नागपुर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 21 अप्रैल, 2024 नागपुर से 07 .30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गोरखपुर 06 .15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 01208 गोरखपुर-नागपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 22 अप्रैल, 2024 को गोरखपुर 09 .15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोपाल से 02 .15 बजे छूटकर नागपुर 09 .30 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल . एस .एल .आर .डी . का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 12 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।

**निर्देश** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी व प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण

# कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए ठीक से प्रशिक्षण प्राप्त करें मास्टर ट्रेनर

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्टेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्टेट पवन अग्रवाल ने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि कि सभी लोग अच्छी तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें जिससे मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित कर सकें। ईवीएम के माध्यम से मतदान सम्पन्न कराना है जिसमें कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट का प्रयोग होगा। कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट को सही तरीके से रखें। मतदान प्रारम्भ होने के 90 मिनट पूर्व (प्रातः 5:30 बजे) पहले माक पोल करना अनिवार्य है किसी भी एजेन्ट के उपस्थित न रहने पर अधिकतम 15 मिनट की प्रतीक्षा करें। प्रतीक्षा अवधि के बाद बिना देर किये माक पोल की कार्यवाही शुरू कर दें। माक पोल में कम से कम 50 मत डलवाना आवश्यक है जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार का मत पड़े। इसके पश्चात वास्तविक मतदान शुरू किया जायेगा। ईवीएम/वीवीपैट में खराबी होने की दशा में कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट मे से कोई खराब होता है तो उसे ही बदला जायेगा। सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के पास रिजर्व में ईवीएम उपलब्ध रहेंगी।मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार ने कहा कि कन्ट्रोल यूनिट, एवं वीवीपैट को निर्धारित टैग के माध्यम से सील किया जायेगा। एजेन्टों को टोटल बटन दबाकर पहले ही दिखा दें कि मशीन में कोई मत नहीं पड़ा है और न ही वीवीपैट में कोई पर्ची है। मॉकपोल के बाद कन्ट्रोल यूनिट पर क्लोज बटन दबायें इसके बाद रिजल्ट बटन दबायें। रिजल्ट प्रदर्शित होने पर स्वयं व एजेन्ट उसको नोट कर लेंगे। इसके पश्चात क्लियर बटन दबायें। अन्यथा मॉकपोल में पड़े मत मशीन में पड़े रह जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान सीडीपीओ मो. अरशद द्वारा पीपीटी से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी उमाशंकर,पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसीएनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती व मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे।



कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण में मौजूद मास्टर ट्रेनर। अमृत विचार

### दरभंगा नई दिल्ली विशेष ट्रेन आज चलेगी

**गोरखपुर , अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु 04051 दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन दरभंगा से 21 अप्रैल, 2024 को एकल यात्रा हेतु निम्नवत किया जायेगा।04051 दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 21 अप्रैल, 2024 को दरभंगा से 20 .30 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 21 .50 बजे, मुजफ्फरपुर से 22 .55 बजे, हाजीपुर से 23 .55 बजे, दूसरे दिन छपरा से 01 .45 बजे, सीवान से 02 .42 बजे, देवरिया सदर से 03 .42 बजे, गोरखपुर से 05 .15 बजे, गोण्डा से 07 .47 बजे, ऐशबाग से 10 .45 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 12 .30 बजे, इटावा से 14 .12 बजे, टुण्डला से 15 .47 बजे तथा अलीगढ़ से 17 .02 बजे छूटकर नई दिल्ली 20 .00 बजे पहुंचेगी। सभी कोच अनारक्षित लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### माल्दा टाउन लालकुआं विशेष ट्रेन 24 से

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 03415/03416 माल्दा टाउन-लालकुंआ-माल्दा टाउन ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन माल्दा टाउन से 24 अप्रैल, 01, 08, 15, 22, 29 मई तथा 05, 12, 19, 26 जून,2024 प्रत्येक बुधवार को तथा लालकुंआ से 25 अप्रैल, 02, 09, 16, 23, 30 मई तथा 06, 13, 20, 27 जून,2024 प्रत्येक वृहस्पतिवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा । 03415 माल्दा टाउन-लालकुंआ ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 24 अप्रैल, 01, 08, 15, 22, 29 मई तथा 05, 12, 19, 26 जून,2024 प्रत्येक बुधवार को माल्दा टाउन से 17 .15 बजे प्रस्थान कर लालकुंआ 19 .05 बजे पहुंचेगी।

वापसी में 03416 विशेष गाड़ी 25 अप्रैल, 02, 09, 16, 23, 30 मई तथा 06, 13, 20, 27 जून,2024 प्रत्येक वृहस्पतिवार को लालकुंआ से 21 .05 बजे छूटेगी।यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## अपनी ढपली अपना राग


मथुरा में मंदिर के निर्माण को लेकर कुछ लोग कोर्ट में गए हैं। उसपर फैसला आने के बाद मंदिर का निर्माण होगा। हमने आंदोलन की बात नहीं की है। – अमित शाह


इंडिया की सरकार, एनडीए के भ्रष्टाचार के स्कूल पर ताला लगा कर उनके कोर्स को हमेशा के लिए बंद कर देगी।
– राहुल गांधी


राहुल गांधी 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे, उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है।
– राजनाथ सिंह


सपा, कांग्रेस, भाजपा के साथ मिलकर नहीं बल्कि गरीबों, मजदूरों, आदिवासियों के साथ हम चुनाव लड़ रहे है।
–मायावती


भरोसा है कि क्षेत्र के सभी लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलेगा, मैनपुरी के लोगों ने हमेशा हमारे परिवार की मदद की।
– डिंपल यादव

# दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनावी घमासान तेज

## इस बार फिर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच टक्कर है जबरदस्त

- हेमा मालिनी समेत सभी उम्मीदवारों का भविष्य 26 को होगा लॉक
- अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में पहले चरण की आठ सीटों के लिए मतदान हो चुका है। दूसरे चरण में भी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों के लिए प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। इन आठ सीटों में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल है।

पहले चरण के बाद 25 अप्रैल को होने जा रहे मतदान से पहले इन सीटों उम्मीदवारों के बीच चुनावी घमासान तेज हो गया है। पिछली बार इस चरण में अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें भाजपा ने जीती थी। इस बार फिर इन सीटों पर एनडीए और इंडिया के बीच जबरदस्त टक्कर है। दोनों ओर से कई महारथी मैदान में हैं।

इनमें से मथुरा लोकसभा सीट पर भी सभी की निगाहें हैं जहां भाजपा ने मौजूदा सांसद हेमा मालिनी को टिकट दिया है। वहीं, समाजवादी पार्टी ने मुकेश धनगर और बसपा ने सुरेश सिंह को टिकट दिया है।

मथुरा में जाट मतदाता बहुमत में हैं, लेकिन यहां से बाहरी उम्मीदवार ज्यादा सफल रहे हैं। इस नजर से समीकरण हेमा के पक्ष में हैं, लेकिन इतिहास देखें तो पाते हैं कि मथुरा लोस. सीट से अब तक कोई भी उम्मीदवार चुनाव में लगातार तीन बार सांसद नहीं बना है। ऐसे में हेमा की हैट्रिक पर सवाल भी उठ रहे हैं।

### 2019 और 2014 में यह था परिणाम

2019 में हेमा मालिनी को 2,93,471 वोट के अंतर से जीत मिली थी। उन्हें कुल 6,71,293 वोट मिले थे। उनका वोट शेयर 61 फीसदी था। राष्ट्रीय लोक दल के कुंवर नरेंद्र 3,77,822 वोट के साथ दूसरे स्थान पर थे। उन्हें 34 .21 फीसदी वोट मिले थे। वहीं, 2014 में हेमा मालिनी को 5,74,633 वोट मिले थे। उनका वोट शेयर 53 .29 रहा था। राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी 2,43,890 वोट के साथ दूसरे स्थान पर थे। उनका वोट शेयर 22 .62 फीसदी था।

### अमरोहा में बंटेगा मुस्लिम वोट

अमरोहा सीट पर चर्चा करें तो यहां भाजपा के कंवर सिंह तंवर, कांग्रेस-सपा गठबंधन से दानिश अली और बसपा के मुजाहिद हुसैन के बीच टक्कर है। यह सीट मुस्लिम बहुल सीट है ऐसे में बसपा और गठबंधन दोनों की ओर से मुस्लिम प्रत्याशी होने की वजह से वोट कटना तय है वहीं रालोद के आने से यहां भाजपा और मजबूत हुई है।

### मेरठ में कितना चलेगा राम का नाम

मेरठ में भाजपा ने अरुण गोविल पर दांव लगाया है जो प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में राम की भूमिका में दिख चुके हैं। लोगों में आज भी उनके प्रति वैसी ही भावना देखने को मिलती है। वहीं, बसपा ने देवव्रत त्यागी और सपा ने सुनीता वर्मा को टिकट दिया है। मेरठ सीट पर पहले भी भाजपा का ही कब्जा था।

### गाजियाबाद में भाजपा का नया दांव

गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार सांसद रहे वीके सिंह का टिकट काटकर अतुल गर्ग पर दांव लगाया है, जबकि गठबंधन में ये सीट कांग्रेस के पाले में हैं। कांग्रेस ने यहां से डॉली शर्मा को टिकट दिया है तो वहीं बसपा से नंद किशोर पुंडीर मैदान में हैं।

### त्रिकोणीय लड़ाई में फंस सकती हैं हेमा



दरअसल, मथुरा में लंबे समय से ध्रुवीकरण की राजनीति ही काम करती रही है। इस बार भी यहां राम मंदिर की लहर है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर लोग आसानी से हेमा मालिनी को तीसरी बार संसद भेज सकते हैं, लेकिन लड़ाई इतनी आसान नहीं है। विपक्षी दलों के गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने मुकेश धनगर को टिकट दिया है और बहुजन समाज पार्टी ने सुरेश सिंह को टिकट दिया है। मथुरा में जाट मतदाता सबसे ज्यादा हैं। उन्हीं को साधने के लिए जाट उम्मीदवार उतारा गया है।

### गौतमबुद्धनगर का संघर्ष दिलचस्प

गौतमबुद्धनगर सीट से भाजपा ने लगातार दो बार सांसद रहे डॉ. महेश शर्मा को फिर से टिकट दिया है। बसपा की ओर से राजेंद्र सोलंकी मैदान में हैं वहीं समाजवादी पार्टी ने इस सीट से महेन्द्र नागर को टिकट दिया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं ऐसे में इस सीट पर लड़ाई दिलचस्प है।



### बुलंदशहर में 1991 से जीत रही भाजपा

बुलंदशहर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इस सीट पर भी पिछली दो बार से लगातार भाजपा का कब्जा रहा है। भाजपा ने यहां से भोला सिंह को फिर से मैदान में उतारा है। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन से शिवराम वाल्मीकि और बसपा ने नगीना से सांसद रहे गिरीश चंद्र पर दांव लगाया है। 2009 को छोड़कर 1991 से यहां लगातार भाजपा की जीत होती रही है।

### अलीगढ़ में मुस्लिम वोटर किसके साथ

अलीगढ़ लोकसभा पर भी भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने यहां वर्तमान सांसद सतीश गौतम को ही टिकट दिया है। बसपा ने यहां मुस्लिम प्रत्याशी गुफ़रान नूर का टिकट काटकर भाजपा से ही आए हितेंद्र कुमार को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी से जाट बिरादरी के बिजेंद्र सिंह मैदान में है। इस सीट पर भी मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं लेकिन तीनों दलों में किसी ने मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा है।

# कभी थे संग अब लड़ रहे कुर्सी की जंग

- कांग्रेस के बाद बसपा ने दिए हैं सबसे ज्यादा सांसद
- बसपा सुप्रीमो तीन बार जीती हैं चुनाव

हरिओम चतुर्वेदी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया की जन्मस्थली अकबरपुर में समाजवाद की नर्सरी लहराई जरूर लेकिन विचारधारा का वटवृक्ष खड़ा नहीं हो सका। यहां पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने तीन बार चुनाव जीतकर लोकसभा सीट का मिजाज ही बदल दिया।

बसपा के कब्जे वाली अंबेडकरनगर लोकसभा सीट मोदी लहर के चलते 2014 में भाजपा के कब्जे में आई थी। लोकसभा सीट से कांग्रेस के बाद सबसे ज्यादा बसपा ही सफल रही है। 2019 के चुनाव में बसपा से रितेश पांडे सांसद चुने गए थे।


रितेश पांडे


लालजी वर्मा

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बसपा छोड़कर पार्टी में शामिल हुए सांसद रितेश पांडे पर दांव लगाते हुए उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। वहीं समाजवादी पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा की कुर्मी नेताओं में अच्छी पैठ मानी जाती है। वहीं बसपा ने अभी तक भी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। हालांकि करीब एक माह से कलाम शाह अपने आप को दावेदार बता रहे थे, लेकिन एक ऑडियो वायरल होने के बाद उनका भी पत्ता कट गया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर, टांडा, जलालपुर, कटेहरी, गोसाईगंज विधानसभा शामिल हैं।

2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अंबेडकरनगर की जनसंख्या लगभग 24 लाख थी। जनपद की 72.23 फीसदी जनसंख्या साक्षर है। समय के साथ-साथ मतदाताओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई।

### नहीं कर रहे मतदान

शुरुआती दौर में 65 प्रतिशत तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग ही नहीं करते थे। वहीं वर्तमान समय में भी करीब 40 प्रतिशत तक मतदाता मतदान करने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 55 हजार 56 है। जिसमें से 9 लाख 66 हजार 86 पुरुष और 8 लाख 88 हजार 964 महिला मतदाता हैं। जो आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकारी का प्रयोग करेंगे।

### मोदी लहर में खिला था कमल

मायावती ने भले ही यहां से चुनाव लड़ना छोड़ दिया हो लेकिन वोटरों पर पकड़ कम नहीं हुई। 1952 से 2004 तक सुरक्षित रही इस सीट पर मायावती सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरीं। 2009 में मायावती ने स्थानीय दिग्गज और उद्योग पति राकेश पांडेय को टिकट दिया और वह भी चुनाव जीत गए। 2014 में मोदी की सुनामी में इस सीट ने मिजाज बदला और हरिओम पांडे की जीत के साथ पहली बार कमल खिला। इससे पहले 1989 में भाजपा के बेचनराम सोनकर सिर्फ 127 वोटों से हारे थे।

### चर्चाओं में रही है सीट

अंबेडकरकरनगर लोकसभा सीट लगातार चर्चाओं में रही है। इसकी गिनती प्रदेश की हॉट सीटों में भी होती रही है। इस सीट से बसपा सुप्रीमो मायावती तीन बार चुनाव जीती थी, यहां से 2009 में भाजपा के फायर ब्रांड नेता विनय कटियार चुनाव लड़ चुके हैं। आगामी चुमाव में भी दो दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी है। मजेदार बात यह है कि दोनों ही नेता कभी बसपा के हमराह रहे, लेकिन इस बार आमने सामने हैं। कभी बसपा के बड़े नेताओं में गिने जाने वाले लालजी वर्मा इस बार सपा के प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक रहे हैं, तो वहीं मौजूदा सांसद रितेश पांडे बसपा से सांसद चुने गए थे, लेकिन इस बार वह भाजपा के प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। दोनों ही नेताओं ने इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है और मैदान फतेह करने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। यानी कि अब दोनों दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। देखना है कि बाजी किसके हाथ लगती है।

### श्रमिक आंदोलन की नींव पर सियासत बढ़ी

यहां पर श्रमिक आंदोलन की नींव पर सियासत बढ़ी और 90 के दशक में मायावती तेजी से सियासत की सीढ़ियां चढ़ती गईं। इस सीट को अपनी कर्मभूमि बनाया और 1995 में मुख्यमंत्री रहते अकबरपुर का नाम बदलकर अंबेडकरनगर रखा। 1998 के लोकसभा चुनाव में 35 .17 प्रतिशत, 1999 में 35 .16 प्रतिशत मत पाकर चुनाव जीतीं। कुर्मी, ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम मतों के बीच सोशल इंजीनियरिंग के दम पर मायावती ने 2004 के लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड 43 .82 फीसद मत पाकर जीत दर्ज की।

## आईना : अंबेडकर नगर लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रितेश पांडे | 564,118 |
| मुकुट बिहारी | 4,68,238 |
| प्रेमनाथ निषाद | 2,390 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | वोट प्रतिशत |
|---|---|
| भाजपा | 41.77% |
| बसपा | 28.29% |
| सपा | 22.67% |
| कांग्रेस | 2.20% |
| एमएडीपी | 0.74% |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हरिओम पांडे | 4,32,104 |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 |
| कांग्रेस | अशोक सिंह | 22,775 |
| एमएडीपी | सुरेश कुमार बौद्ध | 7,694 |

2014 नोटा 7,422 | 2019 नोटा 11,344

### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1962 | पन्ना लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | रामजी राम | रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया |
| 1971 | रामजी राम | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1980 | राम अवध | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | राम प्यारे सुमन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 व 91 | राम अवध | जनता दल |
| 1996 | घनश्याम खरवार | बहुजन समाज पार्टी |
| 1998 व 99 | मायावती | बहुजन समाज पार्टी |
| 2002 | त्रिभुवन दत्त | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | मायावती | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | शंखलाल माझी | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | हरिओम पांडे | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | रितेश पांडे | बहुजन समाज पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | राकेश पांडे | 259,487 |
| सपा | शंखलाल माझी | 236,751 |
| भाजपा | विनय कटियार | 226,067 |

2024

कुल मतदाता - 18,55,056
पुरुष मतदाता - 9,66086
महिला मतदाता - 8,88,964




## तीसरे चरण में 78 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** तीसरे चरण की दस सीटों के चुनाव में 78 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गये, जबकि 104 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये। प्रत्याशी 22 अप्रैल को नाम वापसी कर सकेंगे। सात मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सम्भल में 13, हाथरस (अजा) में 10, आगरा (अजा) में 11, फतेहपुर सीकरी में 10, फिरोजाबाद में सात, मैनपुरी में आठ, एटा में 10, बदायूं में 12, ऑवला में नौ व बरेली में 14 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 21 ने नामांकन किया। इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। हाथरस (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सभी 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 19 ने नामांकन किया। इसमें नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। फिरोजाबाद क्षेत्र के लिए कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 15 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। एटा के लिए कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। इसमें चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जिसमें चार के नामांकन पत्र निरस्त हुए। ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। बरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 14 के नामांकन पत्र निरस्त हुए।

# बाहरी बनाम लोकल के मुद्दे को मिल रही हवा

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

**अमृत विचारः** पिछले छः दशकों में संत कबीर नगर की सियासी पहचान जातीय और लोकल बनाम बाहरी के मुद्दे पर घूमती रही है। यहां के नेता विकास की बात कहकर वोट तो मांगते हैं लेकिन गुणा गणित जातीय मुद्दे पर ही तय करते हैं। यहां की सियासत के प्रमुख मुद्दों में से एक मुद्दा यह भी है कि यहां पार्टियां और उम्मीदवार बाहरी बनाम लोकल की हवा बनाते हैं। अबकी बार भी सपा के पप्पू निषाद इस जिले के निवासी हैं तो भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद बाहरी हैं। इसलिए सोशल मीडिया पर अभी से ही बाहरी बनाम लोकल के मुद्दे को हवा दी जा रही है। यहां की जनता ने बताया कि लोकल सांसद न होने के कारण यहां अभी तक रोडवेज डिपो जैसी आवश्यक सुविधाएं जनता के लिए नही हैं। सांसद तो चुने जाते है, लेकिन अपने किए गए वादे भूल जाते हैं।

### लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

**संतकबीरनगर।** 62 लोकसभा सीट संतकबीरनगर में कुल 19 लाख 44 हजार 454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटरों की संख्या 8 लाख 87 हजार 227 है तो पुरुष वोटरों की संख्या 10 लाख 57 हजार 144 है। एक अनुमान के मुताबिक जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राह्मण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है। लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को तीन जनपदों में जाकर मतदाताओं की मनुहार करनी पड़ती है। इस लोकसभा क्षेत्र में संतकबीरनगर जिले कि खलीलाबाद, धनघटा और मेंहदावल के साथ ही गोरखपुर जिले की खजनी और अम्बेडकरनगर जिले की आलापुर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं। जिसके चलते प्रत्याशियों को तीन जनपदों का भ्रमण कर वोटरों की मनुहार करनी पड़ती है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों की अपनी अलग अलग समस्याएं हैं। सभी को संतुष्ट कर अपने पक्ष में लामबंद करना प्रत्याशियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है।



### जिले की लोकसभा का हाल

संतकबीरनगर। संत कबीर की निर्वाण स्थली 'मगहर' इसी क्षेत्र में है। संत कबीर नगर लोकसभा सीट से 2014 में यहां पर भाजपा के शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उसके बाद भाजपा के ही प्रवीण निषाद यहां से चुने गए। घाघरा और राप्ती के बीच बसा संत कबीर नगर बस्ती मंडल का हिस्सा है। इस सीट पर पहली बार 2009 में हुए चुनाव में बसपा के भीष्मशंकर तिवारी चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के शरद त्रिपाठी ने यहां पर जीत हासिल की। डेमोग्राफी, विधानसभा और मुद्दे इस लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटें खलीलाबाद, घनघटा, मेंहदावल, अलापुर और गोरखपुर जनपद की खजनी शामिल हैं। कभी बुनकरों और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध संतकबीरनगर में औद्योगिक स्थिति बदहाल है। चुनाव में यह एक अहम मुद्दा होगा। यहां की औसत साक्षरता दर 55 .6 फीसद है। संतकबीर नगर की खास बातें यह हैं कि संतकबीर नगर उत्तर प्रदेश का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इसका मुख्यालय खलीलाबाद है। यहां के मगहर में संतकबीरदास का विश्व प्रसिद्ध स्मारक है। यह उत्तर में सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज जिलों से पूर्व में गोरखपुर जिले से दक्षिण में अम्बेडकर नगर जिले से और पश्चिम में बस्ती जिले से घिरा है। महाभारत कालीन महादेव मंदिर तामेश्वरनाथ, बखीरा स्थित भंगेश्वरनाथ, हैंसरबाजार स्थित हशेश्वरनाथ और जनपद मुख्यालय स्थित प्राचीन समय माता मंदिर यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से संत कबीर नगर की दूरी 728 .6 किलोमीटर है और लखनऊ से 237 .1 किलोमीटर है।

## चौथे चरण में 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव के लिए शनिवार को 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में एक, खीरी में दो, धौरहरा में तीन, सीतापुर में एक, हरदोई में एक, मिश्रिख में एक, उन्नाव में दो, फर्रूखाबाद में एक, इटावा में दो, कानपुर में तीन, अकबरपुर में तीन व बहराइच में एक प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये है।

## चुनावी चक्कर

- **उत्सव लोकतंत्र का हो तो सावधानियां आवश्यक :** उत्सव के दौरान लापरवाही से बचना भी एक बड़ी चुनौती होती है। फिर उत्सव लोकतंत्र का हो तो तमाम राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों को लेकर सावधानियां बरतना व्यवस्था संभालने वालों का फर्ज बन जाता है। दरअसल, मथुरा की भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में वोट की अपील करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आयी। हुआ यह कि, शाह के मंच पर पहुंचने से चंद सेंकड पहले बराबर में लगे साउंड सिस्टम के तारों में आग लग गई। चिंगारी निकलती दिखी तो सुरक्षाकर्मियों में अफरातफरी मच गई।
- **दोनों ही गठबंधनों ने कर दिया का सूपड़ा साफ?:** पहले चरण का मतदान तो हो गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर हुए चुनाव के बाद भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता एक दूसरे का सूपड़ा ही साफ हो जाने संबधी बयान दे रहे हैं। ऐसी प्रतिक्रिया देने वालों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हैं तो वहीं दूसरी ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं। दोनों ही तरफ से एक जैसा बयान यानि सूपड़ा साफ होना, सफाया होना, पश्चिम से चली हवा ने दिशा दिखा दी जैसी प्रतिक्रियाएं आ रहीं हैं।

## भाजपा ने 2019 में जीती थीं 25 सीटें, इस बार जद (एस) के साथ मिलकर कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की कोशिश

# कर्नाटक में खरगे के साथ कांग्रेस सरकार की हांडी पर चढ़ेगी गारंटी

**कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से14 सीटों पर मतदाता 247 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डालकर करेंगे। राज्य की शेष 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। इस बार सबसे ज्यादा 29 उम्मीदवार बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर हैं, जबकि दक्षिण कन्नड़ सीट पर सबसे कम नौ उम्मीदवार मैदान में हैं।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की गृह राज्य होने के साथ कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है, जो अपनी गारंटी के कारण सत्ता में आई थी। ऐसे में कांग्रेस पर जहां विधानसभा चुनाव जैसी सफलता दोहराने का भारी दबाव है, वहीं भाजपा एक बार फिर 2019 की तरह राज्य में भगवा लहर बनाने के लिए राम मंदिर, मोदी की गारंटी, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार दे रही है।

कर्नाटक में 14-14 सीटों पर होने वाले दो चरणों के पहले चुनाव में जिन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, उनमें भाजपा से तेजस्वी सूर्या, सोमन्ना, डॉ. सीएन. मंजूनाथ और पीसी मोहन जबकि कांग्रेस से डीके सुरेश, मंसूर अली खान, केवी गौतम और सौम्या रेड्डी तथा जनता दल (एस) से पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी प्रमुख हैं। भाजपा इस बार जनता दल (एस) के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 25 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि जनता दल (एस) तीन सीटों पर मैदान में है। भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई हावेरी से, जगदीश शेट्टार बेलगाम से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों नेता लिंगायत समुदाय से आते हैं। जनता दल (एस) से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी कुमारस्वामी मांड्या से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

**17** लोस क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है।

**06** कांग्रेस ने महिलाओं को दिया है लोकसभा चुनाव का टिकट

**02** भाजपा ने दिया है महिलाओं को लोकसभा चुनाव का टिकट

**32.14** लाख मतदाताओं के साथ बेंगलूरू उत्तर देश का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है।

**247** उम्मीदवार 14 सीटों पर हैं, इनमें 226 पुरुष और 21 महिलाएं हैं

### मैसूर में राज परिवार बनाम आम आदमी के बीच दिलचस्प संघर्ष

मैसूर लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रताप सिम्हा का टिकट काटकर पूर्व राजपरिवार के वंशज यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार को उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के एम लक्ष्मण वोक्कालिगा कर रहे हैं। मैसूर में लोग इसे राज परिवार बनाम आम आदमी की लड़ाई बता रहे हैं। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का विश्वासपात्र माना जाता है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री ने यहां पूरी ताकत लगा रखी है। सिद्धारमैया मैसूर जिले की ही वरुणा विधानसभा सीट से विधायक हैं। भाजपा और जनतादल एस ने भी यहां ताकत झोंक रखी है।

**10%** मतदाता जिन्होंने विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को वोट दिया था, लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को देखना चाहते प्रधानमंत्री

### ये रहे प्रमुख मुद्दे

राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, जातीय समीकरण, सूखा, बेंगलुरु बम विस्फोट, भाषा विवाद

### तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस की सौम्या रेड्डी से मिल रही मजबूत चुनौती

बेंगलुरु दक्षिण 1991 से भाजपा का गढ़ रहा है। यहां इस बार मुकाबला काफी रोचक है। इस सीट से भाजपा के तेजतर्रार युवा नेता और सांसद तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस उम्मीदवार सौम्या रेड्डी मजबूत चुनौती दे रही हैं। 40 वर्षीय सौम्या परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी हैं और जयनगर की विधायक रह चुकी हैं। वह महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव में सौम्या को केवल 16 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। 2023 के विधानसभा चुनाव में इस लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा जबकि तीन पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में तेजस्वी सूर्या ने यहां से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को 3.31 लाख मतों के अंतर से हराया था।



**2.88** करोड़ लोग 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 14 सीटों पर करेंगे मतदान।

**03** पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई (हावेरी), जगदीश शेट्टार (बेलगाम) और एचडी कुमारस्वामी (मांड्या) से चुनाव लड़ रहे हैं

### इन सीटों पर 26 को पड़ेंगे वोट

उडुपी, चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराज नगर, बेंगलुरु की चार सीटों के अलावा चिकबालापुर और कोलार में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे।

## वोक्कालिगा, लिंगायत के साथ दलित व कुरबा वोटर आधी से ज्यादा सीटों पर निर्णायक

कर्नाटक में माना जाता है कि वोक्कालिगा और लिंगायत समाज का जिस पार्टी की तरफ झुकाव होता है, वही पार्टी चुनाव में आगे निकलती है। राज्य में लिंगायत समुदाय की आबादी 17 फीसदी से अधिक है, जबकि वोक्कालिगा समुदाय की जनसंख्या करीब 12 फीसदी हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक यह दोनों समुदाय मिलकर करीब एक दर्जन सीटों पर हार-जीत तय करते हैं। इन दोनों समुदायों के अलावा 17 फीसदी दलित, 8 फीसदी कुरुबा और 7 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के मतदाता भी कई लोकसभा सीटों पर निर्णायक भूमिका में हैं।

### विधानसभा और लोकसभा में वोटिंग पैटर्न अलग

- 2019 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीतकर भगवा फहराया था। कांग्रेस और जेडीएस एक-एक सीट पर सिमट कर रह गए थे। लेकिन पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस ने राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के हौसले बुलंद हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कर्नाटक के मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अलग-अलग तरीके से मतदान करते रहे हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट करने वाले लगभग 10 फीसदी मतदाताओं का कहना है कि उन्होंने राज्य की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को हटाने के लिए कांग्रेस को वोट दिया था। लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए पहली पसंद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का निशान कमल है।

- लिंगायत संत की चुनौती में फंसे भाजपा के दिग्गज केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी :

धारवाड़ लोकसभा सीट पर 2009 से केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी लगातार जीत रहे हैं। लेकिन इस बार उन्हें लिंगायत संत दिंगलेश्वर महास्वामी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। 2019 के चुनाव में प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस के विनय कुलकर्णी को दो लाख वोटों से हराया था। इस बार कांग्रेस ने युवा नेता विनोद आसुति को मैदान में उतारा है। लेकिन जोशी कांग्रेस से ज्यादा लिंगायत संत की चुनौती से परेशान हैं। लिंगायत भाजपा के वोटर माने जाते हैं।

### 2019 का यह था दलीय जनादेश

| दल | प्राप्त सीट | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 | 1,80,53,454 | 51.4 |
| कांग्रेस | 01 | 1,12,03,016 | 31.9 |
| जनतादल (एस) | 01 | 33,97,229 | 9.7 |
| निर्दलीय | 01 | 13,67.841 | 3.9 |
| अन्य | 00 | 11,17,142 | 3.2 |

### 2014 में किस दल को कितनी सीटें, कितने वोट

| दल | प्राप्त सीट | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 17 | 1,33,50,285 | 43.0 |
| कांग्रेस | 09 | 1,26,66,530 | 40.8 |
| जनता दल (एस) | 02 | 34,06,465 | 11.0 |
| अन्य | 00 | 11,32,068 | 3.6 |
| निर्दलीय | 00 | 4,83,513 | 1.6 |

# पंजाब के चुनाव में बसपा बनाने में लगी चौथा कोण

**चंडीगढ़।** पंजाब में इस बार के लोकसभा चुनाव पिछली बार 2019 से काफी अलग हैं। इस बार अधिकतर सीटों पर मुकाबला दो नहीं बल्कि चतुष्कोणीय होने के आसार हैं। इसकी वजह यह है कि राज्य में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ शिरोमणि अकाली दल के साथ ही बसपा अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। 1996 के बाद यह पहली बार होगा कि एनडीए के सबसे पुराने घटकों में से एक बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल राज्य में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो दिल्ली और हरियाणा में साथ लड़ने वाली कांग्रेस और आप पार्टी के रास्ते भी पंजाब में अलग-अलग होंगे। 2022 का विधान सभा चुनाव अकाली दल और बसपा ने मिलकर लड़ा था, पर लोकसभा में दोनों के बीच बात नहीं बन पाई है।

पंजाब में पिछला लोकसभा चुनाव बसपा ने तीन सीटों पर लड़ा था और उसका वोट शेयर 3.52 प्रतिशत रहा था। इस चुनाव में वह पंजाब लोकतांत्रिक गठबंधन के साथ चुनाव में मैदान में उतरी थी, जबकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 1.9 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया था, तब पार्टी ने सभी 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इस बार बसपा पंजाब में होशियारपुर, फिरोजपुर, संगरूर, पटियाला और जालंधर सीटों पर पहले ही प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शनिवार को पार्टी ने पंजाब के फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के केन्द्रीय समन्वयक विपुल कुमार ने कहा कि गुरबख्श सिंह चौहान और राज कुमार जनोत्रा क्रमशः फरीदकोट और गुरदासपुर से चुनाव लड़ेंगे।

पंजाब की अन्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। गुरबख्श सिंह चौहान फरीदकोट में बसपा जिला प्रमुख हैं, जबकि गुरदासपुर के उम्मीदवार राज कुमार जनोत्रा अखिल भारतीय महाशा एकता मंच के अध्यक्ष हैं। बसपा के संस्थापक स्व. कांशीराम ने गुरदासपुर से चार बार लोकसभा चुनाव लड़ा था। अब 30 साल बाद बसपा ने एक बार फिर महाशा समुदाय से गुरदासपुर में उम्मीदवार चुना है।



- फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा सीट से भी पार्टी ने घोषित किए उम्मीदवार
- पिछले चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़कर बसपा ने पाए थे 3.52 प्रतिशत वोट

# डिजिटल कैंपेनिंग में भाजपा व कांग्रेस ने खर्च किए 33 करोड़

**नई दिल्ली।** राजनीतिक दल इस बार लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा फोकस नए और फर्स्ट टाइम वोटर्स पर कर रहे हैं। उन तक पहुंच बनाने के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। यही वजह है कि उनके चुनाव प्रचार बजट का बड़ा हिस्सा डिजिटल कैंपेनिंग पर खर्च हो रहा है। पहले चरण के मतदान के लिए भाजपा ने गूगल पर विज्ञापन में 14.7 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने इस प्लेटफॉर्म पर 12.3 करोड़ रुपये का प्रचार किया। तमिलनाडु में चुनाव लड़ने वाली द्रमुक ने गूगल विज्ञापन पर 12.1 करोड़ रुपये खर्च किया।

पहले चरण के चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी एजेंडे, नीतियों, घोषणापत्र और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए 36.5 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके लिए गूगल और मेटा को प्रमुखता दी गई।



- युवाओं और पहली बार वोट देने वालों को लुभाने के लिए गूगल पर विज्ञापन की होड़



समर्थकों के साथ विक्ट्री निशान बनातीं अभिनेत्री ईशा देओल। अमृत विचार

# मथुरा की गलियों में मां के लिए घूमीं ईशा व अहाना

मथुरा

**अमृत विचार:** प्रदेश की मथुरा लोकसभा सीट में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। शनिवार को भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के साथ उनकी दोनों बेटियां अभिनेत्री ईशा देओल और अहाना देओल भी चुनाव प्रचार करने यहां पहुंचीं तो शाम को गृहमंत्री अमित शाह और जयंत चौधरी ने सभा को संबोधित किया। अभिनेत्री ईशा देओल ने शनिवार को बहन अहाना के साथ सबसे पहले वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी मंदिर में प्रभु के दर्शन किए। इसके बाद मथुरा की गलियों में घूम-घूमकर अपनी मां के लिए वोट मांगे। दोनों ने कहा कि मथुरा में विरासत और पर्यटन को संरक्षित किया गया है। इस जगह का बहुत विकास हुआ है। मथुरा के लोग चाहते हैं कि उनकी मां हेमामालिनी फिर जीतें और मथुरा में ही रहें। उन्हें अभी यहां के लिए बहुत कुछ करना है।

- बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर बेटियों ने मांगे हेमा के लिए वोट

### जयंत बोले, हेमा के साथ फिल्म बने '15 साल बाद'

- हेमा मालिनी के समर्थन में हुई सभा में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने हेमा मालिनी के साथ फिल्म की बात छेड़ी तो समर्थक खुश होकर शोर मचाने लगे। जयंत ने कहा, हेमा मालिनी का मैं भी बचपन से फैन हूं। 2009 में वह मेरे चुनाव प्रचार में आई थीं। फिर हम आमने-सामने चुनाव लड़े। 15 साल हो गए हैं, अगर मेरी और उनकी कोई फिल्म बने तो उसका टाइटल होता '15 साल बाद'। क्योंकि 15 साल बाद मैं हेमा जी के लिए प्रचार करने आया हूं।

# सोशल मीडिया : प्रियंका ने बोला बेरोजगारी और महंगाई पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पार्टी की नीतियों का जमकर बखान किया है। उन्होंने लिखा है कि इस समय देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इस तरह की सभी समस्याओं का समाधान कांग्रेस के पास है।

इन समस्याओं का समाधान कांग्रेस के घोषणा पत्र में है जिसमें देश के बेरोजगार युवकों के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियों का खजाना खोलने, गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने जैसी कई योजनाओं का वादा किया गया है।



बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट का स्थायी समाधान कांग्रेस के पास है। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये, 30 लाख सरकारी नौकरियां, एजुकेशन लोन माफी, भूमिहीनों को जमीन, शिक्षित युवाओं को एक लाख की अप्रेंटिसशिप, एमएसपी की गारंटी, किसानों की कर्जमाफी और हमारी ऐसी तमाम घोषणाओं को लेकर पूरे देश की जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद से देख रही है। जनता जीतेगी, कांग्रेस जीतेगी। भारत जीतेगा।




मोदी मैजिक

बेंगलुरू में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में समर्थकों का उत्साह सिर चढ़कर बोला। महिलाओं ने जमकर मोदी का परिवार प्ले कार्ड लहराए।

**सारण संसदीय सीट** बिहार के इस लोकसभा क्षेत्र में नई नहीं है लालू परिवार और राजीव प्रताप के बीच चुनावी जंग

# रूडी की हो पाएगी हैट्रिक या रोहिणी आचार्य बनेंगी नई सांसद

पटना

बिहार प्रांत की सारण लोकसभा सीट हॉट सीट के रूप में गिनी जा रही है। इस सीट पर जहां लालू प्रसाद यादव ने अपनी दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी पर दांव खेला है। लगातार दो बार से इस सीट पर जीत दर्ज कर रहे रूडी की हैट्रिक हो पाएगी या पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में जुटीं रोहिणी उन्हें हराकर सांसद बनेंगी यह तो वक्त बताएगा लेकिन यहां मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है। यूं कहें तो इस बार रूडी के लिए भी जीत बहुत आसान नहीं दिख रही है क्योंकि लालू प्रसाद यादव लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

सारण संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होगा। नामांकनकी प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होगी। फिलहाल मैदान में भाजपा और राजद उम्मीदवार ही दिखाई दे रहे हैं। नामांकन शुरू होने के बाद तय होगा कि यहां कोई और दल या निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में आते है या नहीं। पहले इस सीट का नाम छपरा था तब यह कांग्रेस की गढ़ हुआ करती थी। 1977 में पहली बार लालू प्रसाद यहां से सांसद बने। 1989 व 2004 में भी वे यहां से जीते। 2008 में परिसीमन के बाद इसका नाम सारण हुआ और 2009 में जब चुनाव हुआ तो लालू फिर यहां से सांसद बने। इससे पहले छपरा सीट पर 1996 और 1999 में राजीव प्रताप रूडी सांसद बने थे। 2014 और 2019 में वे मोदी लहर में भी जीते। इस बार उनका मुकाबला रोहिणी आचार्य से है। रोहिणी जहां लोगों को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा और जदयू का गठजोड़ स्वार्थ वाला है। पीएम मोदी संविधान बदलकर दलितों और पिछड़ों को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर देंगे तो रूडी डोर टू डोर कैंपेन में पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर शांत न हो इसका भी वे ख्याल रख रहे हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें से चार पर राजद और दो पर भाजपा काबिज है।



राजीव प्रताप रूडी।



रोहिणी आचार्य।

### 2019 का परिणाम

**भाजपा प्रत्याशी**

राजीव प्रताप रूडी – 4,99,342 मत

**राजद के प्रत्याशी**

चंद्रिका राय – 3,60,913 मत

### राजपूत व यादवों के गढ़ में दलित-वैश्य भी नहीं कम

- इस संसदीय क्षेत्र में यादव और राजपूतों की संख्या बहुत ही ज्यादा है। इसके साथ ही वैश्य और दलित मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। लालू प्रसाद को लगता है कि वे 10 फीसद मुसलमानों के और यादव वोटों के सहारे यहां के रण को इस बार जीत लेंगे। हालांकि दलितों और राजपूतों में अच्छी पैठ के कारण ही रूडी ने 2014 में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी तो 2019 में उनके समधी को यहां से हराया था।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश के बैतूल में बस पलटने से पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल

**बैतूल (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में शनिवार तड़के बस पलटने से उसमें सवार पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि ये जवान चुनावी ड्यूटी के बाद अपने गृह जिले राजगढ़ लौट रहे थे, तभी भोपाल-बैतूल राजमार्ग पर बरेठा घाट के पास उनकी बस पलट गई। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) शालिनी परस्ते ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के चार बजे हुई। बस में 40 जवान सवार थे, जिनमें से पांच पुलिसकर्मी और बाकी होम गार्ड थे। ये छिंदवाड़ा में चुनावी ड्यूटी करने के बाद राजगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बस पलट गई। गंभीर घायल आठ कर्मियों का इलाज बैतूल के जिला अस्पताल में चल रहा है और चोटिल कर्मियों का उपचार शाहपुर अस्पताल में हो रहा है। रास्ते में आए एक ट्रक से टकराने से बचने में बस पलट गई।

### ओडिशा में नौका पलटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई सात

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी से पांच और शवों के मिलने के साथ ही नौका पलटने की घटना में मारे गए लोगों की संख्या शनिवार को सात हो गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम नाव पलटने के तुरंत बाद तलाश अभियान शुरू करने वाले ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल तथा अग्निशमन सेवा के कर्मियों ने महानदी से पांच और शव बरामद किए हैं। नदी के हीराकुंड जलाशय से पांच और शव बरामद किए गए। हादसे में मारे गए सभी लोग पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के थे। यह हादसा तब हुआ जब 50 लोग बारगढ़ जिले के पथरसेनी कुडा स्थित मंदिर में दर्शन कर नौका से लौट रहे थे।

### बीएसएफ ने अमृतसर में आधा किलो हेरोइन और ड्रोन बरामद किया

**जालंधर।** बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर जिले में आधा किलो हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को बीएसएफ के खुफिया विंग को अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में खेप के साथ ड्रोन की सूचना मिली। बीएसएफ ने संदिग्ध क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सैनिकों ने एक पैकेट हेरोइन (वजन - 500 ग्राम) के साथ ड्रोन मिला। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा गया था और ड्रोन से एक छोटी टॉर्च भी जुड़ी मिली। यह बरामदगी अमृतसर के नेस्था गांव से सटे खेत में हुई। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और वहां से कुछ संदिग्ध सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि खोजबीन और घेराबंदी के दौरान अरनास उपमंडल के दलास बरनेली क्षेत्र में आतंकवादियों के इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। विश्वसनीय जानकारी के बाद यह खोजबीन शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि आतंकी ठिकाने से दो डेटोनेटर, एके असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक बैटरी और कुछ तार मिले हैं। रियासी जिले की एसएसपी मोहिता शर्मा ने कहा कि इलाके में खोजबीन अभियान अब भी जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पुलिस राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी नापाक मंसूबे को नाकाम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अमेठी के बाद वायनाड सीट भी हारेंगे साहबजादे: मोदी

## कांग्रेस नेता को 26 अप्रैल के बाद करनी होगी किसी सुरक्षित सीट की तलाशी

नांदेड़, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हार जाएंगे और उन्हें उसके बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने लोगों से महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

मोदी ने नांदेड़ रैली में कहा कि पता चलता है कि चुनाव के पहले चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि अमेठी से हार के बाद साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे। उन्हें 26 अप्रैल के बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संदर्भ में कहा



● महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की प्रधानमंत्री ने की अपील

कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के कुछ नेता लोकसभा छोड़कर राज्यसभा में चले गए क्योंकि उनमें चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों और गरीबों के विकास में बाधक रही है। मोदी ने कहा कि कृषि संकट अभी का नहीं है। यह कांग्रेस की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास कोई चेहरा ही नहीं है। वे जो चाहे दावे करें लेकिन हकीकत यही है कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मोदी ने कहा कि आप वोट देकर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं बल्कि आप देश का भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मैं विपक्ष के पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहता हूं। आपका (विपक्षी नेता) चुनाव हारना तय है लेकिन आपको कभी मौका मिलेगा। आपको भी मतदाताओं से मतदान की अपील करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल 25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चार जून को चुनाव परिणाम के बाद वे एक-दूसरे से और लड़ेंगे। मोदी ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम नहीं होता तो अफगानिस्तान से आए सिखों का भविष्य क्या होता।

# नेहा हत्याकांड: कर्नाटक के गृह मंत्री ने छात्रा के परिजनों से मांगी माफी

● जी परमेश्वर ने नेहा और आरोपी फैयाज में रोमांटिक रिश्ते होने का संकेत दिया था

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में एमसीए की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उसके माता-पिता से अपनी पिछली टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। डॉ. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि अगर मेरे बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मुझे गहरा खेद है।

गृह मंत्री की शुरुआती टिप्पणियों में नेहा और आरोपी फैयाज के बीच 'रोमांटिक रिश्ते' होने का संकेत दिया गया था, जिससे विवाद खड़ा हो गया था और इसकी कड़ी आलोचना हुई थी। फैयाज की मां मुमताज ने भी नेहा के शोक संतप्त परिवार से सार्वजनिक माफी मांगी है और अपराध में अपने बेटे की कथित भूमिका के लिए पश्चाताप व्यक्त किया है।

### कर्नाटक को जिहादी देश कहने पर विवादों में घिरे विपक्ष के नेता नेता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्ष नेता आर अशोक के राज्य को जिहादी देश कहने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। अशोक ने शुक्रवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने के बाद कहा कि जब से सिद्दाधारमैया सरकार सत्ता में आयी है, कर्नाटक एक जिहादी देश बन गया है और हिंदुओं के जीवन को कम महत्व दिया गया है। उन्होंने डीजे हल्ली दंगों से संबंधित मामलों को वापस लेने और कुकर बम मामले में संदिग्धों को बरी करने के सरकार के प्रयास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त होने का आरोप लगाया। अशोक ने हत्याओं में 31 प्रतिशत की वृद्धि, डकैतियों में 41 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले वर्ष में 17 हजार साइबर अपराध के मामलों के पंजीकरण का हवाला देते हुए अपराध दर में वृद्धि की ओर इशारा किया।

इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेहा की मां गीता ने कहा कि उनसे मेरी बेटी को वापस लाने के लिए कहें। मैं अपनी बेटी का इंतजार कर रही हूं, आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए, उसे फांसी दी जानी चाहिए, हम अपनी बेटी को जानते हैं, दोनों में कोई रिश्ता नहीं था। क्या हमारी बेटी को नहीं पता था कि वह किस धर्म से है? हमने हमेशा एक साथ समय बिताया और उसने मेरे साथ सब कुछ साझा किया। नेहा के पिता ने लगातार इस मामले को लव जिहाद के रूप में संदर्भित किया है।

उल्लेखनीय है कि हुबली शहर के कॉलेज परिसर में नेहा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद छात्रों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए फैयाज का पीछा करके उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया था। इस घटना के बाद लोग नेहा के लिए न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

# सिसोदिया की जमानत पर कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते दोनों मामलों में अंतरिम जमानत याचिका भी दायर की है। हालांकि सिसोदिया के वकील ने शनिवार को अदालत को बताया कि नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित किए जाने के कारण वह याचिका निरर्थक हो गई है। सीबीआई तथा ईडी का आरोप है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए।

**आबकारी नीति घोटाला**




● सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश 30 अप्रैल को सुना सकते हैं फैसला

### गवाह बनने के बाद रेड्डी ने भाजपा को दिया 50 करोड़ : संजय

**नई दिल्ली।** आप ने शनिवार को आरोप लगाया कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपी सरथ रेड्डी ने सरकारी गवाह बनने के बाद भाजपा को 50 करोड़ रुपए दिए। आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय टीवी चैनल पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया और भाजपा पर रिश्वतखोरी के लगे आरोपों को छुपाने का प्रयास किया। जिस सरथ रेड्डी को ईडी ने मुख्य घोटालेबाज बताया, उसी ने भाजपा को करोड़ों रुपए की रिश्वत दी है।

### हाईकोर्ट सोमवार को शिक्षक भर्ती घोटाला पर सुनाएगा फैसला

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट 2016 की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प. बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उम्मीदवारों के चयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित याचिकाओं और अपीलों पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। कोर्ट के आदेश पर जांच कर रही सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और प. बंगाल स्कूल सेवा आयोग के कुछ पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति देबांग्सु बसाक व न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की पीठ सोमवार को इस पर फैसला सुनाएगी।

# गारंटी योजनाओं पर विजयेंद्र की टिप्पणियों के बाद निर्वाचन आयोग पहुंची कांग्रेस

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने शनिवार को निर्वाचन आयोग का रुख कर सिद्धरमैया नीत सरकार की गारंटी योजनाओं पर प्रदेश भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के बयान पर कार्रवाई की मांग की।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कांग्रेस ने कहा कि मांड्या और चिक्कबल्लापुर में 17 अप्रैल की जनसभाओं में विजयेंद्र ने राज्य सरकार की पांच गारंटी की आलोचना की थी। इनमें गृहज्योति, गृहलक्ष्मी, युवानिधि, शक्ति योजना और अन्नभाग्य शामिल हैं। कांग्रेस ने पत्र में आरोप लगाया कि उन्होंने दलील दी कि इन गारंटी से राज्य सरकार दिवालिया हो गई। यदि कर्नाटक में भाजपा को वोट मिला तो वह चुनाव के बाद पांच गारंटी को रोक देंगे। विजयेंद्र ने मांड्या और चिक्कबल्लापुर के लोगों को धमकी भी दी। वियजेंद्र का बयान आदर्श आचार संहिता, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से विजयेंद्र पर कार्रवाई की मांग की है।

# शंभू स्टेशन पर चौथे दिन भी धरना जारी अंबाला-अमृतसर रूट पर 54 ट्रेनें रद

अंबाला, एजेंसी

पंजाब के पटियाला जिले के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का पटरियों पर धरना चौथे दिन भी जारी रहने से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 54 ट्रेन शनिवार को रद कर दी गईं।

अधिकारियों ने कहा कि किसानों के प्रदर्शन से शनिवार को 54 ट्रेनें रद कर दी गईं। प्रदर्शन के कारण तीन दिन में 380 ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। किसान संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान पटियाला जिले के शंभू में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि जब तक तीनों किसानों को रिहा नहीं किया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। दोनों संगठन सरकार पर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

### नाबालिग से गैंगरेप के जुर्म में दोषी युवक को उम्रकैद

**पटना।** पटना व्यवहार न्यायालय की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ गैंगरेप में एक युवक को उम्रकैद की सजा के साथ 25 हजार का जुर्माना लगाया है। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने सुनवाई के बाद पटना के अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के शिवलोक को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के तौर पर पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने नाबालिग बालिका से अश्लीलता कर विडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर उसे दुकान में बुलाकर उसके साथ गैंगरेप किया गया था।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1105 डीएमओ- 885 बोल्ड- 1175
**चन्दौसी :** शिवालिक- 995 फ्लैग- 1105 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 880

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85850 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56500-56700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 76,150 |
| सोना रवा | 76,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74800 |
| सिल्वर (पक्की) | 832 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,800 |
| चांदी आभूषण | 84,200 |

### लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000,चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500

# केंद्र का लक्ष्य देश को विनिर्माण, सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाना : सीतारमण

## घरेलू बाजार के साथ ही निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है। वह एलन मस्क के प्रधानमंत्री मोदी की बैठक रद करने पर सवाल का जवाब दे रही थीं।

उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक न केवल भारत के लिए, बल्कि यहां से निर्यात करने के लिए भी



आएं और उत्पादन करें। हम नीतियों से विनिर्माताओं और निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेंगे। टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी के दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है।

सीतारमण ने कहा कि जब बड़ी कंपनियां भारत आने में रुचि दिखाती हैं, तो हम उनके लिए यहां आने और निवेश को आकर्षक बनाने के लिए सब कुछ करेंगे। उस प्रक्रिया में, अगर चर्चा करने के लिए कुछ भी होगा, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। हमने जो भी किया है, नीति के जरिए किया है। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया है ताकि भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाया जा सके।

### अर्थव्यवस्था में गुजरात का योगदान 8.3%

अहमदाबाद। वित्त मंत्री ने कहा कि गुजरात जीडीपी में 8.3 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है जबकि इसकी आबादी पांच प्रतिशत है। गुजरात को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का फायदा मिल रहा है। अहमदाबाद में गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) द्वारा आयोजित विकसित भारत एट 2047 में वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति सरकार आशावान और प्रतिबद्ध है। 2014 में मोदी सरकार आने से पहले देश में मुद्रास्फीति दहाई अंक में थी और पूंजी का पलायन हो रहा था। मोदी सरकार ने निर्णायक सुधारों से अर्थव्यवस्था को नयी दिशा दी और सबके प्रयास से आज भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत है।

### एनर्जीज ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज किए पेश

**नई दिल्ली।** सोलर सेल बनाने वाली कंपनी प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। हैदराबाद स्थित कंपनी आईपीओ के तहत 1,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। प्रवर्तकों और निवेशकों की ओर से 2.82 करोड़ तक शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) होगी। कंपनी आईपीओ से पहले 300 करोड़ तक के शेयर बड़े निवेशकों को जारी कर सकती है। यदि ऐसा किया जाता है, तो निर्गम का आकार कम हो जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की परिचालन आय 1,428 करोड़ रुपये थी, जबकि बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर, 2023 तक यह आंकड़ा 2,017 करोड़ रुपये रहा।

# आभूषण निर्यात 12.17 % घटकर 2.65 लाख करोड़

मुंबई, एजेंसी

देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसा मुख्य रूप से अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों से उत्पन्न मंदी के कारण हुआ, जो इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसके अलावा, चीन में



● अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार से उद्योग प्रभावित

कोविड-19 के बाद सुधार की प्रक्रिया धीमी रहने से भी प्रभाव पड़ा। इस बीच, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 1,76,716.06 करोड़ रुपये था। कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 प्रतिशत घटकर 11,611.25 करोड़ रह गया, जो 2022-23 में 13,468.32 करोड़ रुपये था।

# जब दुनिया तनाव में है, भारत प्रगति कर रहा : सीआईआई

कोलकाता, एजेंसी

● भारत में सेवा और विनिर्माण, दोनों ही क्षेत्रों में बड़े अवसर है मौजूद

प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई के मनोनीत अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि भारत ऐसे वक्त में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त काफी दिलचस्प है। पुरी आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं। पुरी ने कहा कि सीआईआई के पास दशकों से बनी एक समृद्ध विरासत है। हम निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था और उद्योग के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे।



उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त भारत का है। देश में कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं, और वैश्विक कारक हमें आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। देश ऐसे समय में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव में है। पुरी ने कहा कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं और यहां प्रतिभा का बड़ा भंडार है। उन्होंने कहा कि जहां तक आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल परिवर्तन का सवाल है, दुनिया हमारी ओर देख रही है। भारत के पास जनसांख्यिकीय लाभांश भी है। सेवा और विनिर्माण, दोनों क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं।

### विश्व बैंक ने जी-20 अध्यक्ष के तौर पर भारत की प्रशंसा की

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान कई प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका की सराहना की। भारत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत ने 9-10 सितंबर तक नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रमुख मतभेदों को दूर करते हुए आम सहमति से 37 पेज के घोषणा पत्र को अपनाया और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के मौके पर बताया कि वैश्विक स्तर के लिए प्रासंगिक कई मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 में भारत की अध्यक्षता की सराहना हो रही है। मौजूदा लोकसभा चुनाव से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में शामिल नहीं हो रही हैं।

# देश की जीडीपी 3.7 लाख करोड़ डॉलर, 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ डॉलर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

● वर्तमान समय में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत

भारत के वर्ष 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था बनने की उम्मीद के बीच 10 वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद के बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने के अनुमान के मद्देनजर इस अवधि में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स द्वारा सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में सर्राफ एंड पार्टनर्स के संस्थापक एवं प्रबंध पार्टनर मोहित सर्राफ ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि अभी भारत का सकल घरेलू उत्पाद 3.7 लाख करोड़ डॉलर का है जो 10 वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है। इसको पाने के लिए 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। इस दिशा में काम जारी है लेकिन गति बनाए रखने की जरूरत है ताकि इसको हासिल कर सके। सोसायटी ऑफ इंडियल लॉ फर्म्स के अध्यक्ष डॉ. ललित भसीन ने कहा कि देश में बड़े पैमाने पर मामले लंबित है लेकिन इस मामलों को मध्यस्थता से निटपाया जा सकता है। अधिकांश मामलों में कहीं न कहीं सरकार आती है और सरकार नीतियों में खामिंयों की वजह से मामलों का निपटान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया जाना चाहिए लेकिन उनके स्थान पर तर्कसंगत कानून भी बनाये जाने की आवश्यकता है।

# विनेश, रीतिका और अंशु को ओलंपिक कोटा

बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी

## पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन



कोरियाई खिलाड़ी को हराने के बाद विनेश फोगाट। ● एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

वहीं, अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।

यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलायें सीमा बिस्ला, विनेश, अंशु और सोनम मलिक शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा। विनेश ने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा।अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश का सामना अलीरजा से



टोरंटो। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराकर खिताब जीतने की अपनी संभावनाएं पुख्ता करना चाहेंगे। सफेद मोहरों से गुकेश का यह आखिरी मैच होगा और अलीरजा इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।

गुकेश, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि 7.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। टूर्नामेंट का सबसे अहम मुकाबला नेपोम्नियाश्चि और नकामूरा के बीच होगा। नकामूरा ने लगातार तीन जीत दर्ज की है जबकि नेपाम्नियाश्चि अकेले खिलाड़ी हैं जो 12 मुकाबलों में अपराजेय रहे हैं। फेबियानो कारूआना भी जीत के दावेदारों में से हैं जिनके सात अंक है। उनका सामना भारत के आर प्रज्ञानानंदा से और आखिरी दौर में नेपोम्नयाश्चि से होगा। गुकेश को आखिरी दौर में नकामूरा से खेलना है।

# लड़कियों के खेलों को दें बढ़ावा : सचिन



रांची। चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लाएंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिए पहुंचे। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने कहा कि मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था । उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं । कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें । ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लाएंगे।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### स्वियातेक को हराकर रिबाकिना फाइनल में



स्टुटगार्ट (जर्मनी)। एलिना रिबाकिना ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग की इगा स्वियातेक को 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री फाइनल में जगह बनाई। रिबाकिना ने स्वियातेक की लगातार तीसरी ट्राफी जीतने की उम्मीद तोड़ दी। दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी रिबाकिना ने मैच के दौरान 10 ऐस जमाये जबकि 13 में से 11 ब्रेक प्वाइंट बचाए। रिबाकिना ने इस तरह दो घंटे 49 मिनट में जीत हासिल की। यह स्वियातेक के खिलाफ छह भिड़ंत में उनकी चौथी जीत है। अब फाइनल में रिबाकिना का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक और विम्बलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोयूसोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

### गार्बाइन मुगुरुजा ने टेनिस से लिया संन्यास

मैड्रिड। दो बार की मेजर चैंपियन गार्बाइन मुगुरुजा ने 30 साल की उम्र में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने यह फैसला लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहने के कारण लिया। वह जनवरी 2023 के बाद से टेनिस नहीं खेली हैं। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने शनिवार को मैड्रिड में कहा मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और अपनी जिंदगी में एक नया अध्याय खोलने का समय आ गया है। मुगुरुजा ने 2016 फ्रेंच ओपन फाइनल में सेरेना विलियम्स और 2017 विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था।

### कैस्पर रूड बार्सीलोना ओपन के फाइनल में

बार्सीलोना। कैस्पर रूड ने शनिवार को यहां बार्सीलोना ओपन में थॉमस मार्टिन ई को सीधे सेट में हराकर साल के अपने चौथे फाइनल में प्रवेश किया। छठी रैंकिंग के नार्वे के इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 7-6 (6), 6-4 से जीत हासिल की। रविवार को खिताब के लिए अब उनका सामना स्टेफानोस सिटसिपास और डुसान लाजोविच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। रूड ने क्वार्टरफाइनल में मात्तेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की।

### विश्व कप से युवाओं के लिए खुले रास्ते : नाइट



लंदन। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट की चाहत है कि साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 से पहले इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर टीम में चयन के लिए आगे आएं। नाइट ने घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्वकप के लिए अपना नाम दावेदारी में रखने के अवसरों का संकेत दिया है। इंग्लिश समर की शुरुआत 21 अप्रैल को 50 ओवर की राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के साथ होगी, जिससे घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्व कप टीम की योजनाओं में खुद को शामिल करने का मौका मिलेगा। ईसीबी की राष्ट्रीय टेप-बॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोलते हुए नाइट ने कहा कि अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो उनके लिये चयन के दरवाजे कभी बंद नहीं होंगे।

# हैदराबाद के तूफान में उड़ा दिल्ली

## हैदराबाद ने दिल्ली को 67 रनों से हराया, ट्रेविस ने 32 गेंदों में खेली 89 रनों की आतिशी पारी

नई दिल्ली, एजेंसी



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हैदराबाद के खिलाड़ी ● एजेंसी

**125** रन पहले पॉवर प्ले में ठोंक कर ट्रैविस हेड और अभिषेक ने आईपीएल और टी20 क्रिकेट के इतिहास में बनाया रिकॉर्ड

**46** रन महज 12 गेंदों में बनाकर अभिषेक शर्मा ने दिलाई मजबूत शुरुआत

**हैदराबाद 266/7** (20 ओवर, अतिरिक्त : 5)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड का स्टब्स बो कुलदीप | 89 | 32 | 11/6 |
| अभिषेक शर्मा का अक्षर बो कुलदीप | 46 | 12 | 2/6 |
| एडन मार्कराम का अक्षर बो कुलदीप | 1 | 3 | 0/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो अक्षर | 15 | 8 | 0/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का वार्नर बो कुलदीप | 37 | 27 | 2/2 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 59 | 29 | 2/5 |
| अब्दुल समद का नोर्किया बो मुकेश | 13 | 8 | 1/1 |
| पैट कमिंस रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

गेंदबाजी : खलील 3-0-51-0, ललित 2-0-41-0, नोर्किया 3-0-31-0, कुलदीप 4-0-55-4, मुकेश 4-0-57-1, अक्षर 4-0-29-1

सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 67 रन से शिकस्त दी। सनराइजर्स ने सात विकेट पर 266 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद दिल्ली को 19.1 ओवर में 199 रन पर आउट कर दिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर गुर्क ने 18 गेंद में 65 रन का योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए टी नटराजन ने चार विकेट लिए।




इससे पहले ट्रैविस हेड (32 गेंदो पर 89 रन) और अभिषेक शर्मा (12 गेंदो पर 46 रन) के बीच 131 रन की तूफानी शतकीय साझीदारी की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 35वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले खेलते हुए सात विकेट पर 266 रन बनाए।

अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीत कर पहले खेलते हुए हैदराबाद ने पारी की शुरुआत तूफानी अंदाज में की। हेड और शर्मा ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। इस साझीदारी को तोड़ने के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने अपने विश्वनीय गेंदबाज कुलदीप को गेंद थमायी और उन्होने अभिषेक का विकेट लेकर दिल्ली की धड़कनों को काबू कर लिया। अभिषेक ने मात्र 12 गेदों पर दो चौके और छह जानदार छक्के जड़े। कुलदीप ने अपने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर नए बल्लेबाज एडन मारक्रम (1) को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। लगातार दो विकेट गिरने से हैदराबाद के तेवर नरम पड़ गए और इस बीच शतक की ओर बढ़ रहे ट्रेविस हेड भी कुलदीप के अगले ओवर में उनका तीसरा शिकार बने जब ऑफ स्टांप से बाहर जा रही गेंद को पुल करने के प्रयास में लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर ट्रिस्टन स्टब्स ने आगे की ओर डाइव लगाकर उनका शानदार कैच लपक लिया। पारी के दसवें ओवर में अक्षर पटेल ने क्लासन (15) को क्लीन बोल्ड आउट कर रनो की रफ्तार को पूरी तरह काबू में कर लिया।

## चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी : फ्लेमिंग



लखनऊ। महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के 'दिल की धड़कन' बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता।

42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा कि यह प्रेरणास्पद है ना, अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उब रने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं। इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है।

## मनु का दमदार प्रदर्शन, अनीश ने दर्ज की अप्रत्याशित जीत

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपियन और महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल टी1 (ओएसटी टी1) प्राप्त करने के लिए, विश्व रिकॉर्ड से छह अंक अधिक अंक हासिल करते हुए चार प्रतिद्वंदी महिलाओं को शनिवार को डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में धूल चटा दी। बाद में अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी1 में अपेक्षित विनियमन जीत हासिल की।

डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 राइफल/पिस्टल के पहले दिन प्रतियोगिता के अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में मनु शीर्ष पर रहीं, जबकि भावेश शेखावत ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# सूर्या की मदद करने के लिए डेविड, पोलार्ड पर जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मैच का एक वीडियो वायरल होने के कारण खड़े हुए विवाद के बाद लगाया गया है। इस वीडियो में दिख रहा था कि पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कथित रूप से बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिव्यू लेने के लिए कह रहे थे जो आईपीएल की आचार संहिता के खिलाफ है।



आईपीएल ने कहा कि डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। दोनों ने उल्लंघन स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी द्वारा लगाया जुर्माना स्वीकार कर लिया है। मुंबई इंडियंस की पारी के 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी जो लाइन के बहुत करीब थी। उन्होंने इस पर शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन मैदानी अंपायर ने इसे वैध गेंद माना, लेकिन टीवी कैमरों में दिखाया गया कि मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर सूर्यकुमार को इशारा कर रहे थे कि यह गेंद वाइड है।

### धीमी ओवरगति पर राहुल-ऋतुराज की फीस कटी

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 12-12 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल पर जुर्माना लगाया। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज पर भी धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया है।

## बॉलीवुड हलचल

### सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज, हो गया है। इस फिल्म मे दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा है, मेरी हीरो...रील में भी और रियल में भी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण। दीपिका पादुकोण को इस पोस्टर में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है। उनकी आंखों पर चश्मा है और सिंघम वाला पोज है।

### अरमान के रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' में मेहमान बने कैलम स्कॉट



मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने गायक-गीतकार अरमान मलिक ने अपने रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' के दूसरे एपिसोड में अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट के साथ बातचीत की। अपनी असाधारण संगीत प्रतिभा के लिए मशहूर, गायक-गीतकार अरमान मलिक एप्पल म्यूजिक पर अपना रेडियो डेब्यू करने वाले पहले भारतीय कलाकार बन गए हैं। उनके शो 'ओनली जस्ट बिगन' में संगीतकार सलीम मर्चेंट पहले अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसे दुनिया भर के प्रशंसकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। दूसरे एपिसोड में, अरमान मलिक के साथ अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट शामिल हुए, जिनके साथ उन्होंने अपने नए सिंगल 'ऑलवेज' के लिए सहयोग किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कलाकार, कैलम स्कॉट 'यू आर द रीजन', 'डांसिंग ऑन माई ओन', 'एट योर वर्स्ट' और अन्य हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। अरमान मलिक के साथ उनका नवीनतम गाना एक प्रेम गीत है जिसमें दोनों ने पियानो और ऑर्केस्ट्रा के साथ गायन किया है। रेडियो शो के बारे में बात करते हुए, अरमान मलिक ने कैलम स्कॉट के साथ दिल को छू लेने वाली बातचीत से शुरुआत की और उनसे भारत और मुंबई में उनके अनुभव के बारे में पूछा।

# अब हारी तो पिछड़ जाएगी आरसीबी

कोलकाता, एजेंसी

हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे।

आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिए काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था कि गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आ गया है। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाए हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है।



### आज के मुकाबले

आरसीबी बनाम केकेआर
समय : दोपहर 3:30 बजे

पंजाब किंग्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय : शाम 7:30 बजे

### जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी गुजरात

मुल्लांपुर। लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिये थे लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है। पंजाब को प्रभावी कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है और उनका रविवार के मैच में भी खेल पाना निश्चित नहीं है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# कंगाल पाकिस्तान ने आईएमएफ के सामने फैलाए हाथ

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के दौरे पर है।

### 3 बिलियन डॉलर का समझौता अप्रैल के अंत में होगा पूरा



आईएमएफ के साथ पाकिस्तान का मौजूदा 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता अप्रैल के अंत में पूरा हो रहा है। वहां की सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता को स्थायी बनाए रखने में मदद के लिए एक लंबा और बड़ा ऋण मांग रही है, जिससे देश बहुत जरूरी संरचनात्मक सुधारों को लागू कर सके। वहीं, आईएमएफ ने कहा है कि नए ऋण पैकेज के लिए बातचीत हो रही है वह अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और सुधारों को प्राथमिकता देने के लिए नाकाफी है।

हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर आईएमएफ ने मध्य पूर्व और मध्य एशिया के लिए जारी अपने नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक (आरईओ) में कहा कि नकदी की कमी वाले देश (पाकिस्तान) के बाहरी बफर खराब हो गए हैं। यह चिंता खासकर ज्यादातर यूरोबॉन्ड के पुनर्भुगतान और ऋण सेवाओं के बारे में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जहां महंगाई का दबाव बना रहता है, खासकर मिस्र, कजाखस्तान, पाकिस्तान, ट्यूनिशिया और उज्बेकिस्तान, वहां मौद्रिक नीति को कड़ा रहना चाहिए और मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत अधिक पलट की ना जाए उसके जोखिम पर भी बारीकी से निगरानी करते हुए डेटा पर निर्भर रहना चाहिए।

2023 में गिरावट के बाद, पाकिस्तान की विकास दर में 2024 में 2 प्रतिशत तक सुधार होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि कृषि और कपड़ा क्षेत्रों में सकारात्मक बदलावों से आने की अपेक्षा की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान वित्त मंत्री औरंगजेब ने वाशिंगटन में विश्व बैंक को बताया कि प्रमुख क्षेत्रों में सुधार एजेंडा के पूरी तरह लागू होने के साथ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के 2047 तक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

# रोजगार के मोर्चे में राहत, फरवरी में ईपीएफओ से जुड़े 15.48 लाख सदस्य

*लोकसभा चुनाव 2024 के बीच रोजगार के मोर्चे पर सरकार के लिए राहत भरी खबर आई है। शनिवार 20 अप्रैल को जारी ईपीएफओ के प्रोविजनल पेरोल डेटा के मुताबिक फरवरी, 2024 में ईपीएफओ में 15.48 लाख सदस्य जुड़े हैं। डाटा के मुताबिक फरवरी के महीने में ईपीएफओ में 7.78 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। डेटा का एक उल्लेखनीय पहलू ये है कि इसमें 18-25 उम्र के युवाओं का दबदबा रहा है, जो कुल नए सदस्यों का महत्वपूर्ण 56.36 फीसदी है।*

### सदस्यों में ज्यादातर युवा जुड़े

ईपीएफओ के डाटा से पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा हैं। इसमें मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल डाटा ये भी दर्शाता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए हैं। दरअसल इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली थी और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले ऑर्गनाइजेशन में फिर से शामिल हो गए। इन्होंने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपने जमा किए पैसों को ट्रांसफर करने का विकल्प चुना है। इससे दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा हुई और उनकी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हुआ।




### पिछले साल की तुलना में हुई बढ़ोतरी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से नवंबर, 2023 में लगभग 13.95 लाख लोग जुड़े हैं। इनमें से 7.36 लाख लोग युवा हैं। ईपीएफओ के आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अधिक है। ईपीएफओ आंकड़ों के अनुसार, नवंबर, 2023 के दौरान लगभग 7.36 लाख नए सदस्यों ने नामांकन किया है। नए शामिल हुए सदस्यों में 18-25 वर्ष के युवाओं का आंकड़ा सबसे ज्यादा 57.30 फीसदी है।

### 2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं शामिल

पेरोल डेटा का विश्लेषण से पता चलता है कि 7.78 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं। इसके अलावा, फरवरी महीने के दौरान कुल महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही है। उद्योग-वार डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि मासिक आधार पर उद्योगों में लगे प्रतिष्ठानों जैसे कंप्यूटर के निर्माण, मार्केटिंग सर्विसिंग और उपयोग में लगे प्रतिष्ठान, सड़क मोटर परिवहन, ऑटोमोबाइल सर्विसिंग, कपड़ा आदि में कारोबार करने वाली कंपनियों से सबसे ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। ईपीएफओ के डाटा के मुताबिक कुल शुद्ध सदस्यों में से, लगभग 41.53 फीसदी अतिरिक्त विशेषज्ञ सेवाओं (मैनपावर सप्लायर्स, सामान्य ठेकेदारों, सुरक्षा सेवाओं, विविध गतिविधियों आदि) से हैं।

## एक नजर



### यरूशलम में ईश्वर को लिखी सैकड़ों चिट्ठियां, ताकि जंग बंद हो

**तेल अवीव।** यरूशलम के अल अक्सा मस्जिद की पश्चिमी दीवार यहूदियों का पवित्र धार्मिक स्थान है। पश्चिमी दीवार को यहूदियों के पवित्र टेंपल माउंट का हिस्सा माना जाता है। यहां इस्लाम और ईसाई धर्म के पवित्र धार्मिक स्थल हैं। यहां लोगों ने जंग बंद करने के लिए ईश्वर को चिट्ठियां लिखी हैं।

### ट्रंप की सुनवाई के दौरान कोर्ट के बाहर आत्मदाह वाले युवक की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर खुद को आग लगाने वाले युवक की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने कहा कि अस्पताल उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्ट पॉन्ड पार्क इलाके में पहुंचे व्यक्ति के पास कुछ पर्चे थे। व्यक्ति ने ये पर्चे इधर-उधर फेंके और फिर खुद को आग लगा ली। पुलिस ने कहा कि कुछ दिन पहले फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क आए व्यक्ति ने पार्क में घुसने के लिए सुरक्षा चौकियों पर कोई सेंधमारी नहीं की थी।

### मणिपुर में मतदान केंद्रों पर गोलीबारी के मामले में 3 गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले में एक मतदान केंद्र के पास गोलीबारी की घटना में शामिल होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्ति इंफाल पूर्वी जिले के मोइरंगकम्पु साजेब में गोलीबारी की घटना में शामिल थे। इस घटना में शुक्रवार को एक व्यक्ति घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी गोलीबारी करने के बाद चार पहिया वाहन से मौके से फरार हो गए थे और उन्हें घटनास्थल से पांच किलोमीटर से भी कम दूरी पर शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पंजाब के फाजिल्का में सवा दो किलोग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के फाजिल्का जिले से दो किलो 220 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। बीएसएफ जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सैनिकों ने 2.220 किलोग्राम हेरोइन सफलतापूर्वक बरामद की है।

# विश्व में तीसरे युद्ध की आहट, अब इराक पर ड्रोन से हमला, दो सैन्य अड्डे तबाह

## अमेरिका और इजराइल का हमले से इनकार, तीन लोग घायल

**बगदाद, एजेंसी**

इराक के सैन्य अड्डों पर जबरदस्त हवाई हमले हुए हैं। ये हमले बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में आधी रात को एक अज्ञात विमान द्वारा किए गए, जिसमें दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी हुई है। हवाई हमले ड्रोन के जरिए किए गए और दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) की ओर से इस्तेमाल किए गए सैन्य अड्डे पर हुए हैं। इन हमलों में तीन लोग घायल भी हुए हैं, जबकि घटनास्थल तबाह हो गया है।

इराकी अर्धसैनिक हश्द शाबी बल बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में ये हमला हुआ। हमले में दों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें में एक हश्द शाबी बलों का गोला-बारूद का गोदाम तबाह हो गया और दूसरा हमला टैंक मुख्यालय पर हुआ। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से सूत्र ने कहा कि बगदाद से लगभग 30 किमी दक्षिण-पूर्व में मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में पुख्ता जानकारी अभी नहीं है।

इराक पर हमले को लेकर अमेरिका और इजराइल दोनों ने इनकार किया है। दोनों देशों ने कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। इससे पहले अमेरिका ने ही ऐन-अल-असद हवाई अड्डे पर एक हमले को नाकाम किया था। यहां अमेरिका और अन्य देशों के सैन्य बल मौजूद हैं।

### सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जा रही है जांचः इराक की सुरक्षा समिति

बगदाद के दक्षिण में बेबीलोन गवर्नरेट में सुरक्षा समिति के सदस्य मुहन्नाद अल-अनाजी के अनुसार, विस्फोट विशेष रूप से पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स (पीएमयू) से संबंधित एक जगह पर हुए।



बेबीलोन गवर्नरेट के उत्तर में राजमार्ग पर अल-मशरौ जिले के कलसू सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जांच चल रही है। ईरान को संदेह है कि यह धमाके कहीं न कहीं इस्राइल की साजिश है। हालांकि, इजराइल और अमेरिका के अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीएमयू एक इराकी अर्धसैनिक समूह है जो ज्यादातर शिया ईरान द्वारा समर्थित है। पीएमयू स्थानीय प्रशासन से संबद्ध है और ईरान में शिया के साथ मजबूत संबंध हैं जो लंबे समय से इराकी राजनीति पर हावी है। बता दें, ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इजराइल पर लगाया था।

# टेस्ला के मालिक मस्क ने रद किया भारत दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा टाल दिया है। बताया गया है कि मस्क ने खुद इस दौरे को कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया। बता दें कि मस्क सोमवार को ही भारत आकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से यात्रा टाल दी।

मस्क ने इसे लेकर एक्स पर अपने हैंडल से पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे टेस्ला के प्रति जिम्मेदारी के चलते भारत दौरा टालना पड़ रहा है। लेकिन मैं इस साल ही भारत आने का मौका देख रहा हूं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने मस्क के दौरे के टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है।

### दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली इसलिए भारत दौरा रद कर दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित करने को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार पर कटाक्ष किया और लोकसभा चुनाव का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए दावा किया कि इस अमेरिकी अरबपति ने भी दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है। मस्क ने शनिवार को कहा कि उनकी भारत यात्रा कंपनी संबंधी भारी दायित्वों के कारण टाल दी गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में लिखा मस्क एक निवर्तमान प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) से मिलने के लिए भारत आ रहे थे। उन्होंने भी अब दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है और अपनी यात्रा स्थगित करने का फैसला किया है।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने वाली संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

- चीन की तीन समेत चार कंपनियां खतरनाक हथियार बनाने में कर रही थीं मदद

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका ने लंबी दूरी और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए तकनीकी चीजों की आपूर्ति करने वाली चीनी और बेलारूस की कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, चीन की तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड और बेलारूस की मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट समेत चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। ये कंपनियां उन गतिविधियों में लीन थी, जिससे खतरनाक हथियारों को बनाने में मदद मिल रही थी। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा मिसाइल बनाने में ये कंपनियां मदद कर रही थी। मिलर ने कहा कि अमेरिका कोई भी गलत कदम को रोकने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। बता दें कि चीन हमेशा से पाकिस्तान का सहयोगी रहा है और इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों को उपलब्ध कराता रहा है। इनमें से एक कंपनी मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट ने पाकिस्तान के लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए विशेष वाहन चेसिस की आपूर्ति की। विदेश विभाग की फैक्टशीट के अनुसार, ऐसी चेसिस का उपयोग पाकिस्तान के एनडीसी द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए लॉन्च सपोर्ट उपकरण के रूप में किया जाता है, जो एमटीसीआर बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास के लिए जिम्मेदार है।

# दोषियों को दी गई जमानत के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंची सौम्या की मां

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- दिल्ली हाई कोर्ट ने उम्र कैद के सजा पाए चारों को 12 फरवरी को दी थी जमानत

पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को दी गई जमानत के खिलाफ माधवी विश्वनाथन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की शीर्ष अदालत की पीठ सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 फरवरी को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को निलंबित कर दिया और दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित होने तक सभी को जमानत दे दी। दोषियों को राहत देते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि वे 14 साल से हिरासत में हैं। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चारों दोषियों द्वारा दायर अपील पर जवाब देने को कहा था। कपूर, शुक्ला और मलिक को 2009 के जिगिशा घोष हत्याकांड में भी दोषी ठहराया गया था और वे अब भी जेल में हैं। बता दें, सौम्या की 30 सितंबर 2008 को दक्षिणी दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या तब हुई, जब वह आफिस से घर लौट रही थीं।

### माउंट रुआंग ज्वालामुखी फटा



**जकार्ता :** उत्तरी इंडोनेशिया के सुलावेसी में माउंट रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट के चलते सुनामी की चेतावनी और सर्वोच्च लेवल-4 का अलर्ट जारी किया गया। राख आसमान में 3 किमी तक फैल गई। मानाडो के सेम रातुलांगी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा है। इससे हजारों विदेशी यात्री फंस गए हैं। 1100 किमी दूर मलेशिया के किनाबालू एयरपोर्ट की उड़ाने भी बाधित हुई है। • एजेंसी

## ताइवान की हवाई सीमा में चीन की घुसपैठ, कई क्षेत्रों में घुसे लड़ाकू विमान और ड्रोन

**ताइपे, एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच नए युद्ध को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच खबर है कि चीन ने ताइवान की हवाई सीमा में घुसपैठ की है। ताइवान की एक न्यूज एजेंसी का कहना है कि उसके हवाई क्षेत्र में चीन द्वारा लड़ाकू विमानों और ड्रोन की सहायता से घुसपैठ की गई है। इनमें चीन के जे-16 लड़ाकू विमान, शानक्सी वाई-8 विमान और ड्रोन सहित 21 चीनी सैन्य विमान शामिल हैं। इनमें से 17 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य या उसके विस्तार की मध्य रेखा को पार कर लिया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट की गई है। इसमें बताया गया है कि ताइवान के क्षेत्र में चीन के जे-16, वाई-8 विमान और ड्रोन समेत पीपल्स लिबरेशन आर्मी के 21 विमानों द्वारा घुसपैठ की गई है। इनमें से 17 विमानों ने मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों में गश्त की।

# उ. कोरिया ने सबसे खतरनाक क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल, एजेंसी**



अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने फिर हथियारों का परीक्षण किया है। उसने पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र से एक सुपर-लार्ज क्रूज मिसाइल वारहेड और एक नई एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का परीक्षण किया।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा किसी भी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद उत्तर कोरिया अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने में जुटा है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया के अनुसार, रणनीतिक क्रूज मिसाइल ह्वासल-1 आरए-3 के लिए तैयार वारहेड और प्योलज्जी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने इससे पहले दो फरवरी को ऐसे ही परीक्षण किए थे, लेकिन उस समय क्रूज मिसाइल या विमान रोधी मिसाइलों के नाम नहीं बताए गए थे। केसीएनए ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण उत्तर कोरिया की नियमित सैन्य प्रगति गतिविधियों के तहत थे और आसपास की स्थिति से इसका कोई लेनादेना नहीं है।

**सर्वेक्षण** न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल ने किया सर्वे, दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी थी राष्ट्रपति की लोकप्रियता

# बाइडन की लोकप्रियता में इजाफा, ट्रंप से 1% ही पीछे

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल के सर्वे के मुताबिक बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में अंतर घटकर एक फीसदी रह गया है। जो दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी था।

लोगों से पूछा गया था कि राष्ट्रपति चुनाव आज हों तो आप किसे वोट देंगे? फरवरी में 48 फीसदी लोग ट्रंप के साथ और 43 फीसदी लोगों ने बाइडन का समर्थन किया था। लेकिन अब दोनों नेताओं में लोकप्रियता को लेकर मात्र एक फीसदी की अतंर रह गया है। बता दें इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दोनों नेता एक बार फिर आमने-सामने नजर आ सकते हैं। हालिया हुए सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई।

जबकि, बाइडन केवल विस्कन्सिन राज्य में मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके। राष्ट्रपति बाइडन के विरुद्ध सभी राज्यों में पद के प्रदर्शन को लेकर 16 प्रतिशत नकारात्मक दृष्टिकोण रहा, जबकि चार राज्यों में यह 20 प्रतिशत तक देखा गया।

अगर ट्रंप की बात करें तो जब वह राष्ट्रपति थे तो केवल एरिजोना राज्य में उनके विरुद्ध नकारात्मक दृष्टकोण था। हालांकि, चुनाव को लेकर सभी राष्ट्रीय सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाली रीयल क्लीयर पालिटिक्स के अनुसार, 2020 की तरह इस वर्ष के चुनाव में भी ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत के अनुसार ट्रंप राष्ट्रपति बाइडन से 0.8 प्रतिशत से आगे हैं।

### बाइडन को वोट देने वाले डेमोक्रेट वोटर्स में लोकप्रियता बढ़ी



- राष्ट्रपति बाइडन लोकप्रिय होने के साथ डेमोक्रेट वोटर्स में भी ज्यादा पॉपुलर हुए हैं।
- 2020 में बाइडन को वोट देने वाले 89 फीसदी डेमोक्रेट्स का कहना है कि आज वोटिंग हो तो वे बाइडन को वोट देंगे, फरवरी में यह आंकड़ा 83 फीसदी ही था, जो अब 6 फीसदी बढ़ा है।
- ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी में समर्थकों में लोकप्रियता घटी है। फरवरी में 97 फीसदी रिपब्लिकन साथ थे, जो अब 3 फीसदी घटकर 94 फीसदी बचे हैं।

# अपराधों की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची सीबीआई

**कोलकाता, एजेंसी**




सीबीआई टीम महिलाओं के खिलाफ कथित अपराधों और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच के लिए शनिवार को पश्चिम बंगाल के जिले के संदेशखालि पहुंची। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, संदेशखालि के सुंदरीखालि इलाके में पीड़ितों के घर पहुंचे कर उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की, उनके आरोपों के बारे जानकारी हासिल की है।

अधिकारी ने कहा कि टीम ने संदेशखाली थाने और जांच के संबंध में स्थानीय पुलिसकर्मियों से बात की है। उन्होंने बताया कि, हम महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के संबंध में ग्रामीणों से बात करने के लिए संदेशखालि में हैं। हम उनके आरोपों को लिख रहे हैं।'' कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की पिछले सप्ताह सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। संदेशखालि में इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। अदालत ने सीबीआई को आरोपों की जांच करने और एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पांच जनवरी को कथित राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखालि पहुंचे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ ने हमला कर दिया था।